नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009
वर्ष : 13
अंक : 32
सोमवार, 11 से 17 सितम्बर 2023
मूल्य : 5 रू प्रति
रू 250 वार्षिक

गांवों के हितों के लिए एलजी व सीएम आवास के पास पालम... 03
घोर संक्रमणकाल से गुजरता भारतीय मीडिया 08

# NCR समाचार

भारत ने 23 साल बाद लिया श्रीलंका से बदला, सिराज ने किया लंका दहन 10
सावधान कैल्शियम की कमी खतरनाक 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

अपने बयान को लेकर ट्रोल हुई सुहाना खान 12

## एक नजर

### 'पीएम विश्वकर्मा' योजना एक चुनावी जुमला : कांग्रेस

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को चुनावी जुमला करार देते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावों को देखते हुए ऐसे कदम उठा रहे हैं, लेकिन जातिगत जनगणना पर कुछ नहीं बोल रहे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जनता दोबारा बेवकूफ नहीं बनेगी और प्रधानमंत्री की रिटायरमेंट का समय आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरूआत की। इससे पहले उन्होंने इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21 से सेक्टर 25 तक के विस्तार का भी उद्घाटन किया।

'पीएम विश्वकर्मा' योजना का उद्देश्य न केवल देशभर के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से समर्थन देना है, बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति तथा विविध विरासत को जीवित और समृद्ध रखना भी है। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' में 18 पारंपरिक शिल्पक-कलाओं को शामिल किया गया है। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, नोटबंदी, गलत जीएसटी और उसके बाद कोविड-19 के दौरान अचानक लगाया गया लॉकडाउन भारत में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए सबसे ज्यादा विनाशकारी रहा है।

### तेलंगाना के स्कूलों में 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना'

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना सरकार ने दशहरा उत्सव के उपहार के रूप में 24 अक्टूबर से सरकारी प्राथमिक और उच्च विद्यालयों (कक्षा एक से 10 तक) के विद्यार्थियों के लिए ह्यमुख्यमंत्री नाश्ता योजना' की घोषणा की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। इस योजना पर सरकार को 400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की सरकार ने विद्यार्थियों के कल्याण के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ-साथ अच्छा, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। सरकार गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई पर एकाग्रता बढ़ाने पर भी ध्यान दे रही है। राज्य सरकार ने बिना किसी खर्च के हाई स्कूल के विद्यार्थियों को भी नाश्ता उपलब्ध कराने का फैसला किया।

### जेट एयरवेज के निवेशक फ्लोरियन फ्रिट्च की संदिग्ध धोखाधड़ी के लिए जांच

**नई दिल्ली।** लिकटेंस्टीन अदालत के एक आदेश ने भारत के जेट एयरवेज को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से निवेशकों में से एक से जुड़े धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कर रहे अभियोजकों द्वारा जब्त की गई वस्तुओं में लक्जरी कारों और घड़ियों की एक बड़ी संख्या का खुलासा किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित जून के फैसले के अनुसार, लिकटेंस्टीन में सर्वोच्च न्यायालय ने संपत्ति को मुक्त करने की अपील को खारिज कर दिया, इसमें सात पोर्श कारें, पांच रोलेक्स "बॉक्स" और 214,000 डॉलर मूल्य की क्लासिक कार सिम्युलेटर शामिल है। ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड के बीच स्थित छोटी सी रियासत में अभियोजकों द्वारा संदिग्ध धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फ्लोरियन फ्रिट्च की जांच की जा रही है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने ईमेल और संदेश का जवाब नहीं दिया।

# 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरूआत

## प्रधानमंत्री बोले-सबको सम्मान का जीवन देना 'मोदी की गारंटी'

प्रधानमंत्री बोले-सबको सम्मान का जीवन देना 'मोदी की गारंटी'

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरूआत की और इसके तहत कारीगरों व शिल्पकारों को तीन लाख रुपये तक कर्ज उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि सबको सम्मान का जीवन देना तथा सभी को सुविधा पहुंचाना 'मोदी की गारंटी' है।

यहां नवनिर्मित इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' में देशभर के कारीगरों व शिल्पकारों को प्रधानमंत्री ने 'विश्वकर्मा' कहकर संबोधित किया और कहा कि जैसे शरीर में रीढ़ की हड्डी की भूमिका होती है वैसे ही 'विश्वकर्मा' लोगों की समाज के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उन्होंने कहा, उनके बगैर रोजमर्रा की जिंदगी की कल्पना भी मुश्किल है। यह योजना उन लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के लिए आशा की किरण है जो हाथों और औजारों से काम करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोहार हो या दर्जी या कोई अन्य कारीगर, इनकी अहमियत कभी खत्म नहीं होने वाली है। उन्होंने कहा कि दुनिया कितनी भी आगे बढ़ जाए और प्रौद्योगिकी कहीं भी पहुंच जाए लेकिन इनकी भूमिका हमेशा बरकरार रहेगी क्योंकि फ्रिज के जमाने में भी लोग सुराही का पानी पीना पसंद करते हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए आज समय की मांग है कि इन विश्वकर्मा साथियों को पहचाना जाए और उन्हें हर तरीके से समर्थन दिया जाए। हमारी सरकार अपने विश्वकर्मा भाई-बहनों को उनका सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि बढ़ाने के लिए एक सहयोगी बनकर आई है।




इस योजना के अंतर्गत 18 विभिन्नक क्षेत्रों में काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों पर विशेष ध्योन दिया गया है। सरकार 'पीएम विश्वकर्म' योजना पर अभी 13,000 करोड़ रुपये खर्च करने वाली है।

मोदी ने कहा, जब बैंक आपसे गारंटी नहीं मांगता है तो आपकी गारंटी मोदी देता है। बिना गारंटी मांगे तीन लाख रुपये तक का आपको कर्ज मिलेगा और यह भी सुनिश्चित किया गया है कि इस कर्ज का ब्याज बहुत ही कम रहे।

उन्होंने कहा कि आज देश में एक ऐसी सरकार है जो वंचितों को वरीयता देती है और 'एक जिला, एक उत्पाद' योजना के तहत हर जिले के विशेष उत्पादों को बढ़ावा दे रही है।

मोदी ने कहा, हमारी सरकार ने ही पहली बार रेहड़ी-पटरी वालों को पीएम सम्मान निधि के साथ मदद की है। आजादी के बाद पहली बार बंजारा और घुमंतू जनजातियों की परवाह की गई है।

उन्होंने कहा, जिसे कोई नहीं पूछता, गरीब का यह बेटा मोदी उसका सेवक बनकर आया है। सबको सम्मान का जीवन देना, सभी तक सुविधा पहुंचाना यह मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन में आए विश्व के नेताओं को 'विश्वकर्मा' लोगों के हाथों से बने सामान भेंट किए गए जो कि स्थानीय सामान को बढ़ावा देने के सरकार के संकल्प को दशार्ता है।

उन्होंने देशावासियों से अपील करते हुए कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' के प्रति समर्पण सभी का, पूरे देश का दायित्व है।

उन्होंने कहा, लोकल के लिए वोकल बनना पड़ेगा और फिर लोकल को ग्लोबल करना पड़ेगा। अब अनेक त्योहार आने वाले हैं। मैं सभी देशवासियों से लोकल खरीदने का आग्रह करूंगा। प्रधानमंत्री ने इससे पहले इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर 'यशोभूमि' के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन पर द्वारका सेक्टर 21 से सेक्टर 25 तक के विस्तार का भी उद्घाटन किया। उन्होंने 'यशोभूमि' को देश के प्रत्येसक श्रमिक और प्रत्येरक विश्वकर्मा को समर्पित किया तथा कहा कि विश्वकर्मा हजारों वर्षों से भारत की समृद्धि के मूल में रहे हैं।

उन्होंने कहा, प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी और उपकरण हमारे कारीगरों के लिए महत्वपूर्ण हैं।

'पीएम विश्वकर्मा' योजना का उद्देश्य न केवल देशभर के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से समर्थन देना है, बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति तथा विविध विरासत को जीवित और समृद्ध रखना भी है। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' में 18 पारंपरिक शिल्पउ-कलाओं को शामिल किया गया है।

केंद्र सरकार ने 'पीएम विश्वकर्मा' योजना को शुरू करने की घोषणा केंद्रीय बजट 2023-24 में की थी। इस योजना के लिए वित्त वर्ष 2023-24 से वित्त वर्ष 2027-28 तक वित्तीय परिव्यय 13,000 करोड़ रुपये रखा गया है।

इसके तहत, 'विश्वकर्मा' (कारीगरों व शिल्पकारों) को बायोमेट्रिक आधारित 'पीएम विश्वकर्मा पोर्टल' का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क पंजीकृत किया जाएगा।

उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी और कौशल उन्नयन के लिए बुनियादी तथा उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

यशोभूमि पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने इस केंद्र का मुआयना भी किया। 'यशोभूमि' में विश्वकस्त रीय बैठक, सम्मेलन और प्रदर्शनियों की मेजबानी की जा सकेगी।

### कारीगरों के लिए उम्मीद की किरण की तरह है विश्वकर्मा योजना

विश्वकर्मा योजना के लॉन्च के बाद पीएम मोदी ने कहा, "भगवान विश्वकर्मा के आशीर्वाद से आज प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का आरंभ हो रहा है। हाथ के हुनर से, औजारों से, परंपरागत रूप से काम करने वाले लाखों कारीगरों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना उम्मीद की एक नई किरण बनकर आ रही है। इसके साथ ही देश को इंटरनेशनल एग्जीबिशन सेंटर 'यशोभूमि' भी मिला है।"

### 'भारत की श्रेष्ठता का प्रतीक बनेगा यशोभूमि'

पीएम ने यशोभूमि के उद्घाटन को लेकर कहा, "कुछ दिन पहले हमने देखा कि कैसे भारत मंडपम को लेकर दुनिया भर में चर्चा हुई है। ये इंटरनेशनल एक्जीबिशन सेंटर-यशोभूमि इस परंपरा को और भव्यता से आगे बढ़ा रहा है। मुझे विश्वास है कि भारत मंडपम हो या यशोभूमि ये भारत की भव्यता और भारत की श्रेष्ठता का प्रतीक बनेंगे...भारत अब रूकने वाला नहीं है। हमें चलता रहना है। नए लक्ष्य बनाते रहना है और उन्हें पाकर ही चैन से बैठना है।"

# सर्वदलीय बैठक : क्षेत्रीय दलों ने महिला आरक्षण विधेयक लाने पर जोर दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले रविवार को सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान बीजू जनता दल (बीजद) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) समेत कई क्षेत्रीय दलों ने महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पेश करने पर जोर दिया।

सर्वदलीय बैठक में शामिल होने संसद भवन परिसर पहुंचे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी सर्वदलीय बैठक के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक संघर्ष और मणिपुर की स्थिति जैसे मुद्दे उठाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में सदन के उपनेता एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, राज्यसभा में सदन के नेता और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। बीजद और बीआरएस नेताओं ने कहा कि वे पांच



दिवसीय सत्र में महिला आरक्षण विधेयक को पेश करने और पारित कराने पर जोर देंगे।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) नेता एच.डी. देवेगौड़ा, द्रमुक सांसद कनिमोझी, तेदेपा के राम मोहन नायडू, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, बीजद के सस्मित पात्रा, बीआरएस नेता के. केशव राव, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के वी. विजयसाई रेड्डी, राजद के मनोज झा, जदयू के अनिल हेगड़े और समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने बैठक में हिस्सा लिया।

### विपक्ष को संसद सत्र के एजेन्डे के बारे में अंधेरे में रखा जा रहा है : विपक्ष

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों ने सरकार पर संसद के सोमवार से शुरू होने वाले विशेष सत्र के एजेन्डे के बारे में जानकारी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्ष को अंधेरे में रखा जा रहा है। विशेष सत्र की पूर्व संध्या पर संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा रविवार को यहां बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक के बाद विपक्ष के नेताओं ने कहा कि सरकार सत्र के एजेन्डे के बारे में सही जानकारी नहीं दे रही है और उसकी कथनी तथा करनी में फर्क है। उधर सरकार की ओर से कहा गया है कि विपक्षी दलों को सत्र के बारे में जानकारी दे दी गयी है और उसे उम्मीद है कि विपक्षी दल सत्र के सुचारू संचालन में सहयाग करेंगे। बैठक में अनेक विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक पास कराये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह विधेयक काफी समय से लंबित है और लोकसभा चुनाव से पहले इसे पारित करने का उचित समय है।



# रक्षा मंत्री ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के हर कोने तक सैनिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना के तहत सरकार ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दे दी है।

छठी कक्षा से शुरू होने वाले ये सैनिक स्कूल गैर-सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी क्रमबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इन स्कूलों को 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की सरकार की पहल के तहत मंजूरी दी गई है। इस पहल के तहत सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा नए सैनिक स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 23 नए स्कूलों को खोलने की मंजूरी दी है। इस पहल से सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में साझेदारी मोड के तहत खुलने वाले नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं।

नए सैनिक स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कैरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को, युवाओं को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी देता है। नए 23 सैनिक स्कूलों की प्रदेश वार सूची सैनिक स्कूल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नए सैनिक स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्धता के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और सोसायटी द्वारा निर्धारित साझेदारी मोड में नए सैनिक स्कूलों के लिए नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। वे अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा भी प्रदान करेंगे।

# मोदी सरकार बिगाड़ रही है सर्वधर्म समभाव: खरगे

**हैदराबाद, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर और नूंह (हरियाणा) जैसी जातीय और साम्पदायिक हिंसा की घटनाओं को लेकर मोदी सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तीखी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि ऐसी घटनाएं देश पर धब्बा हैं और सर्वधर्म समभाव को बिगाड़ती हैं।

श्री खरगे ने यहां नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की पहली बैठक में 2021 की जनगणना के साथ जातीय जनगणना कराने की मांग की। उन्होंने संसद के विशेष सत्र के एजेंडे का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार की मंशा चुनाव आयोग पर सरकार का पूरा नियंत्रण स्थापित करने की है, विपक्ष को इसको लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार के समय विषमता और बेरोजगारी बढ़ी है, सरकारी उपक्रम करीबी उद्योगपतियों को बेचे जा रहे हैं , तो घोटालों पर पर्दा डालने का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि क्रमवार आयोजित किए जाने वाले जी20 शिखर सम्मेलन पर भारी खर्च करके सरकार वाहवाही ले रही है।

उन्होंने प्रारंभिक वक्तव्य में मणिपुर और नूंह की घटनाओं पर कहा, ये घटनाएं




आधुनिक, प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्ष भारत की छवि पर धब्बा लगाती हैं। ऐसे हालात में सत्ताधारी दल, सांप्रदायिक संगठन और मीडिया का एक वर्ग, आग में घी डालने का काम करता है। देश का 'सर्वधर्म समभाव' बिगाड़ता है। हमें मिलकर ऐसी ताकतों को पहचान करके बेनकाब करते रहना है।

श्री खरगे ने कहा, आज देश कई गंभीर आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटनाओं को पूरी दुनिया ने देखा। तीन मई 2023 से वहां शुरू हुई हिंसा आज भी जारी है। मणिपुर की आग को मोदी सरकार ने हरियाणा में नूँह तक पहुंचने दिया। यहां हिंसा की वारदातें हुईं, जिस कारण राजस्थान, यूपी (उत्तर प्रदेश) और दिल्ली में सांप्रदायिक तनाव फैला।

उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर खतरे में है। महंगाई से गरीबों और आम लोगों के जीवन पर संकट है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में एक साधारण थाली 65 प्रतिशत महंगी हो गयी है और 74 प्रतिशत आबादी को पौष्टिक आहार नहीं मिल रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 65 प्रतिशत नौजवान आबादी वाले भारत में बेरोजगारी रिकार्ड स्तर पर और युवाओं का भविष्य अँधकार में है।

उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियों के कारण अमीर और अमीर हो रहे हैं जबकि गरीब और गरीब हो रहे हैं। देश की 40 प्रतिशत दौलत आबादी में केवल एक प्रतिशत हिस्सा रखने वाले अमीर सबसे अमीर लोगों के पास है जबकि वहीं निचले पायदान की 50 जनता के पास सिर्फ तीन प्रतिशत दौलत है। इससे सामाजिक असंतोष और तनाव पैदा हो रहा तथा सामाजिक-आर्थिक तरक्की की रफ्तार पर ब्रेक लग रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आंकड़ों की हेराफेरी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2021 का की जनगणना न कराने से 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा कानून से और करीब 18 प्रतिशत लोग मनरेगा से बाहर हो गये।

उन्होंने मांग की 2021 की जनगणना की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाये और जातिगत जनगणना भी करायी जाए, ताकि समाज के जरूरतमंद तबके को उनका हक मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार लोक उपक्रमों को अपने चंद पूँजीपति मित्रों के हवाले कर रही है, उनके फायदे के लिए नीतियां बदली जा रही हैं, उनके हक में कानून बन रहे हैं।

### 'एक राष्ट्र एक चुनाव' संविधान पर हमला: चिदंबरम

**हैदराबाद।** कांग्रेस ने 'एक चुनाव एक राष्ट्र' के विचार को संघवाद के विरुद्ध बताते हुए शनिवार को कहा कि इसके लिए संविधान में कई संशोधन करने पड़ेंगे इसलिए यह मोदी सरकार का सिर्फ मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारित संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के दौरान पत्रकारों से कहा कि मोदी सरकार की यह अवधारणा देश के संघवाद पर हमला है कांग्रेस इस स्पीकर नहीं करेगी।

एनसीआर समचार,
साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

## एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें : सांसद शाह

## बैठक में सांसद ने टीएसी की बैठक समय ने किए जाने पर नाराजगी जाहिर की

**नई टिहरी, एजेंसी।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में हुई। इसमें भारत सरकार की संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विभागीय कार्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि अधिकारी इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सांसद शाह ने सर्वप्रथम प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को लाभान्वित करने में देशभर में मध्यम श्रेणी राज्य के अन्तर्गत जनपद को दूसरा स्थान प्राप्त होने पर जिला प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनपद में विभागों ने अच्छा कार्य किया है। आगे भी सकारात्मक सोच के साथ जनपद के विकास में सभी विभागों को आपसी समन्वय से सबको साथ लेकर और बेहतर कार्य करना होगा।

दूरसंचार बीएसएनएल के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद दूरसंचार विभाग के तत्वाधान में आयोजित होने वाली टेलीकॉम एडवाइजरी



कमेटी (टीएसी) की बैठक समयान्तर्गत न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समयान्तर्गत बैठक आयोजित करने एवं सभी सदस्यों को बैठक में आमंत्रित करने के निर्देश दिए। कहा कि लाभार्थियों को जिन स्कीमों के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाता है, उसके बारे में उनको जागरूक भी करते हुए अन्य तक भी योजना की जानकारी पहुंचाने का काम किया जाये। सांसद ने जिला अस्पताल बौराड़ी में स्वास्थ्य सेवाओं एवं डायलिसिस यूनिट के संचालन को लेकर जानकारी लेते हुए निर्देश दिये गये कि स्वास्थ्य विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है, कहीं कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सीएमओ डा मनु जैन ने बताया कि अस्पताल में मैन पॉवर की कमी के बावजूद बेहत्तर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

डायलिसिस यूनिट के संचालन को एक सप्ताह पूर्व प्रस्ताव भेजा गया है। समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत की समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही अपने-अपने सुझाव समिति के समक्ष रखे। सांसद ने समिति के सदस्यों द्वारा रखी गई समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित आवासों के भीतर की फोटो एवं वीडियो उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक से पूर्व डीएम मयूर दीक्षित ने सभी उपस्थित समिति के सदस्यों एवं विभागीय अधिकारियों को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता शपथ तथा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई।

बैठक में विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, सीडीओ मनीष कुमार, डीएफओ पुनीत तोमर, जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश नौटियाल, अध्यक्ष नगर पंचायत कीर्तिनगर कैलाशी देवी जाखी, ब्लॉक प्रमुख नरेन्द्रनगर राजेन्द्र भण्डारी, जाखणीधार सुनीता देवी, प्रतापनगर प्रदीप रमोला, भिलंगना वसुमति घणाता, समिति के सदस्य मेहरबान सिंह, जीत राम भट्ट, चतर सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# किम जोंग रूसी बंदरगाह शहर पहुंचे

## परमाणु हमले करने में सक्षम बम वर्षक विमान देखे



**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन शनिवार सुबह रूस के सुदूर बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक पहुंचे, जहां उन्हें परमाणु हमले करने में सक्षम बम वर्षक विमान दिखाए गए। किम दिन में व्लादिवोस्तोक में रूस के प्रशांत बेड़े में शामिल नौसैनिक पोत का जायजा लेने जा सकते हैं।

रूस के प्रिमोर्स्की क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेम्याको ने व्लादिवोस्तोक से लगभग 40 किलोमीटर (25 मील) उत्तर-पूर्व में आर्त्योम शहर में किम के आने की घोषणा की। गवर्नर ने एक मैसेजिंग ऐप पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें किम हरे-पीले रंग की ट्रेन से मुस्कराते हुए उतरते दिख रहे हैं और स्कूल के बच्चे उन्हें फूल दे रहे हैं। आर्त्योम पहुंचने के बाद किम व्लादिवोस्तोक हवाई अड्डे पहुंचे, जहां रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और अन्य सैन्य अधिकारियों ने उन्हें परमाणु हमले करने में सक्षम बमवर्षक विमान और अन्य युद्धक विमान दिखाए। शोइगु ने किम को रूस की नवीनतम मिसाइल हाइपरसोनिक किंझल भी भेंट की, जिन्हें मिग-31 लड़ाकू विमान के जरिये दागा जाता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक मीडिया ने शनिवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम रूस के अत्याधुनिक युद्धक विमानों का निर्माण करने वाली फैक्टरी को देखकर बेहद प्रभावित हुए हैं। किम की यह यात्रा बुधवार को वोस्तोचनी स्पेसपोर्ट में उनके और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बातचीत और शुक्रवार को कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में विमान निर्माण संयंत्र के उनके दौरा के बाद हो रही है। किम अपनी बख्तरबंद ट्रेन से मंगलवार को रूस पहुंचे थे। उन्होंने हथियारों और प्रौद्योगिकी से जुड़े कई स्थलों का दौरा किया। रूस और उत्तर कोरिया पर पश्चिमी देशों ने कई प्रतिबंध लगाए हैं तथा उन्हें अलग-थलग कर दिया है। विशेषज्ञों का मनना है कि दोनों देश अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच द्विपक्षीय संबंधों को गहरा कर रहे हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों की चिंता है कि किम यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बीच मॉस्को को हथियार मुहैया करा सकते हैं और बदले में उत्तर कोरिया को रूस से उन्नत प्रौद्योगिकी मिल सकती है।

# पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत श्री सम्मान से गया नवाजा

## स्व लखेड़ा की जयंती पर हुआ पंचायत श्री सम्मान समारोह



**नई टिहरी, एजेंसी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, टिहरी के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व पंचायतों के पुरोधा नेता दिवंगत भूदेव लखेड़ा की 98वीं जयंती पर जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर पंचायतों के बेहतर काम करने एक दर्जन पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायत श्री सम्मान से नवाजा गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भूदेव लखेड़ा जनपद टिहरी गढ़वाल स्मृति मंच ने स्व भूदेव लखेड़ा की जयंती को पंचायत श्री सम्मान समारोह के रूप में मनाते हुए पंचायत श्री सम्मान से जिला पंचायत के उपाध्यक्ष रहे राजेंद्र सिंह असवाल, पूर्व जिपंस देवी सिंह पंवार, जिपंस सनवीर बेलवाल, पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख चंबा नरेंद्र चंद रमोला, पूर्व क्षेपंस राजेश नौटियाल, क्षेपंस राकेश राणा, प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, प्रमुख प्रतापनगर प्रदीप चंद रमोला, प्रमुख नरेंद्रनगर राजेंद्र भंडारी, थौलधार के पूर्व कनिष्ठ प्रमुख कुलदीप पंवार, तल्ला उप्पु के प्रधान नरेंद्र राणा, भिलंगना के ग्राम मयकोट के प्रधान वीर पाल सिंह को प्रशस्ति पत्र व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर स्व लखेड़ा के पुत्र अनिल लखेड़ा का शाल ओढ़ाकर कार्यक्रम में सम्मान किया गया। भूदेव लखेड़ा स्मृति के अध्यक्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख और पूर्व जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह बिष्ट ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह एक सर्वपक्षीय मंच है। इसमें तीनों स्तर की पंचायतों में बेहतर कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधि साथियों को जन सहयोग से सम्मानित किया जाता है। आज के कार्यक्रम में हमारे विद्वान साथियों की तरफ से प्राप्त सुझावों के अनुरूप आगामी वर्ष से कार्यक्रम का विस्तार करते हुए इसमें पंचायत के अलावा निकाय में अच्छा काम करने वाले प्रतिनिधियों को भी चिन्हित करके सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम को प्रचार प्रसार करने में अपना योगदान देने वाले मीडिया के साथियों में से प्रतिवर्ष दो लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

# नासा की रिपोर्ट में इस बात का कोई सबूत नहीं कि यूएफओ अलौकिक है

**टस्कन (अमेरिका), एजेंसी।** नासा की स्वतंत्र अध्ययन टीम ने 14 सितंबर, 2023 को यूएफओ पर अपनी बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट जारी की। यूएफओ से जुड़े पूर्वाग्रहों से आगे बढ़ने के लिए, जहां सैन्य पायलटों को इसकी सूचना देने पर उपहास या नौकरी के प्रतिबंधों का डर होता है, यूएफओ को अब अमेरिकी सरकार द्वारा यूएपी या अज्ञात असामान्य घटना के रूप में वर्णित किया है। खास बातः अध्ययन दल को ऐसा कोई सबूत नहीं मिला कि बताए गए यूएपी अवलोकन अलौकिक हैं। मैं खगोल विज्ञान का प्रोफेसर हूं, जिसने खगोल जीव विज्ञान और ब्रह्मांड में जीवन की खोज करने वाले वैज्ञानिकों पर विस्तार से लिखा है। मैं लंबे समय से इस दावे पर संदेह करता रहा हूं कि यूएफओ पृथ्वी पर एलियंस के दौरे का प्रतिनिधित्व करते हैं।

एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, नासा प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा कि नासा के पास मंगल ग्रह पर जीवन के निशान और एक्सोप्लैनेट के वायुमंडल में जीव विज्ञान के निशान खोजने के लिए वैज्ञानिक कार्यक्रम हैं। उन्होंने कहा कि वह यूएपी बातचीत को सनसनीखेज से हटाकर विज्ञान की ओर ले जाना चाहते हैं।

इस बयान के साथ, नेल्सन यूएपी और यूएफओ के बारे में कुछ अधिक विचित्र दावों की ओर इशारा कर रहे थे। जुलाई में कांग्रेस की सुनवाई में, पेंटागन के पूर्व खुफिया अधिकारी डेविड ग्रुश ने गवाही दी कि अमेरिकी सरकार दुर्घटनाग्रस्त यूएपी और विदेशी जैविक नमूनों के सबूत छिपा रही है। यूएपी की जांच के प्रभारी पेंटागन कार्यालय के प्रमुख सीन किर्कपैट्रिक ने इन दावों का खंडन किया है। और उसी सप्ताह नासा की रिपोर्ट सामने आई, मैक्सिकन सांसदों को पत्रकार जैमे मौसन ने दो छोटे, 1,000 साल पुराने शव दिखाए, जिनके बारे में उनका दावा था कि ये "गैर-मानव" प्राणियों के अवशेष थे। वैज्ञानिकों ने इस दावे को फर्जी बताया है और कहा है कि ये ममियां पेरू के कब्रिस्तानों से लूटी गई होंगी। नासा अध्ययन दल की रिपोर्ट इस बात पर थोड़ा प्रकाश डालती है कि क्या कुछ यूएपी अलौकिक हैं। अपनी टिप्पणियों में, अध्ययन दल के अध्यक्ष, खगोलशास्त्री डेविड स्पर्गेल ने कहा कि टीम ने "यह सुझाव देने के लिए कोई सबूत नहीं देखा है कि यूएपी मूल रूप से अलौकिक हैं।" रिपोर्ट के अनुसार रक्षा विभाग के ऑल-डोमेन विसंगति समाधान कार्यालय द्वारा एकत्र किए गए 800 से अधिक अवगीर्कृत दृश्यों और मई 2023 में नासा पैनल की पहली सार्वजनिक बैठक में रिपोर्ट की गई " मुट्ठी भर घटनाओं को तत्काल ज्ञात मानव निर्मित या प्राकृतिक घटना के रूप में पहचाना नहीं जा सकता है" । हाल के कई दृश्यों को मौसम के गुब्बारों और हवाई अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

ऐतिहासिक रूप से, अधिकांश यूएफओ खगोलीय पिंड हैं जैसे उल्का, आग के गोले और शुक्र ग्रह। कुछ दृश्य विदेशी शक्तियों द्वारा निगरानी अभियान का प्रतिनिधित्व करते हैं, यही कारण है कि अमेरिकी सेना इसे राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा मानती है।

रिपोर्ट नासा को सिफारिशें देती है कि इन जांचों को कैसे आगे बढ़ाया जाए।

## ओजोन परत पर वानिकी वैज्ञानिकों ने की चर्चा



**देहरादून, एजेंसी।** विश्व ओजोन दिवस पर वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में परिचर्चा का आयोजन हुआ। संस्थान के विस्तार प्रभाग ने ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता भी की। प्रतियोगिता के प्रारंभ में ऋचा मिश्रा प्रमुख विस्तार प्रभाग ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. रेनू सिंह, निदेशक वन अनुसंधान संस्थान ने अपने संबोधन के दौरान प्रकृति में ओजोन परत के महत्व और आवश्यकता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि ओजोन परत में कमी पृथ्वी पर उच्च विकिरण का मुख्य कारण है जो कैंसर, मोतियाबिंद और त्वचा रोग जैसी कई बीमारियों को जन्म देता है।

भाषण प्रतियोगिता में संस्थान के कर्मचारियों, एफआरआई सम विश्वविद्यालय देहरादून के छात्रों तथा शोध कताओं ने भाग लिया। विजेताओं में आंचल, एम. एससी. पर्यावरण प्रबंधन (सेमेस्टर- क) ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि नितेश चौहान, जूनियर रिसर्च फेलो, सिल्विकल्चर एंड फॉरेस्ट मैनेजमेंट डिवीजन ने दूसरा पुरस्कार हासिल किया।

# लीबिया में बाढ़ से जनजीवन पर व्यापक असर



**त्रिपोली, एजेंसी।** पूर्वोत्तर लीबिया में भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल के कारण आयी भारी बाढ़ के बाद सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में 38,640 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यह जानकारी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने शुक्रवार को दी। आईओएम ने एक बयान में कहा कि अकेले बंदरगाह शहर डर्ना में 2 हजार 217 इमारतें नष्ट हो गईं। यह शहर दशकों में आयी लीबिया की सबसे भीषण बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। लीबिया की हाउसिंग एंड यूटिलिटीज प्रोजेक्ट्स कार्यान्वयन एजेंसी ने शुक्रवार को खुलासा किया कि बाढ़ ने लगभग 5 हजार घरों को नुकसान पहुंचाया है।

इसमें कहा गया है कि बाढ़ ने जल आपूर्ति नेटवर्क को भी बर्बाद कर दिया है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की गंभीर कमी हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि बाढ़ ने अब तक कम से कम 5 हजार 500 लोगों की जान ले ली है और 10 हजार अन्य लापता हो गए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा सेवाओं ने शुक्रवार को डेर्ना में बरामद शवों की तस्वीरें लेने के बाद उन्हें सामूहिक रूप से दफनाना जारी रखा और शहर के सरकारी अभियोजक पीड़ितों के डीएनए नमूनों के संग्रह की निगरानी कर रहे हैं ताकि बाद में उनके रिश्तेदारों द्वारा उनकी पहचान की जा सके।

# धामी के जन्मदिवस को युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया

**देहरादून, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को प्रदेशभर में युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। सुबह से ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बधाई देने वालों का हुजूम लगा रहा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर आज उन्हें मुख्यमंत्री आवास व मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में प्रदेशभर से आये लोगों ने शुभकामनाएं दी। प्रदेश के विभिन्न



स्थानों पर मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर लोगों की ओर से अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जन्मदिन के मौके पर लोगों का इतना प्यार पाकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने उनके जन्मदिवस पर शुभकामना प्रेषित करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश उनके जन्म दिवस पर प्रदेशवासियों ने जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिए वे प्रदेश की जनता के आभारी है।

## एक नजर

### हवाई के जंगल की आग से मरने वालों की संख्या 115 से घटाकर 97 की गयी

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** अमेरिकी राज्य हवाई के माउई में जंगल की आग से मरने वालों की आधिकारिक संख्या 115 से घटाकर 97 कर दी गई है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी। राज्य के एक प्रमुख स्थानीय समाचार आउटलेट हवाई न्यूज नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, माउई पुलिस प्रमुख जॉन पेलेटियर ने शुक्रवार दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन में मरने वालों की संख्या में गिरावट की घोषणा की। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने अवशेषों को सूचीबद्ध करने के कठिन प्रयास के बीच मौतों की संख्या को समायोजित किया, जिनमें से कई अधूरे और बहुत खराब स्थिति में हैं। अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि बरामद अवशेषों के डीएनए विश्लेषण से कुछ मामलों का पता चलने के बाद मौतों की संख्या में कमी आई है। डिफेंस पीओडब्ल्यू/एमआईए अकाउंटिंग एजेंसी के प्रयोगशाला निदेशक जॉन बर्ड के हवाले से कहा गया है कि पहले की संख्या अनुमान पर आधारित थी, जिसमें मुर्दाघर में पहुंचाए गए बॉडी बैग की संख्या भी शामिल थी, और बरामदगी में गैर-मानवीय अवशेष भी शामिल थे।

### इटली में वाहनों की टक्कर से दो लोगों की मौत, 25 घायल

**रोम, एजेंसी।** इटली में रोम के उत्तर क्षेत्र में वाहनों की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। बस कंपनी पैटी टूर्स के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हादसा स्थानीय समयानुसार शुक्रवार सुबह करीब 00:30 बजे उस वक्त हुआ, जब बस दक्षिणी इतालवी द्वीप सिसिली से उत्तरी पीडमोंट क्षेत्र में जा रही थी। इसी दौरान बस सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गयी। इसमें दो ड्राइवरों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बस में प्रवासी सवार थे, जो अपने शरण लेने के लिए जा रहे थे। इस सप्ताह की शुरूआत में 24 घंटे की अवधि में लगभग 6,800 प्रवासी आए, जिससे यह रिकॉर्ड पर सबसे अधिक एक दिवसीय प्रवासी आगमन बन गया।

### श्रीलंका के उच्चायुक्त ने पटना में नीतीश कुमार से मुलाकात की

**पटना, एजेंसी।** भारत में श्रीलंका के उच्चायुक्त मिलिंडा मोरागोडा ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) से जारी एक बयान में बताया गया है कि मोरागोडा ने यहां कुमार से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। बयान में कहा गया है, यह 1, अणे मार्ग स्थित आवास पर आयोजित यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। श्रीलंका के उच्चायुक्त ने मुख्यमंत्री को उनके देश आने के लिए आमंत्रित किया है। बयान के अनुसार, बैठक में सीएमओ के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पाकिस्तान के सादिकाबाद में कार हादसा, दुल्हन समेत आठ की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सादिकाबाद में शुक्रवार रात एक कार और ट्रक की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। यह हादसा मोटर-वे एम 5 हाइवे पर गुड्डू इंटरचेंज के पास पर हुआ। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुर्घटना में जान गंवाने वाले आठ लोगों में दुल्हन के अलावा महिला और बच्चे शामिल हैं। घायलों को शेख जैद अस्पताल पहुंचाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंचा। घायलों को जिला मुख्यालय अस्पताल पहुंचाया।

### रूस की आधुनिक विमानन तकनीक से बेहद प्रभावित हुए किम

**सोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा है कि वह रूसी एयरोस्पेस और विमानन प्रौद्योगिकी से काफी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस सप्ताह रूस की अपनी यात्रा के दौरान एक विमान संयंत्र का दौरा किया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी शिखर बैठक के बाद, किम ने कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में यूरी गगारिन एविएशन प्लांट का दौरा किया, जो सुखोई एसयू -35 सहित उन्नत लड़ाकू जेट का उत्पादन करता है। वह रूसी विमान निर्माण उद्योग की समृद्ध स्वतंत्र क्षमता और आधुनिकता और नए लक्ष्यों की दिशा में इसके निरंतर उद्यमशील प्रयासों से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संयंत्र भविष्य में उच्च उत्पादन वृद्धि हासिल कर निरंतर विकास करेगा। इसमें कहा गया है कि किम ने रूस की विमानन प्रौद्योगिकी के तेजी से विकास और बाहरी संभावित खतरों से आगे निकलने के लिए सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने अत्यधिक उन्नत तकनीक और मजबूत मानसिक शक्ति के साथ उत्पादन में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर देश के वायु उद्योग के विकास में महान योगदान देने के लिए संयंत्र के अधिकारियों, वैज्ञानिकों, तकनीशियनों और श्रमिकों की सराहना की। 1934 में स्थापित, विमानन संयंत्र ने लंबी दूरी के बमवर्षकों सहित विभिन्न प्रकार के विमानों का उत्पादन कर सोवियत संघ के युद्ध के दौरान फासीवाद को हराने में महान योगदान दिया। आज यह रूस में सबसे बड़ा फाइटर जेट निमार्ता है।

### विपक्षी गठबंधन की रैली नहीं होगी भोपाल में : कमलनाथ

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने आज कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की भोपाल में रैली नहीं होगी। श्री कमलनाथ ने यहां मीडिया के सवालों के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने संक्षिप्त जवाब में कहा कि यह रैली भोपाल में नहीं होगी। यह रद्द हो गयी है। विपक्ष के गठबंधन 'इंडिया' की ओर से हाल में जारी एक बयान में कहा गया था कि गठबंधन ने देश के विभिन्न स्थानों संयुक्त जनसभाएं करने का निर्णय लिया है और इस तरह की पहली जनसभा अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी। श्री कमलनाथ ने इसी परिप्रेक्ष्य में सवाल किया गया था। पार्टी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और श्री कमलनाथ ने इसके पहले यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य की शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने आगामी 19 सितंबर से 'जन आक्रोश यात्रा' निकालने का निर्णय लिया है, जो 15 दिनों के दौरान 11 हजार से अधिक किलोमीटर की यात्रा तय कर सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी। यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

### गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बहादराबाद, एजेंसी।** सिडकुल पुलिस ने देर रात एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करते हुए उसे जेल भेज दिया। शुक्रवार रात पुलिस सिडकुल-बहादराबाद फोरलेन पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक युवक सिडकुल राजा बिस्कुट चेक पोस्ट से कुछ दूरी पर अवैध तरीके से गांजा बेचने के लिए घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर वजन कराया तो उसमें डेढ़ किलो गांजा था। ी नरेश राठौड़ ने बताया कि आकाश कुमार निवासी सम्राट मार्केट रावली महदूद के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# गांवों के हितों के लिए एलजी व सीएम आवास के पास पालम 360 खाप ने महापंचायत

## दो अक्तूबर को राजघाट पर नेताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना व आंदोलन शुरू करने का ऐलान करेंगे: चौ. सुरेंद्र सोलंकी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** राजधानी के गांवों के हितों के लिए और उनके ऊपर थोपे गए अन्याय पूर्ण कानूनों व नियमों के खिलाफ पालम 360 खाप ने आज उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री आवास के पास महापंचायत की। इस दौरान महापंचायत का नेतृत्व करते हुए पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने चेतावनी दी कि ग्रामीणों ने सरकारों से दो-दो करने की ठान ली है और 30 सितंबर तक उनकी मांगों पर गौर नहीं करने की स्थिति में वह दो अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट पर नेताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना करेंगे और आंदोलन शुरू करने का ऐलान करेंगे। चंदगीराम अखाड़ा के सामने रिंग रोड पर आयोजित महापंचायत में पालम 360 खाप के अधीन सभी सभी खापों के प्रतिनिधि और करीब 10 हजारों ने शिरकत की। इस मौके पर चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि राजधानी के ग्रामीणों के साथ देश आजाद



होने के बाद भी अन्याय होना बदस्तूर जारी है, लेकिन वह अब अन्याय बर्दास्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की कृषि भूमि कोड़ियों के भाव अधिग्रहण करके उन्हें बेरोजगार कर दिया। इस दौरान गांवों में मौजूद ग्रामसभा भूमि पर सरकार ने हड़प ली, जबकि यह भूमि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छोड़ी गई थी। चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के बाद ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई पहल नहीं की। वहीं उनको नौकरी व वैकल्पिक प्लाट भी नहीं दिए गए। दूसरी ओर ग्रामीणों पर हाउस टैक्स, कनवर्जन चार्ज, पार्किंग शुल्क समेत कई प्रकार के टैक्स लगाने के साथ-साथ भवन उप नियम जैसे कई नियम थोप दिए गए। इसके अलावा एक भी मास्टर प्लान में गांवों की ओर ध्यान नहीं दिया गया और ग्रामीणों को राहत देने का कार्य नहीं किया गया। इस तरह ग्रामीण जीवन गुलाम भारत की तरह व्यतीत कर रहे है।

उन्होंने कहा कि गांवों से हाउस टैक्स नहीं लिया जाए, संशोधित एवं किसान हितैषी लैंड पूलिंग पॉलिसी, डी.डी.ए. पॉलिसी, मास्टर प्लान 2041 का नोटिफिकेशन अविलम्ब जारी किया जाए, लैंड म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) शुरू किया जाए, धारा 81 एवं 33 समाप्त किया जाए, धारा 81 के तहत पुराने मुकदमे वापिस लिए जाए, दिल्ली सरकार की ओर से ग्रामसभा की जमीन को डीडीए को देना बंद किया जाए, धारा 74/4 और 20 सूत्री के तहत गरीबों को अवंटित भूमि एवं प्लोटों को मालिकाना हक दिया जाए, लाल डोरे का विस्तार किया जाए, ग्रामीणों को भूमि अधिग्रहण करने के मामले में अल्टरनेटिव प्लॉट जल्द से जल्द दिए जाए, गांव वालों को पुश्तैनी संपति का मालिकाना हक दिया जाए। ग्रामीणों में अपने साथ हो रहे अन्याय को लेकर इस कदर रोष है कि महापंचायत में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुए। आम तौर पर महापंचायत में महिलाएं शिरकत नहीं करती है। इस दौरान महिलाओं ने अपनी मांगों के संबंध लिखी तख्तिया हाथों में लेकर पुरुषों से अधिक जोश के साथ नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने चेतावनी दी कि वह किसान आंदोलन की तरह गांवों के हितों के लिए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी। महापंचायत में चौ. धारा सिंह प्रधान बवाना 52वीं, चौ नरेश प्रधान लाडोसराय 96, राव त्रिभुवन सिंह प्रधान सुरेहडा 18, रणबीर प्रधान नरेला 17, राजेन्द्र डागर प्रधान जाट महासभा, सुरेश शौकीन प्रधान नांगलोई 9, रोहतास शौकीन प्रधान पीरागढ़ी, बीजेंद्र पहलवान, भूषण त्यागी प्रधान बुराड़ी 12 आदि ने भी गांवों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की।

## उचित नहीं है दीपावली पर पटाखों पर प्रतिबंध : गुरमीत सिंह सूरा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार द्वारा गत वर्षों की भांति प्रदूषण का नाम ले पटाखों पर बैन लगाना कदापि उचित नहीं है। हजारों साल से श्रद्धालु दीपावली पर पटाखे छोड़ते आये हैं। किसी भी सरकार को किसी भी धर्म के लोगो की भावना से खिलवाड़ नहीं करनी चाहिए। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पश्चिमी दिल्ली के सह प्रभारी गुरमीत सिंह सूरा का। गुरमीत सिंह सूरा कहते है यह सिद्ध हो चुका है केवल पठाखे ही प्रदूषण की वजह नहीं है। लेकिन सरकार अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने के लिए हर मुद्दे पर चर्चा में बने रहने के लिए ऐसे फरमान जारी करती है। गुरमीत सिंह कहते हैं दिल्ली सरकार ने दीपावली के त्यौहार पर पटाखे चलाने पर बैन लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही पटाखे बनाने वाले व बेचने वाले व्यापारियों को 2018 में दिल्ली में ग्रीन पटाखे ही चलाने और बेचने का आदेश दे चुकी है और बुजुर्गों व बच्चों को जिन पटाखों से क्षति पहुंचती है, उनके चलाने पर ही रोक लगाई है।

दिल्ली में हर वर्ष दीपावली के अवसर पर दिल्ली निवासी ग्रीन पटाखे बुजुर्गों व बच्चों को जिन से न नुकसान होता हो वही पटाखे चलाते आ रहे हैं, मगर दिल्ली की केजरीवाल सरकार पटाखों के कारण प्रदूषण फैलता है की बात कहकर हर वर्ष दीपावली के मौके पर पटाखों के बनाने, बेचने व स्टॉक करने पर रोक लगाने की घोषणा कर दिल्ली के लोगों में डर और भय का वातावरण बनाने की साजिश करती आ रही है।

## ओबीसी समाज विरोधी हैं दिल्ली सरकार : सुनील यादव

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील यादव ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन कर केजरीवाल सरकार के ओबीसी विरोधी चेहरे को उजागर किया और साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दिल्ली भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा की जाने वाली तैयारियों की जानकारी दी। इस मौके पर मोर्चा प्रभारी जे. पी. तोमर, प्रदेश प्रवक्ता वीरेन्द्र बब्बर और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय सदस्य सुरेन्द्र बदलिया उपस्थित थे। सुनील यादव ने कहा कि कल दिल्ली के विभिन्न 10 स्थानों पर ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन को एल.ई.डी. के माध्यम से कार्यकताओं के साथ सुनेंगे और उसके बाद बाईक रैली निकाली जाएगी जिसके माध्यम से लोगों को केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी समाज के लिए उठाए गए सभी लाभाकारी




कदमों से अवगत कराया जाएगा।

दिल्ली ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि केजरीवाल सरकार ओबीसी समाज विरोधी है। दिल्ली प्रदेश की सरकारी नौकरियों की भर्ती में 1993 के बाद से दिल्ली में स्थाई निवास कर रहे देश के अन्य प्रदेशों के ओबीसी वर्ग के बेरोजगार अभ्यार्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं दिल्ली प्रदेश की सरकारी नौकरियों की परीक्षा लेने वाली संस्था दिल्ली अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा दिल्ली की सरकारी नौकरियों का लाभ केवल उन परिवारों के बच्चों को दिया जा रहा है जो 1993 से पहले के मूल निवासी हैं। दिल्ली सरकार का राज्यस्व विभाग 1993 के बाद से दिल्ली में आकर स्थाई निवास कर रहे देश के अन्य प्रदेशों के परिवारों को डाक्यूमेंट्स जारी करता है। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली में एक ऐसी सरकार बैठी है जो ओबीसी समाज के लोगों को सिर्फ वोट बैंक समझती है और यही कारण है कि उन्हें हर तरह के लाभ से वंचित रखने का हमेशा से प्रयास करती रही है। हमने 5 सितम्बर 2023 को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग में हमने शिकायत दर्ज की थी जिस पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने 13 अक्टूबर 2023 को दिल्ली सरकार को तलब किया और इसके परिणाम स्वरुप केजरीवाल सरकार द्वारा इसपर 15 दिनों में सकारात्मक कार्यवाही का आश्वसान दिया गया।

## महापौर के पास अपनी सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है : राजा इकबाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आज महापौर डॉ. शैली ओबेराय की प्रेसवार्ता में उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि वह भाजपा द्वारा स्थापित किए गए सीएंडडी वेस्ट प्लांट और नागरिकों को मलबा निस्तारण के लिए चिह्नित तय स्थानों का श्रेय लेती हुई नजर आई। इससे यह साबित हो गया है कि महापौर के पास आम आदमी पार्टी सरकार की उपलब्धि बताने का कोई काम नहीं है इसलिए वह भाजपा द्वारा 15 साल में किए गए कार्यों का श्रेय बार-बार लेती हुई नजर आती है।

राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने भाजपा की निगम में सरकार होने की वजह दोहरा व्यवहार किया और निगम के फंड रोके। बावजूद इसके दिल्ली नगर निगमों में भाजपा के महापौर ने निगम को आत्मनिर्भर बनाने और नई तकनीक को समाहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया

## गुरबाणी से जुड़कर गुरसिक्ख जीवन यापन से ही सिख कौम सफल हो सकती है: हरमीत सिंह कालका, जगदीप सिंह काहलों

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया। कमेटी के विभिन्न गुरुद्वारों में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु नतमस्तक हुए, मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा मोती बाग साहिब में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने श्रद्धालुओं को प्रकाश पर्व पर बधाई दी और संगत से अपील करते हुए कहा कि सिख कौम तभी सफल हो सकती है जब वह गुरबाणी से जुड़े और गुरसिक्खी जीवन यापन करे।




उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने सिख घरों को गुरसिक्खी जीवन से जोड़ने के लिए कई प्रयास किए हैं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज सभी गुरुओं, संतों व महापुरूषों की बाणी पर प्रत्येक सप्ताह धन लेखारी नानकाकार्यक्रम आयोजित किया जाता था, जिसमें संगत को जानकारी दी गई कि 6 गुरु साहिबान, 15 भगत साहिब, 11 भट्ट साहिब और 4 गुरसिक्खों की कौन सी बाणी गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज है। इसी प्रकार हमने बच्चों को गुरसिखी से जोड़ने के लिए गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप का आयोजन किया, जिसमें बच्चों को विशेष किताबें छपवाकर दी गईं, ताकि वे हमारे गुर इतिहास, समृद्ध सिख विरासत और इतिहास से परिचित हो सकें। इन बच्चों के लिए प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। सरदार कालका और सरदार काहलों ने कहा कि आज सिख समुदाय में मतभेद सिर्फ इसलिए पैदा हो रहे हैं क्योंकि हम गुरबाणी से दूर होते जा रहे हैं। अगर हम अपने बच्चों को गुरबाणी से जोडें, घर में मातृभाषा पंजाबी ही बोलें तो हम गुरसिखी जीवन जीकर हर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आज हमारी त्रासदी यह है कि हमारे बच्चे, जिन्हें प्रभात फेरियों व कीर्तन दरबारों के साथ-साथ धार्मिक दीवानों में जाना चाहिए था, वे शराब की दुकानों पर खड़े नजर आते हैं, जिसके चलते ये सारी कठिनाइयां पैदा हुई हैं।

## दिल्ली में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट फेस्टिवल "नेस्ट- 2023" का हुआ आयोजन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** माई होम इंडिया की ओर से शनिवार को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स के लिए सबसे प्रतिष्ठित महोत्सव, नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट फेस्टिवल 2023 (नेस्ट फेस्ट-2023) का आयोजन किया गया। इस दौरान दिल्ली में पूर्वोत्तर के इंद्रधनुषी कला के क्षितिज रंगों, नृत्य संगीत की मनोरम प्रस्तुति एवं फैशन शो का आयोजन किया गया।

फैशन शो में सिने कलाकर एवं गायिका सोमा लैशराम ने अपनी प्रस्तुति दी। इसके अलावा पूर्वोत्तर के प्रसिद्ध कलाकार नील आकाश, रिटो रीबा, इम्नैनला जमीर और एस्तेर हनामटे की यादगार प्रस्तुति ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर अष्टलक्ष्मी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर के छात्रों का स्वागत चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के छात्रों ने भांगड़ा नृत्य की शानदार प्रस्तुति से किया। वहीं कथकली नृत्य भी लोगों का मन मोह लिया। मणिपुर का लाय हरोबा, मिजोरम का बांस नृत्य, मेघालय का जैंतिया डांस सहित अन्य नृत्य पर लोग जमकर झूमे। नेस्ट फेस्ट में डीयू के अलावा शारदा यूनिवर्सिटी और सुभारती यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न यूनिवर्सिटी में पढ़ने आए पूर्वोत्तर के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर डीयू में नार्थ ईस्ट स्टूडेंट्स के अध्यक्ष माइकल को आयोजकों की तरफ से सम्मानित किया गया। इसके अलावा दिल्ली में पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों की स्टूडेंट्स यूनियन को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य गण्यमान्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह, सिक्किम के विधायक नरेंद्र कुमार सुब्बा एवं मेघालय के पूर्व मंत्री दासाखैताभा लमारे सहित कई गण्यमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी की अनुपलब्धता की शिकायत पर दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली महिला आयोग ने सरकारी अस्पतालों में मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी उपलब्ध न होने की शिकायत पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) के साथ-साथ राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग को दिल्ली के आरएमएल में सेक्स रिअसाइनमेंट सर्जरी (एसआरएस) की अनुपलब्धता के संबंध में एक शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसने मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी के लिए आरएमएल अस्पताल से संपर्क किया था। उसने बताया कि भले ही सरकारी अस्पतालों में मुफ्त एसआरएस शुरू हो गया है, लेकिन वह अस्पताल में अपनी सर्जरी नहीं करा पा रही है।

इसके अलावा, दिल्ली महिला आयोग द्वारा विभाग के समक्ष मुद्दा उठाने के बाद नवंबर 2022 में दिल्ली के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने एक परिपत्र जारी किया था, जिसमें दिल्ली के अस्पताल में 'बर्न और प्लास्टिक वार्ड' के साथ-साथ प्लास्टिक सर्जन की सुविधा रखने वाले सभी सरकारी अस्पतालों को मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आरएमएल अस्पताल के साथ-साथ दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय को नोटिस जारी किया है। आयोग ने अस्पताल से शिकायतकर्ता की सर्जरी न करने का कारण पूछा है और साथ ही इसे पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण भी मांगा है।

## तहलका डॉट कॉम की याचिका खारिज

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तहलका डॉट कॉम की याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में वर्ष 2001 में एक भारतीय सैन्य अधिकारी के मानहानि मामले में उन्हें दो करोड़ रुपये का भुगतान करने के आदेश की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया था। समाचार पोर्टल ने सैन्य अधिकारी पर रक्षा खरीद में भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया था। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा कि समाचार पोर्टल के पत्रकार अनिरुद्ध बहल द्वारा दायर याचिका में कोई ठोस आधार नहीं



है, क्योंकि रिकॉर्ड पर स्पष्ट रूप से कोई त्रुटि नहीं है या ऐसी गलती नहीं है, जिसे समीक्षा के दायरे में ठीक किया जा सकता है। पीठ ने पारित एक आदेश में कहा कि समीक्षा याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। इसे खारिज किया जाता है। दरअसल, 13 मार्च 2001 को समाचार पोर्टल ने नए रक्षा उपकरणों के आयात से संबंधित सौदों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एक समाचार प्रकाशित किया था। मेजर जनरल एम.एस. अहलूवालिया ने मानहानि का मुकदमा दायर कर दावा किया था कि उन्हें ऑपरेशन वेस्ट एंड संबंधी समाचार प्रकाशित कर बदनाम किया। गया था। क्योंकि इसमें गलत आरोप लगाया गया था कि उन्होंने रिश्वत ली थी। न्यायमूर्ति कृष्णा की पीठ ने 21 जुलाई को इस मामले में मानहानि के मुकदमे को न्यायसंगत मानते हुए पोर्टल, उसके मालिक और दो पत्रकारों अनिरुद्ध बहल एवं मैथ्यू सैमुअल को वादी को दो करोड़ रुपये की मानहानि राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया था।

## एक नजर

### आईपी यूनिवर्सिटी के एमपीटी प्रोग्राम की आफलाइन काउंसिलिंग 19 सितंबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी के एमपीटी (कोड 107) प्रोग्राम में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 19 सितंबर को आफलाइन मोड में द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता नलिनी रंजन ने शनिवार को बताया कि इस प्रोग्राम के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के सफल उम्मीदवार इस आफलाइन काउंसिलिंग में भाग ले सकते हैं। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम निर्गत एकसठ हजार रुपये का डिमांड ड्राफ़्ट, चार पासपोर्ट आकार के फोटो, प्रवेश परीक्षा का दाखिला पत्र और परिणाम पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, अंतिम परीक्षा की मार्क्स शीट, शारीरिक दक्षता प्रमाण पत्र, एडमिशन वेरिफिकेशन फोर्म, इत्यादि साथ लेकर आना है। यह प्रोग्राम बनारसी दास चांदीवाल इन्स्टिट्यूट औफ फिजीयोथेरेपी, कालकाजी और आईएसआईसी इन्स्टिट्यूट औफ रिहैबिलिटेशन, वसंत कुंज में उपलब्ध है। कुल 43 सीटें हैं।

### जेठ ने रस मिलाई खिलाकर किया दुष्कर्म, ब्लैकमेल कर दी जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के सराय रोहिल्ला थाना इलाके में हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की पत्नी से दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता सहजादा बाग फेस-1 इंद्रलोक निवासी शख्स ने बताया कि 25 जुलाई को उसके जीजा ने उन्हें अपने घर रेलवे कॉलोनी दया बस्ती में दावत के लिए आमंत्रित किया, जहां वह 29 जुलाई का करीब रात साढ़े आठ बजे पहुंचे थे। इसके बाद पीड़िता का पति किसी काम से घर से बाहर चला गया, इसी बीच उसके पति के बड़े भाई ने उसको मिठाई (रस मिलाई) खिलाई। जिसको खाकर उसे चक्कर आ गए और वह गिर गई। इसके बाद आरोपित ने इसके साथ जबदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और विरोध करने पर आरोपित ने हाथापाई की और वीडियो बना लिया। इसके बाद आरोपित पीड़िता को जान से मारने की धमकी और फिर ब्लैकमेल किया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की उम्र महज 19 वर्ष है और वह एक हाउस वाइफ है।

### 1.50 लाख रुपये चुराने वाला पकड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। नंदनगरी इलाके में 13 सितंबर को स्कूटी से डेढ़ लाख रुपये चोरी करने वाला बदमाश पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से 81 हजार रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक नंदनगरी में रहने वाले लकी ने केस दर्ज कराया था कि 13 सितंबर को तांगा स्टैंड के पास उनकी स्कूटी से किसी ने डेढ़ लाख रुपये चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इसके बाद पुलिस ने प्रताप नगर के रहने वाले नितिन को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी की रकम में से 81 हजार रुपये भी बरामद हुए हैं।

### जांच अधिकारी की हाईकोर्ट में मौजूदगी अनिवार्य : कमिश्नर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट में आपराधिक मामलों की सुनवाई के दौरान जांच अधिकारी को सरकारी अधिवक्ता के साथ मौजूद रहना होगा। इसके लिए पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने सभी जिला डीसीपी को निर्देश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि आपराधिक मामलों में जांच अधिकारी की जगह किसी दूसरे पुलिसकर्मी को हाईकोर्ट न भेजा जाए। हाईकोर्ट की तरफ से कहा गया है कि जांच अधिकारी का अगर तबादला हो गया हो तो भी उसे ही हाईकोर्ट में पैरवी के लिए भेजा जाए। दिल्ली पुलिस के डीसीपी हरीश एचपी (कानूनी विभाग) की तरफ से सभी जिला डीसीपी को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि हाईकोर्ट में कई आपराधिक मामलों में वास्तविक जांच अधिकारी पेश नहीं हो रहे हैं। उनकी जगह पर थाने से किसी अन्य पुलिसकर्मी को भेजा जा रहा है जिन्हें मामले की पूरी जानकारी तक नहीं होती। हाईकोर्ट द्वारा पूछे जाने पर वह सवाल के ठीक जवाब नहीं दे पाते। इसके चलते हाईकोर्ट का समय खराब होता है। कई बार हाईकोर्ट ने इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की है।

### कारोबारी के ड्राइवर ने रची थी एक करोड़ लूटने की साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर जिला पुलिस ने मनी एक्सचेंजर फर्म के कर्मचारी से एक करोड़ रुपये की लूट के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनसे 15 लाख रुपये बरामद हुए हैं। वारदात की साजिश फर्म के ड्राइवर ने रची थी। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने बताया कि मोती नगर स्थित डीएलएफ फ्लैट में मनी एक्सचेंज फर्म का ऑफिस है। फर्म के दो कर्मचारियों सुरेश और राकेश एक करोड़ रुपये लेकर ऑटो से चांदनी चौक जा रहे थे। गुलाबी बाग इलाके में दो बाइक सवार चार बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर उनसे रुपये लूट लिए। एसीपी सराय रोहिल्ला प्रशांत चौधरी की देखरेख में इंस्पेक्टर ललित चौहान, एसआई सत्येंद्र और एसआई रोहित की टीम ने जांच शुरू की। इस बीच इंद्रलोक चौकी प्रभारी एसआई सत्येंद्र सिंह बाइक के तीन अंक और उसका मॉडल पता चल गया।

फिर आरटीओ से करीब 25 हजार वाहनों के नंबर लेकर जानकारी खंगाली गई तो जहांगीरपुरी निवासी विक्की संदिग्ध के तौर पर सामने आया। विक्की का फोन सर्विलांस पर लगाया। फिर पहले विक्की और बाद में मोंटी को रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता लगा कि फर्म के ड्राइवर पिंटू शुक्ला ने लूट की साजिश रची थी। इस वारदात में शामिल सभी शख्स कैब चालक हैं और मुकरबा चौक से सोनीपत के बीच में सवारी ढोते हैं। पिंटू ने इन्हें वारदात में शामिल किया। अब पुलिस पिंटू सहित चार और बदमाशों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### डेढ़ सौ किलोमीटर तक कैमरे खंगालकर एटीएम उखाड़ने वाले दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नरेला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने सेंट्रल बैंक आफ इंडिया का एटीएम उखाड़कर डेढ़ लाख चोरी करने के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने करीब डेढ़ सौ किमी तक सीसीटीवी कैमरे खंगालकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही वारदात में प्रयुक्त कार को भी बरामद कर लिया है। अभी वारदात में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

23-24 अगस्त की रात को कार सवार बदमाशों ने बैंक का एटीएम उखाड़ लिया था। जांच में मालूम हुआ कि 1.40 लाख रुपये एटीएम में थे। एसीपी नरेला सुरेश कुमार की देखरेख में एसएचओ राजेश कुमार की टीम ने जांच शुरू की। बदमाशों ने कुछ ही दूरी पर खेतों में एटीएम का कुछ हिस्सा छोड़ा हुआ था। पुलिस ने वहां से डेढ़ सौ किलोमीटर तक सीसीटीवी फुटेज खंगाली और गाड़ी की पहचान कर आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि सहारनपुर से हरियाणा में आने पर गिरोह ने रास्ते में खड़ी कार का नंबर प्लेट निकालकर लगा दिया। फिर दिल्ली में आने पर भी ऐसा ही किया। वापस लौटते समय दोबारा वही नंबर प्लेट लगाकर घर की तरफ लौट गए। फिलहाल पुलिस गिरोह के चार अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

इसके अलावा, आयोग ने राज्य और केंद्र सरकार से 2022 के बाद से दिल्ली में सरकारी अस्पतालों द्वारा किए गए एसआरएस की संख्या के बारे में जानकारी मांगी है। आयोग ने उनसे दिल्ली में सरकारी अस्पतालों में मुफ्त सेक्स रीअसाइनमेंट सर्जरी सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का विवरण भी देने को कहा है।

# ग्रीनफील्ड ईवी विनिर्माण इकाई स्थापित करेगा अशोक लेलैंड

एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** दुनिया की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी अशोक लेलैंड उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बस निर्माण की इकाई लगाएगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में अशोक लेलैंड और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में अशोक लेलैंड का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह आश्चर्य का विषय था कि 25-30 करोड़ की विशाल आबादी, देश की सबसे बड़े युवा पूंजी वाले राज्य में अब तक अशोक लेलैंड की उपस्थिति नहीं हो सकी थी। इस लिहाज से आज का दिन ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने हर निवेशक को सुरक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। 06 वर्ष पहले तक जो औद्योगिक समूह यहां आने से परहेज करते थे, आज यहां आने के बाद अपने संस्थान का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अशोक लेलैंड का उत्तर प्रदेश में निवेश का निर्णय समयानुकूल है और पूरे हिंदुजा ग्रुप को इसका लाभ मिलेगा।



योगी ने कहा कि अशोक लेलैंड का यह कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप ही है, जहां देश पारंपरिक ईंधन विकल्पों पर निर्भरता कम करने के लिए संकल्पित है। उत्तर प्रदेश सरकार नेट जीरो मिशन के अनुरूप निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के लिए उत्सुक है। स्वच्छ सार्वजनिक और माल परिवहन के माध्यम से उत्सर्जन को कम करना उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण एवं परिचालन की दिशा में लगातार काम कर रही है। हमने इस संबंध में राज्य की नीति भी जारी की है। आज सर्वाधिक ईवी उत्तर प्रदेश में पंजीकृत हैं। अब हम अधिकाधिक चार्जिंग स्टेशनों को विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यूपीएसआरटीसी के बेड़े में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल कर रहे हैं। विभिन्न नगरों में ईवी संचालित हो रही है।

एमओयू हस्ताक्षरित होने के अवसर पर मौजूद अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि हम इस वर्ष अशोक लेलैंड की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। राज्य में एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करना इसे आकार देने की हमारी प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। आज उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक माहौल उद्योगों के विकास के अनुकूल है और कंपनी इसका पूरा लाभ उठाने को तत्पर है।

अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि हमने पहली बार इसी साल 10 अगस्त को यूपी में निवेश के लिए बातचीत की थी और आज 15 सितंबर है। महज 36 दिन के भीतर सब कुछ तय हो गया। हिंदुजा ने त्वरित निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री व उनकी पूरी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आज उप्र 'डायनेमिक स्टेट' बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की यह नवीन इकाई आगामी 18 माह में प्रारंभ हो जाएगी। चरणबद्ध रूप से यहां ई-मोबिलिटी के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। हम आने वाले वर्षों में कंपनी डीजल बसों और वाणिज्यिक वाहनों के अपने पूरे बेड़े को इलेक्ट्रिक और अन्य वैकल्पिक ईंधन में बदलने की योजना पर काम कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि अशोक लेलैंड का उत्तर प्रदेश में इकाई स्थापित करने का निर्णय कंपनी की ताकत को और बढ़ाएगा।

एमओयू के तहत अशोक लेलैंड उत्तर प्रदेश में ई-मोबिलिटी पर केंद्रित एक एकीकृत वाणिज्यिक वाहन बस संयंत्र स्थापित करेगा, जो राज्य में अशोक लेलैंड का पहला संयंत्र होगा।

साझेदारी के तहत, अशोक लेलैंड मुख्य रूप से इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें वर्तमान में उपलब्ध ईंधन के साथ-साथ उभरते वैकल्पिक ईंधन द्वारा संचालित अन्य वाहनों को भी असेंबल करने की सुविधा होगी। एमओयू पर उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह और अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक और सीईओ शेनु अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए।

## टीवी देखने को लेकर हुआ विवाद तो छात्र ने लगा ली फांसी

सुबह परिजनों ने देखा तो कमरे में फांसी से लटकर मिला

-चैनल बदलने को लेकर भाई-बहन से हुआ था विवाद

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी के थाना मदेयगंज में टीवी देखने को लेकर विवाद होने के बाद छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने बताया कि टीवी देखने के दौरान चैनल बदलने को लेकर भाई-बहन में विवाद हो गया।सुरेश कुमार पुत्र स्व. हसमत निवासी बागशाह जी बाग खदरा ने थाना मदेयगंज पर सूचना दिया कि गुरुवार समय करीब 22 बजे उसके पुत्र अभिषेक व अन्य बच्चे में टीवी देखने को लेकर विवाद होने लगा। इस बात पर उसका पुत्र अभिषेक यह कहकर ऊपर के कमरे में चला गया कि वह सोने जा रहा है। शुक्रवार की सुबह जब वह देखने गए तो कमरा अंदर से बंद था और दरवाजे की गैप से झांककर तो अभिषेक उम्र करीब 15 वर्ष ने छत के पंखे से रस्सी से लटका हुआ था। इस सूचना पर एसआई रामानंद यादव ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक अभिषेक बीती रात्रि में कमरे में छत के पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया। मृतक कक्षा आठ का छात्र था। में मृतक के पिता मजदूरी करते है।

## कुशीनगर भाजपा के जिलाध्यक्ष बने दुर्गेश राय

**कुशीनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष फाजिलनगर विधानसभा के बरवा शुकदेव निवासी दुर्गेश राय को भाजपा प्रदेश संगठन ने कुशीनगर का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को जिलाध्यक्षों की घोषणा के साथ ही लंबे समय से चल रहे कयासों पर विराम लगा। और पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जगह जगह नये जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय को बधाई दी। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा दिया गया मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास को लेकर आगे आने वाले लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के परिश्रमी और देवतुल्य कार्यकताओं के दम पर प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाएंगे और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द ने बताया कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय सन् 1999 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आए और सन् 2003 से 2008 तक जिला प्रचारक के दायित्व का निर्वहन किया इस दौरान वह बांसी और बलिया जनपद में संगठन विस्तार में महति भूमिका निभाई। इसके बाद सन् 2008-2011 तक युवा मोर्चा के विभाग संयोजक, सन् 2011-2013 तक जल प्रबंधन प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक रहे।

## मिजार्पुर कोतवाल चौकी प्रभारी दो पुलिसकर्मी निलंबित

सूरज मौर्य

**उत्तर प्रदेशः** मिजार्पुर के एक्सिस बैंक के सामने कैश वैन से 33 लाख 50 हजार लूट व सुरक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दिया था, लूट कांड में जहां सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई थी। वहीं तीन लोगों को भी गोली लगी थी। भीड़भाड़ वाले इलाके में सरेआम लूट की घटना से जहां पूरे मिजार्पुर में हड़कंप पहुंच गया था। वहीं घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ने में पुलिस असफल है।



सरकार और पुलिस पर विपक्ष सवाल उठा रहा है! इसी को देखते हुए शासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। कटरा कोतवाल वेंकटेश तिवारी, डंकीन गंज चौकी प्रभारी अनिल विश्वकर्मा आरक्षी जयप्रकाश, कांस्टेबल श्रवण कुमार को पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने निलंबित कर दिया। वहीं कार्य में शिथिलता बरतने के एवज में मिजार्पुर के अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकांत प्रजापति व सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा को डीजी लखनऊ अटैच कर दिया गया है। कैश वैन लूट कांड के बाद शासन हरकत में आया है। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद अभी तक पुलिस प्रशासन किसी भी नतीजे पर नहीं पहुंचा है! पुलिस की नाकामी से शासन की किरकिरी हो रही है, चारों तरफ से घटना की निंदा की जा रही है।

मिजार्पुर के भीड़ भाड़ वाले इलाके में सरेआम गार्ड की हत्या और तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल लाखों की लूट और अभी तक बदमाशों से कोसों दूर पुलिस कार्यवाही से शासन की भद पिट रही है। इस मामले पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने ट्वीट भी किया था स्थानीय स्तर पर विभिन्न दलों के लोग मृतक गार्ड के आवास पर परिजनों को सांत्वना देने आर्थिक सहयोग करने के लिए पहुंच रहे हैं।

मिजार्पुर के व्यवसाईयों में दहशत देखा जा रहा है तर्क दिया जा रहा है कि, भीड़ भाड़ वाले इलाके में सरेआम हत्या और लूट और तीन लोगों को घायल करना और पुलिस की नाकामी से पूरे नगर में असंतोष का वातावरण है। वैसे पुलिस की आधा दर्जन से अधिक टीम अपराधियों को दबाने के लिए दिन रात मेहनत कर रही है। वहीं अपराधियों के विषय में जानकारी 1 देने वालों को एक लाख का इनाम भी घोषित किया गया है। हर स्तर पर पुलिस प्रशासन अपराधियों को पकड़ने के लिए हाथ पांव मार रहा है।

## जमीन कब्जाने को लेकर यूपी में किसान की आत्महत्या के बाद बीजेपी नेता मुसीबत में



**कानपुर, एजेंसी।** 52 वर्षीय किसान बाबू सिंह ने उन पर और उनके सहयोगियों पर उनकी 10 बीघे जमीन हड़पने का आरोप लगाया और 9 सितंबर को उत्तर प्रदेश के कानपुर में ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली।गुरुवार को पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नोएडा, लखनऊ, मैनपुरी, प्रयागराज, फतेहपुर में छापेमारी की और 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की। पुलिस आयुक्त आर.के. स्वर्णकार ने कहा,"जिम्मेदार लोग जेल जाएंगे।" मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित अपने सुसाइड नोट में, कानपुर के चकेरी निवासी बाबू सिंह ने आरोप लगाया कि रंजन ने उन्हें 6.25 करोड़ रुपये का फर्जी चेक देकर उनकी कृषि भूमि हड़प ली। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट ट्रैक के पास मिला। पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने और धोखाधड़ी के आरोप में प्रिया रंजन दिवाकर, उनके भतीजे जितेंद्र, ड्राइवर बब्लू, नोएडा के व्यवसायी राहुल जैन, मधुर पांडे और शिवम सिंह चौहान सहित छह लोगों पर मामला दर्ज किया है।

मैनपुरी के किशनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व उम्मीदवार रंजन ने कथित तौर पर सिंह पर दबाव डालकर उनसे जमीन खरीदने की पेशकश की थी।

किसान की 45 वर्षीय पत्नी बिट्टन देवी ने आरोप लगाया कि "दबाव की रणनीति" के आगे झुकते हुए, सिंह संपत्ति को 6.25 करोड़ रुपये में बेचने के लिए सहमत हो गए, इसके लिए उन्हें एक चेक दिया गया था।

मार्च, 2023 में बाबू सिंह ने रजिस्ट्री के जरिए जमीन ट्रांसफर कर दी, तो रंजन ने गलती का बहाना बनाकर उनसे चेक मांगा। एफआईआर के मुताबिक, उन्होंने वादा किया कि सिंह को अगले दिन चेक मिल जाएगा, लेकिन उन्होंने पैसे का भुगतान नहीं किया। बिट्टन देवी ने कहा कि रंजन और अन्य ने उपनगरीय कानपुर के अहिरवन गांव में भूखंड बेचना शुरू कर दिया है।

जेसीपी (कानून एवं व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा, "इस बात की पुष्टि हो गई है कि जमीन सौदे के बदले परिवार को कोई पैसा नहीं दिया गया था।"

## उप्र में बीमा राशि को लेकर सगे भाइयों में झड़प, एक की मौत

**उन्नाव (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के पुरवा कोतवाली क्षेत्र में बीमा राशि के बंटवारे को लेकर बृहस्पतिवार की रात तीन सगे भाइयों के बीच हुई झड़प में एक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि इस घटना में मारे गये व्यक्ति के परिजनों के अनुसार पुरवा कस्बे के मोहल्ला पश्चिम टोला निवासी रजनू की पत्नी रामरानी की लगभग नौ महीने पहले एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि रामरानी की मौत के बाद दुर्घटना बीमा के लगभग दो लाख रुपये बड़े बेटे राजबहादुर के खाते में अभी कुछ दिन पहले जमा हुए थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद से ही दोनों छोटे भाई बड़े भाई पर बीमा राशि का बंटवारा करने का दबाव बना रहे थे। सिंह ने बताया कि इसी बात को लेकर बृहस्पतिवार रात भी तीनों भाइयों में विवाद हो गया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान सभी ने एक दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस घटना में सबसे छोटा भाई राम आसरे (45) गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आसरे को पहले पुरवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और इसके बाद जिला अस्पताल ले जाया गया।

## 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं-समर्थकों से गंगा घाटों पर ना आने की अपील, राष्ट्रीय हिंदू दल ने लगाए पोस्टर




अमन पांडे

**उत्तर प्रदेशः** राष्ट्रीय हिन्दू दल (संगठन) ने शुक्रवार को वाराणसी के अस्सी समेत कई अन्य घाटों पर बैनर-पोस्टर चस्पा किया। इस पोस्टर में लिखा हुआ है कि, सनातन को मिटाने की कसम खाने वाले 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं, वोटर्स और समर्थकों से विनम्र आग्रह कि पवित्र गंगा घाटों पर आकर समय व्यर्थ ना करें।

जानकारी के लिए स्टालिन एवं स्वामी प्रसाद मौर्य से संपर्क करें राष्ट्रीय हिन्दू दल (संगठन) के अध्यक्ष रौशन पांडेय ने कहा कि, इंडिया गठबंधन में शामिल स्टालिन के बेटे ने सनातन धर्म मिटाने का कसम खाया। ऐसे में विपक्षी दलों के गठबंधन के नेताओं और समर्थकों से घाटों पर नहीं आने की अपील की है। उन्होंने सनातनी मंदिरों में या गंगा स्नान करने की क्या जरूरत है।

## करंट लगने से युवक समेत दो झुलसे

**बांदा, एजेंसी।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के उमरहनी गांव निवासी शिवबाबू (18) पुत्र मइयादीन शुक्रवार की दोपहर को पड़ोसी रामकरण के निमाणाधीन मकान में गया था। वहां पर किसी ने उससे गुटखा मंगाया। गुटखा देने के लिए वह छत पर चढ़ गया। उसी दौरान मकान के बगल से निकली हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आ गया। मौजूद रहे लोगों ने डंडे के सहारे उसे करंट से अलग किया, लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस गया।

## भाजपा ने दीपक मिश्र को बनाया भदोही का नया जिलाध्यक्ष



-लोकसभा चुनाव को देखते हुए जातिय समीकरण फिट करने की कोशिश

-ब्राह्मण चेहरे की आड़ में सियासत की नई जमीन तैयार करने में जुटी पार्टी

**भदोही, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने जनपद भदोही का नया पार्टी जिलाध्यक्ष शुक्रवार को घोषित कर दिया। लम्बी प्रतीक्षा के बाद संगठन की जिम्मेदारी ब्राह्मण चेहरे को दी गयी है। ज्ञानपुर के उमरिया निवासी दीपक मिश्र को भाजपा भदोही का नया जिलाध्यक्ष बनाया गया है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी जातिय समीकण बैठने में जुट गयीं है।

नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र उमरिया गांव निवासी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे घनश्याम मिश्र के परिवार से हैं। वह दिवंगत नागेश मिश्र के पुत्र हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष के आवेदन के बाद से नये जिलाध्यक्ष को लेकर तमाम तरह के अटकलें लगायी जा रहीं थीं। चर्चा रही कि किसी ब्राह्मण को जिलाध्यक्ष बनाया जा सकता है। इस दौड़ में कई ब्राह्मण चेहरे रेस में शामिल थे।

उमरिया निवासी दीपक मिश्र के नाम के ऐलान के साथ ही ब्राह्मण चेहरा भी स्पष्ट हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष के सामने तमाम चुनौतियों के बीच संगठन संरचना, एकजुटता और लोकसभा चुनाव की चुनौती है।

## एक नजर

### कुशीनगर में अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग का पुलिस ने किया पदार्फाश



**श्रवण कुमार, उत्तर प्रदेशः** कुशीनगर में अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग का पुलिस ने पदार्फाश कर गांव के रहने वाले भोले भाले लोगों का अपना शिकार बनाते थे। आधार कार्ड व पैन कार्ड लेकर उनके नाम से सिम और फर्जी खाता खोल धोखाधड़ी करते थे।

ऑनलाइन ठगी कर उन खोले गए खातों में रुपये मांगते थे। पुलिस ने पकड़े गए तीन शातिर ठगों को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गए शातिर ठगों ने एक करोड़ 20 लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं। 64 फर्जी सिम, 20 आधार कार्ड, 11 पासबुक, 5 मोबाइल, 3 मोटर साइकिल पुलिस ने बरामद किया।

### जिला अध्यक्ष बनने पर युवा मोर्चा कार्यकताओं में खुशी की लहर



**सोनू सिंह, उत्तर प्रदेशः** संभल जनपद से जिला अध्यक्ष बने हरेंद्र सिंह रिंकू भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने गांव भारतल रिंकू के घर पहुंचकर पट्टा पहनाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेरित की। ठाकुर रितिक राजपूत मंडल उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा ने जिला अध्यक्ष बनने पर खुशी जाहिर कर कहा है कि, हमे पूरा विश्वास है। हरेंद्र भैया संभल जनपद का नाम उच्च स्तर तक लेकर जाएंगे और 2024 में सबका साथ सबका विकास के साथ संभल से भाजपा को विजय हासिल करेंगे। इस बीच जिला महामंत्री कमल कुमार कमल परमेश्वर लाल सैनी ठाकुर रितिक राजपूत यश शर्मा सोनू चहल जिला महामंत्री युवा मोर्चा कुणाल गोतम मोनू कुमार आदि।

### बार काउंसिल के निर्णय से अधिवक्ताओं की भावनाएं आहत : अमरेन्दु सिंह

प्रयागराज, एजेंसी। हापुड़ अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज से आहत होने कारण पूरे प्रदेश के अधिवक्ता संघ, उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वाहन पर विगत 16 दिन से आन्दोलनरत रहे। अमरेन्दु सिंह संयुक्त सचिव प्रेस हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद ने कहा की कल देर रात शासन से मिले आश्वासन के बाद एकाएक बार काउन्सिल के चेयरमैन व कुछ सदस्यों के निर्णय से अधिवक्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। इस पर नाराजगी ज्यादा है की कुछ अधिवक्ताओं पर भी कार्रवाई होगी। किसी ही अधिवक्ता संघ को विश्वास में नहीं लिया गया। अधिवक्ताओं में बहुत रोष व भ्रम व्याप्त हैं। हापुड़ प्रकरण पर अभी तक सिर्फ उच्च न्यायालय से कुछ न्याय व राहत प्राप्त हुआ है। बार काउंसिल के ऐसे निर्णय के खिलाफ आज प्रदेश के कई अधिवक्ता संघ न्यायिक कार्य से विरत रहे। जहां कार्य हुएं वहां अधिवक्ताओं की उपस्थिति बहुत कम रही। अधिवक्ताओं के बीच कल के निर्णय की चर्चा खुब चली। बार काउंसिल के निर्णय से जिले के अधिवक्ता संघ हास्यास्पद है। बार काउंसिल का जनपदों के अधिवक्ता संघ से सामंजस्य व विश्वास टूट रहा है।

### कविता पटेल नियुक्त की गई भाजपा जिला अध्यक्ष गंगा पार

**प्रयागराज, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश संगठन के द्वारा गंगा पार जिले की कमान कविता पटेल को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया इस अवसर पर सभी गंगा पार के कार्यकताओं ने उनके आवास बहरिया फूलपुर पहुंचकर बधाई दी। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी बताया कि 1993 में कविता पटेल ने भाजपा की सदस्यता ली और मंडल मंत्री बहरिया,महिला मोर्चा महामंत्री प्रयागराज, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रयागराज, जिला मंत्री प्रयागराज, जिला उपाध्यक्ष गंगा पार एवं 2019 से वर्तमान तक जिला महामंत्री गंगा पार रहते हुए पार्टी का दायित्व निभा रही थीं।बधाई देने वालों में गंगा पार पूर्व जिला अध्यक्ष अश्वनी दुबे, मीडिया प्रभारी गंगा पार बृजेश त्रिपाठी, मनोज निषाद, योगेश मिश्रा, सनी दुबे, ओमप्रकाश गुप्ता, पंकज ओझा, प्रभाकर दुबे सूरज कुमार, संगीता पटेल, अंकित पासी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता रहे।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी के जानकीपुरम विस्तार में सड़क हादसे में अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रुपेश पुत्र हरिशंकर निवासी मिजार्पुर जानकीपुरम विस्तार ने पुलिस को सूचना दिया कि गुरुवार को समय करीब नौ बजे सुबह मिजार्पुर पुलिया पर मिनी बस के चालक अज्ञात द्वारा के बस को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए वादी के चाचा माखनलाल उर्फ रामबाबू को टक्कर मार दिया। जिससे वादी के चाचा माखनलाल उर्फ रामबाबू उम्र करीब 48 वर्ष की मौके पर मृत्यु हो गई। इस सूचना पर थाना जानकीपुरम पुलिस थाना मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### कश्मीर में शहीद जवानों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज, एजेंसी।** अनंतनाग मुठभेड़ में तीन सुरक्षा अधिकारियों सहित सिपाही के बलिदान के खिलाफ शहर में कांग्रेसियो ने गम और गुस्से के साथ श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को सिविल लाइन्स स्थित पत्थर गिरजाघर से सुभाष चौराहे तक बड़ी संख्या में जुटे जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने मार्च निकालकर उनको याद किया। रास्ते भर कांग्रेसियों ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। गंगापार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा की जम्मू कश्मीर में माहौल को अशांत करने की साजिश रची जा रही है।

प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और विवेकानंद पाठक ने कहा की देश के लिए शहीद हुए जवानों के परिवार के साथ पूरा देश एक साथ खड़ा है। वहीं कांग्रेसियों ने भारत माता के जयघोष के बीच शहीदों को नमन करने के लिए मौन व्रत रखा।इस दौरान जिला प्रवक्ता हसीब अहमद, हरिकेश त्रिपाठी, लाल सिंह पटेल, मनोज पासी, प्रेमचंद यादव, छोटेलाल पटेल, रईस अहमद, सहजादुल हक, सुनील यादव, रोहित कुशवाहा, शीश अहमद, बलवंत राव, हलीम अंसारी, राम मनोरथ सरोज, नफीस अहमद, विजय यादव, राकेश पटेल, रंजीत गुप्ता, रजनीश विश्रामदास, शाहनवाज असलम, अनुपम सोनकर, सतीश प्रधान, शकील अहमद, आनंद चौधरी, नागेश मिश्रा, अजीत पासी, अजय पाण्डेय सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश: मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिलेंडर रिफिलिंग योजना का किया शुभारंभ

**मुकेश हरियाणी**

**मध्य प्रदेश:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने टीकमगढ़ में 268 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले नवीन चिकित्सा महाविद्यालय निर्माण का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने लाड़ली बहनों को खुशखबरी देते हुए रसोई गैस सिलेंडर सिर्फ 450 रूपए में उपलब्ध कराने के लिए सिलेंडर रिफिलिंग योजना का शुभारंभ भी किया।




शुभारंभ के रूप में योजना की पहली हितग्राही लक्ष्मी देवी रैकवार और दूसरी हितग्राही अभिलाषा साहू का आवेदन केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार और वन राज्यमंत्री राहुल सिंह ने भरवाया। मुख्यमंत्री चौहान ने साई हॉकी स्टेडियम टीकमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को ओंकारेश्वर से वर्चुअली संबोधित किया तथा टीकमगढ़वासियों को शुभकामनाएं दीं, वे निरंतर हो रही वर्षा के कारण कार्यक्रम में प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित होने में असमर्थ रहे।

**मेडिकल कॉलेज के आरंभ होने से टीकमगढ़ सहित आस-पास के जिले भी लाभान्वित होंगे**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, मेरी टीकमगढ़ पहुंचकर आपसे प्रत्यक्ष चर्चा करने की प्रबल इच्छा थी, पहले भी कार्यक्रम बनाया था परंतु आपसे प्रत्यक्ष चर्चा संभव नहीं हुई। आज भी निरंतर वर्षा के कारण टीकमगढ़ आ पाने में असमर्थ रहा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मैं शीघ्र ही टीकमगढ़ आकर आपसे रू-ब-रू चर्चा करूंगा। मुख्यमंत्री चौहान ने टीकमगढ़वासियों को मेडिकल कॉलेज के लिए बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज से प्रतिवर्ष 100 डॉक्टर तैयार होंगे। कुल 66 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में फैला मेडिकल कॉलेज आधुनिकतम उपकरणों से सुसज्जित होगा। मेडिकल कॉलेज के आरंभ होने से टीकमगढ़ सहित आस-पास के जिले भी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि टीकमगढ़ अपने प्राकृतिक सौन्दर्य और सांस्कृतिक समृद्धता के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की कई अन्य विशेषताएं भी हैं। सरकार और टीकमगढ़वासी मिलकर टीकमगढ़ को सुंदर शहर के रूप में विकसित करेंगे।

**योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, मैंने अपनी लाड़ली बहनों से राखी पर 450 रूपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया था, यह भी कहा था कि यह सुविधा जारी रखी जाएगी। मैंने वह वचन पूरा करते हुए इसके लिए योजना लागू कर दी है। अब लाड़ली बहनों और उज्जवला योजना की हितग्राही बहनों को प्रतिमाह एक सिलेंडर 450 रूपए की दर पर उपलब्ध होगा। बहनों को गैस कम्पनी से तो विक्रय दर पर ही सिलेंडर लेना होगा। लाड़ली बहनों को अंतर की राशि उनके बैंक खाते में रि फंड की जाएगी।

प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की लाभार्थी बहनों के खाते में अनुदान राशि ऑयल कम्पनी द्वारा डाली जाएगी और यह अनुदान राशि राज्य सरकार द्वारा ऑयल कम्पनी को दी जाएगी। ऐसी लाड़ली बहनें जो उज्जवल योजना की लाभार्थी नहीं है, उनके बैंक खाते में अनुदान राशि सीधे राज्य सरकार डालेगी। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि बहनों को योजना का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के लिए एल.पी.जी. कनेक्शन आई.डी. और समग्र आई.डी. की जरूरत होगी। पंजीयन उन सभी केन्द्रों पर किया जाएगा, जहाँ लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है।

**हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है। लाड़ली बहनों को दी जाने वाली राशि में वृद्धि की बात कही थी तद्नुसार अक्टूबर माह में 1250 रूपए उपलब्ध कराए जाएंगे। यह राशि क्रमबद्ध रूप से बढ़ाकर 3 हजार रूपए तक की जाएगी। लाड़ली बहनों की जिन्दगी बेहतर हो सके, यह इस दिशा में प्रयास है। बहनों के जीवन में कोई कष्ट न हो, उनका सम्मान और आत्मविश्वास बढ़े इस उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम क्रियान्वित किए जा रहे हैं। बहनों की पढ़ाई के लिए हर स्तर पर व्यवस्था और प्रोत्साहन, विद्यार्थियों को सायकिल, स्कूटी और लैपटाप के माध्यम से निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उनके मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश पर फीस भी राज्य सरकार द्वारा भरवाई जा रही है।

**हर कठिनाई में हमारी सरकार आपके साथ है**

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि, प्रदेश में सिंचाई का रकबा निरंतर बढ़ा है। अब केन-बेतवा लिंक परियोजना को भी मंजूरी मिल गई है। किसानों को खेती के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी तथा राज्य सरकार द्वारा किसानों की सहायता स्वरूप निरंतर राशि जारी की जा रही है। हम परिवार की भावना से सरकार का संचालन कर रहे हैं। आपके सुख-दुख, हमारे सुख-दुख हैं। हर कठिनाई में राज्य सरकार आपके साथ है। प्रदेशवासी सबका साथ-सबका विकास की प्रतिबद्धता के साथ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास और जनकल्याण के मार्ग पर अग्रसर हों। विधायक राकेश गिरि ने आभार माना। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# पीजी कॉलेज धार में युवा उत्सव का शुभारम्भ




**मोहित दखनी**

**मध्य प्रदेश:** पीजी कॉलेज धार में प्राचार्य डॉक्टर एस एस बघेल एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. गजेंद्र उज्जैनकर एवं डॉ. आर एस मंडलोई के मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, जिसमें प्राचार्य डॉक्टर बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि, छात्र-छात्राओं को बहुत सारी चीज सीखना चाहिए और पढ़ाई के साथ-साथ अपनी प्रतिभा में निखार भी लाना चाहिए। हमारा जीवन संतुलित रूप से आगे बढ़ पाएगा।

हमें और भी चीजों का ज्ञान होना चाहिए। जीवन जीने के लिए बहुत जरूरी है कैसे ग्रामीण अंचल से निकलकर के में आज यहां पर सेवा दे रहा हूं। डॉ. एन ओझा संबोधित करते हुए कहा कि, युवा उत्सव एक ऐसा उत्सव होता है, जिससे युवाओं में एक नया शक्ति का संचार होता है। अपने प्रदर्शन करने का एहसास होता है, अपनों में क्या कमी है। उसमें हम क्या सुधार करेंगे, जिससे हम जिला स्तर विश्वविद्यालय स्तर राज्य स्तरऔर राष्ट्रीय स्तर पर हमारा चयन हो सके।

डॉक्टर आरसी घावरी ने कहा कि, छात्रों में प्रतिभाएं होती है, लेकिन कई बार वह प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं और इसके लिए आपको आगे जाकर पहल करना ही होगी तभी आप में निखार होगा। इसके लिए आपको ध्यान रखकर के ट्रेनिंग लेकर के और अपने अंदर निखार लाना पड़ेगा।

इस कार्यक्रम में युवा उत्सव प्रभारी डॉक्टर भावना परमार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि, किस दिन कौन-कौन से प्रतियोगिताएं होना है। प्रतियोगिता किन-किन स्तरों पर होना है। उनके नियम क्या-क्या है और नियमों का पालन करते हुए आपको अपनी प्रस्तुति देना प्रथम सत्र में कार्यक्रम संचालन डॉक्टर एन एस सोलंकी ने आभार प्रकट किया। डॉक्टर एल एस निंगवाल ने किया द्वितीय सत्र में संचालन डॉक्टर अरुणा मोटवानी ने आभार किया।

डॉक्टर निर्भय सिंह सोलंकी ने माना साथ ही साथ मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली गई, जिसमें सभी नए एवं जागरूक मतदाताओं को शपथ दिलाई गई कि, वह ईमानदारी से अपना वोट डालें और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने हर एक वोट को नींव का पत्थर बना ले मजबूत होगा लोकतंत्र मजबूत होगा तभी हमारा देश मजबूत होगा।

1. पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता सिंगारे बीएससी द्वितीय वर्ष
2. प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रीति कुमावत बीए सेकंड ईयर द्वितीय स्थान आयुष डावर बीएससी फर्स्ट ईयर तृतीय स्थान खुशी अलावा ने प्राप्त किया।
3. एकल गायन में प्रीति कुमावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
4. समूह गायन में निशा एवं दीपिका प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एकल गायन समूह गायन में निर्णायक डॉक्टर प्रतीक्षा पाठक डॉक्टर राजश्री विभूति डॉक्टर साधना चौहान थी। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप शर्मा डॉक्टर आयशा खान डॉक्टर रेखा सिंघल डॉक्टर राज विभूते आई टी प्रभारी डॉ. टीसी नरगावे, डॉ. लक्ष्मी बघेल, डॉक्टर रायकु जमरा डॉ. बीएस पटेल डॉक्टर एन एस डावर डॉ. एम.एल. चौहान, डॉक्टर जीपी डांगी, डॉक्टर रीना गामी, डॉ. सुनील पाठक डॉ. बी एस सिसोदिया डॉ. राजेश मेड़ा, डॉ. साधना चौहान, डॉ. सुभाष सोनी, डॉ. पीसी चोयल, डॉ. राजेश कामदार, डॉक्टर अन्ना तिर्की डॉक्टर अभय वर्मा डॉक्टर जितेंद्र कुमार पटेल, डॉक्टर सीमा नागर, श्रद्धा श्रीवास, पेपा कमलवा, कविता चौहान, डॉक्टर सादिका खान, एनएसएस जिला संगठक केसर सिंह चौहान, छात्रों में शिव शंकर कटारे तनिष्क जाट कमला भाबर आदि ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा में पास हुआ OBC आरक्षण बिल




**कन्हैया लाल**

**गुजरात:** लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा में पास हुए ओबीसी आरक्षण बिल से बीजेपी के मास्टर स्टॉक पर असर पड़ा है। कांग्रेस विधायकों के वॉकआउट के बीच आज विधानसभा सदन में मौजूद विधायकों की सहमति से ओबीसी आरक्षण बिल पास हो गया। वॉकआउट के साथ ही कांग्रेस ने आभूषण आयोग की रिपोर्ट जारी करने की भी मांग की।

इस विधेयक के पारित होने से अब स्थानीय स्वशासन संस्थाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू होगा। गुजरात में 50 फीसदी से ज्यादा आबादी ओबीसी समुदाय से आती है। लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा में यह बिल पास कराकर बीजेपी ने गुजरात की आधी आबादी तक पहुंचने की कोशिश की है।

## गांधीनगर में 50 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा नरेंद्र मोदी पंचायती राज संस्थान




**कन्हैया लाल**

**गुजरात:** राज्य की जिला और तालुका पंचायतों के साथ-साथ ग्राम पंचायतों के पदाधिकारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए गांधीनगर सेक्टर-17 में बनाया गया इंदिरा गांधी भवन अब निष्क्रिय हो जाएगा।

जल्द ही इस इमारत को ध्वस्त कर दिया जाएगा और इसकी जगह नरेंद्र मोदी पंचायती राज संस्थान बनाया जाएगा।

50 करोड़ की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित आठ मंजिला प्रशिक्षण केंद्र का नाम नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान होगा। इसमें एक छात्रावास के साथ-साथ 100 लोगों को एक साथ प्रशिक्षित करने की सुविधा भी होगी।

## रेबीज ले सकती है आपकी और आपके बच्चों की जान, जाने इसके लक्षण और उपाय

**मो. हसन रजा**

**नई दिल्ली:** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक बहुत दर्दनाक हादसा हो गया है, वहां पर कुत्ते के काटने की वजह से 14 साल के बच्चे की दर्दनाक तरीके से मौत हो गई। आज हम इसी पर बात करगें कि यह बीमारी कितनी डेंजरस है और ये कुत्ते या अन्य जानवर के काटने से कैसे फैल सकता है ? डेटा की बात करे तो हर साल करीब 18 हजार से 20 हजार लोगों की मौत रेबीज की वजह से हो जाती है। भारत में एडल्ट्स के मुकाबले बच्चों में रेबीज के मामले अधिक देखने को मिलते है। ऐसे मामले 15 साल से कम के बच्चों में अधिक देखने को मिलती है। बहुत से मामलों को तो भारत में रिपोर्ट ही नहीं की जाती है।




**रेबीज बीमारी क्या है ?**

रेबीज एक ऐसी बीमारी है, जो रेबीज नाम की जीवाणु से फैलता है। खासकर यह बीमारी जानवरों में देखने को मिलती है। यदि किसी जानवर में यह बीमारी होती है और वह किसी इंसान को काट लेती है तो यह बीमारी इंसान को भी फैल जाती है। यह विष्णु जानवरों के लार में अपने जड़े जमा कर बैठा होता है। जब कोई रेबीज से संक्रमित जानवर इंसान को काट लेता है तो विष्णु लार के माध्यम से इंसान के ब्लड में पहुंच जाता है।

**रेबीज बीमारी के मुख्य लक्षण**

यदि कोई जानवर रेबीज बीमारी से ग्रसित है और उसने अगर किसी इंसान को थोड़ा भी काट लिया तो लक्षण कुछ दिन के अंदर ही दिखाई देने लगेगी। हालंकि कुछ केसेस ऐसे भी होते है, जिनके लक्षण का पता लगने में समय लगता है। रेबीज का मुख्य लक्षण यह है कि इंसान के जिस जगह पर काटता है, उसके आसपास के मांसपेशियों में सनसनाहट होने लगती है। रेबीज का विष्णु पहले बल्ड में जाता है, उसके बाद वह दिमाग तक पहुँच जाता है।

**रेबीज के लक्षण**

तेज दर्द होना, सिर दर्द होना, थकावट होना, चिड़चिड़ापन, बुखार होना, अजीब सा ख्याल आना, कमजोरी होना, किसी पर भी अटैक करना, बोलने में तकलीफ होना, लार या आंसू ज्यादा बनना, बोलने में तकलीफ होना आदि है।

**क्या रेबीज केवल कुत्ते के माध्यम से फैलता है ?**

बता दे कि रेबीज कुत्तों के साथ-साथ बंदरों और बिल्लियों जैसे जानवर से भी फैलता है। अगर इसमें से कोई भी जानवर रेबीज से संक्रमित है, तो उस जानवर के काटने पर इंसान को रेबीज बीमारी फैल जाता है।

**रेबीज का इलाज**

वैसे तो अभी तक रेबीज का इलाज के लिए दवा नहीं खोजा जा सका है। लेकिन कुछ लोग रेबीज होने के बाद भी मिर्त्यु का शिकार होने से बच जाते है। यदि किसी इंसान को रेबीज वाले कुत्ते ने काट लिया है, तो उसे समय समय पर वैक्सीन लगवाते रहना चाहिए।

अगर आप भी अपने घर में किसी भी प्रकार का जानवर पालते है तो उसको समय समय पर वैक्सीन लगवाते रहे। इससे खुदके साथ ही दूसरे लोगों को भी आप सुरक्षित रख सकेंगे।

## पटवारी संघ ने किया हड़ताल का आह्वान

**अजय सिंह तोमर**

**मध्य प्रदेश:** पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर हड़ताल के आयोजन के कार्यक्रम में, श्री गौरी शंकर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भारी संख्या जिले के सभी पटवारी की उपस्थिति में माननीय श्रीमन न्यायाधिपति श्री शनि महाराज ऐती पर्वत तहसील बन मोर जिला मुरैना को प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री जी से प्रदेश के पटवारी का ग्रेड पे 2800 दिलाने के लिए ज्ञापन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया। ज्ञापन में पटवारी की दिक्कत 25 वर्षो से लंबित मांग ग्रेड पे 28 दिया जाना, ग्रेड पे के सापेक्ष समयमान वेतन मान दिया जाना।



विभाग में पदा अनुक्रम के अनुसार सम्मान वेतन का निर्धारित प्रतिशत अतिरिक्त हल्का का भता 10000 रुपये यात्रा भत्ता 3000 अन्य विभागो के कार्यो के लिए भता ?5000 रुपये मोबाइल एवम डाटा भता 1000 रुपए एवं कार्यालय भता ?2000 रुपये की मांग महंगाई के अनुसार की गई है। केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं/पी एम किसान सी एम किसान मुख्यमंत्री आवास भू अधिकार योजना संभावित योजना फसल गिरदावरी फसल कटाई प्रयोग के उचित क्रिया नवयन के लिए उचित संसाधन मोबाइल ई टी एस मशीन रोवर आदि उपलब्ध कराया जाए।

# वन रैंक वन पेंशन चरण 2 को लेकर पूर्व सैनिकों ने की बैठक

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** वन रैंक वन पेंशन चरण 2 को लेकर पूर्व सैनिकों ने की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर बनाई रणनीति कठुआ। वन रैंक वन पेंशन चरण 2 में पूर्व सैनिकों के साथ हुए भेदभाव के खिलाफ एसोसिएशन आफ वेटरन एसोसिएशन अपनी लड़ाई को जारी रखे हुए हैं। यह तभी खत्म होगी जब सरकार पूर्व सैनिकों की भावना को देखते हुए इस पर पुनर्विचार नहीं करती है। इसके लिए सभी को एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। यह घोषणा एसोसिएशन के अध्यक्ष सूबेदार अर्जुन सिंह ने कठुआ में आयोजित गवर्निंग काउंसिल की बैठक के दौरान कही है। रविवार को जम्मू कश्मीर एक्स-सर्विस वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पल्ली मोड में आयोजित बैठक के दौरान विशेष रूप से उपस्थित कैप्टन स्वर्ण सिंह वीर चक्र को सम्मानित किया गया।




वहीं इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों, वीर नारियों और शहीद परिवारों को भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर बैठक में शामिल होने के लिए जम्मू कश्मीर के अलावा पड़ोसी राज्य पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश से आए पूर्व सैनिकों के संगठनों के पदाधिकारी की राय ली गई और उसके अनुसार ही पूर्व सैनिकों के हक की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए की घोषणा की गई। बैठक के दौरान हालांकि कुछ पूर्व सैनिक संगठनों ने लड़ाई को पूर्व सैनिकों के हक की लड़ाई को उग्र करने की मांग लेकर मंच तक आ गए। इसी बीच जम्मू-कश्मीर एक्स सर्विस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन ज्ञान सिंह पठानिया ने बीच बचाव करते हुए लोगों को शांत करवाया। उन्होंने कहा कि हम भारत की उस महान सेवा के सदस्य हैं जिसमें अनुशासन सर्वोपरि होता है।

लिहाजा हमें उग्र होने के बजाय अपने केंद्रीय नेतृत्व के फैसलों के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ही सभी पूर्व सैनिकों की राय को शामिल करना है। ऐसे में वह अपनी बात को दूसरी तरह से भी रख सकते हैं। इसके बाद सभी पूर्व सैनिक अपने स्थान पर बैठ गए। वहीं फेडरेशन ऑफ वेटरेंस एसोसिएशन के प्रधान सूबेदार अर्जुन सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों की भावना को आहत करने वाले वन रैंक वन पेंशन चरण दो के खिलाफ एसोसिएशन लगातार अपने संघर्ष को आगे बढ़ा रही है।

इसमें देश भर के 150 से ज्यादा पूर्व सैनिक संगठनों को जोड़ा जा रहा है, ताकि उनकी राय भी इसमें शामिल हो। उन्होंने कहा कि, पूर्व सैनिकों का यह संगठन पूरी तरह से गैर राजनीतिक है लिहाजा इसमें किसी भी राजनीतिक दल का कोई हस्तक्षेप नहीं है। हमें एक सैनिक के समान व्यवहार करते हुए सरकार से अपनी लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से लड़नी है। इसके लिए हमें एकजुट होना पड़ेगा। बैठक में सुखविंदर पाल सिंह, नलिन तलवार, परगट सिंह, राजदीप वर्मा, महेश कुमार, मनोहर सिंह, बलबीर सिंह जसरोटिया सहित विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ो पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## एक नजर

### धर्मशाला में मूल पिछड़ा वर्ग की 200 से अधिक लोगों की हुई मीटिंग



**संदीप कुचार्य**

**राजस्थान:** आज हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय पर सैन समाज धर्मशाला में मूल पिछड़ा वर्ग की 200 से अधिक लोगों की मीटिंग हुई, जिसमें प्रदेश महासचिव बलराम कुकड़वाल, जिलाध्यक्ष रामरतन घोडेला श्री गंगानगर ने नेशनल जनमंडल पार्टी की रीति नीति और विचार धारा पर अपने विचार व्यक्त किए। हमारे साथ साधुवाली सरपंच श्री राम बरावाड़, सतीश माहर,आदि मौजूद रहे।

### लोंगवाला सुनील क्रान्ति का खेलों के लिए एक और नवाचार



**संदीप कुचार्य**

राजस्थान: सरपंच कि प्रेरणा से पहली बार लोंगवाला की बालिका फुटबॉल टीम पीटीआई विद्यालय के सहयोग से तैयार हुई। सरपंच द्वारा बालिकाओं हेतु स्पोर्ट्स शूज और किट का सहयोग किया गया, टीम ने जिला स्तरीय अच्छा प्रदर्शन किया और एक बालिका कांता पुत्री सुरेन्द्रपाल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

### इंदौर में एनसीआर समाचार के संवादाता की खबर से कुछ ही समय में दूर हुई जनता की समस्या




**राकेश पारमर**

**मध्य प्रदेश:** इंदौर वार्ड क्रमांक एक के मारुती पैलेस में शिव मंदिर के पास नगर निगम द्वारा एक गढ्ढा खोदा गया था, जो करीब पिछले एक महीने से नहीं भरवाया था, जिस पर रहवासियो को आने जाने में समस्या हो रही थी। रहवासियो द्वारा कई बार कंप्लेंट करने के बाद भी गढ्ढा नहीं भरवाया गया, तो विश्व हिन्दू परिषद् बजरंग दल के जिला सेवा प्रमुख ईश्वर प्रजापत से संपर्क किया व ईश्वर ने एनसीआर समाचार के संवादाता राकेश परमार द्वारा जोन अधिकारी से बात कर गढ्ढा को तुरंत भरवाया गया।

# मध्य प्रदेश: चंदेरी पर्यटन का पूरा होता सपना

**अशोक कुमार लालमणि**

**मध्य प्रदेश:** सपना किसने नही देखा, सपना हर कोई देखता है और सपना देखना भी चाहिए, सपने देखे जाएंगे, तब ही सपने साकार होने की कल्पना जन्म लेगी। यह अलग बात है कि किस इंसान का कौन सा सपना पूरा होता है और किस इंसान का कौन सा सपना पापड़ के मानिंद चकनाचूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं निकल जाना चाहिए कि सपने देखे ही जाये।



मिसाइल मैन महामहिम पूर्व राष्ट्रपति आदरणीय डॉ. श्री ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साहब का कथन है कि अच्छे और बड़े सपने देखें और फिर कठिन परिश्रम कर उन्हें साकार करें हमने भी उक्त कथन में विश्वास व्यक्त करते हुए सपने देखना बंद नही किए, हमारे सपने न रंगीन है और न स्याह काले, यह सपने किसी जाति, धर्म, वर्ग की सीमाओं को न छूते हुए हमारे महान देश भारत की अति प्राचीन सभ्यता संस्कृति अतिथि देवो भवः को सलाम करते हैं। हमारे सपने कोई मुंगेरीलाल के सपने भी नहीं है जो कभी साकार न हो सके।

यूं तो चंदेरी पर्यटन को लेकर एक नही अनेक सपनों को समय-समय पर देखा जाता रहा है और फिर उन्हें पूरा करने के लिए समय-समय पर कार्रवाई भी की जाती रही है, लेकिन दुःख संग खुशी के साथ यह भी कहा जा सकता है कि कही किन्हीं सपनों ने कामयाबी की मंजिल को छुआ है, तो कई सपनों को सरकारी पेंच का सामना करते हुए फाइलों में उलझते हुए भी देखा है, वही कई सपने सच हुए और कई सपने सच होने की कगार पर है। उन्हीं में से एक सपना है, चंदेरी पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु दुर्ग परिसर में मध्य प्रदेश पर्यटन द्वारा लाइट एंड साउंड शो का आयोजन किया जाना।

याद रखना होगा कि वर्तमान में दुर्ग पर एक दशक से अधिक समय से दिखाई देती सांयकालीन लाइट तत्कालीन क्षेत्रीय सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सफल प्रयासों का प्रतिफल है। इसी बात को और आगे बढ़ाते हुए दिनांक 11/02/ 2019 को सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी एवं श्रीमान जिलाधीश महोदय अशोक नगर को आवेदन पत्र प्रेषित कर चन्देरी पर्यटन के प्रति लाभकारी लाइट एंड साउंड शो के संबंध में आग्रह किया गया।

इसी क्रम में दिनांक 30/ 11/ 2019 को श्रीमान प्रबंध संचालक महोदय मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल के अलावा श्रीमान जिलाधीश महोदय, श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय को आवेदन पत्र प्रेषित कर दुर्ग परिसर में लाइट एंड साउंड शो को आयोजित किए जाने की दिशा में कार्रवाई करने हेतु निवेदन किया गया।

एक बार पुनः दिनांक 26/10/2021 को माननीय नागर विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को आवेदन पत्र प्रेषित कर इस दिशा में उचित कार्रवाई किए जाने की गुजारिश की गई। इसके अलावा दिनांक 28/10/2021 को श्रीमान जिलाधीश महोदय एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय को आवेदन पत्र प्रेषित कर चंदेरी पर्यटन हित में उचित कार्यवाही करने का निवेदन किया गया।

इसी तारतम्य में दिनांक 01/11/20 21 को पुनः श्रीमान प्रबंध संचालक महोदय मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड भोपाल के अलावा माननीय मुख्यमंत्री जी एवं पर्यटन मंत्री म.प्र.शासन भोपाल को आवेदन पत्र दिनांक 23/11/2021 प्रेषित कर चन्देरी पर्यटन के उज्जवल भविष्य हेतु उक्त कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निवेदन किया गया।

खुशी हुई जब माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी नागर विमानन मंत्री डी.ओ. वी.आई.पी. ल्टउअ/2021/2853 दिनांक 10 नवंबर 2021 माननीय पर्यटन मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को जारी पत्र की प्रतिलिपि प्राप्त हुई, जिसके माध्यम से यह ज्ञात हुआ कि पूर्व में प्रेषित आवेदन पत्र दिनांक 26/ 10/ 2021 माननीय पर्यटन मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को अग्रेषित कर नियमानुसार उचित कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया है।

पूर्व आवेदन पत्रों का हवाला देते हुए एक बार पुनः माननीय पर्यटन मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को आवेदन पत्र दिनांक 26/09/2022 प्रेषित कर उक्त संबंध में कार्रवाई किए जाने हेतु गुहार लगाई गई। यही नहीं इस संबंध में समय-समय पर कई लेख सार्वजनिक किए गए।

सुखद प्रसंग यह भी है कि एक बार नहीं अनेक बार प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने चन्देरी पर्यटन के प्रति लाभकारी दशार्ते हुए इस विषय को शासन के संज्ञान में लाने के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। वही दूसरी ओर संबंधित शासकीय संस्थाओं की उल्लेखनीय भूमिका सराहनीय रही।

अपने मुंह मियां मिट्ठू न बनते हुए सारतः कहना यह है कि सामूहिक प्रयास फल स्वरुप दुर्ग परिसर में लाइट एंड साउंड शो से संबंधित दिखाई दे रही गतिविधियां देखकर यह विश्वास हो गया है कि कभी देखा गया सपना आज पूरा होने के अंतिम पड़ाव पर है।

# वरिष्ठ पत्रकार दौलत भारती पर जानलेवा हमला करनें वाले आरोपी इनामी बदमाश फज्जर मेव गिरफ्तार




**रवि दसवन**

**राजस्थानः** किशनगढ़ बास रवि दासवानी कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार दौलत भारती पर जानलेवा हमला करनें वाले आरोपी फज्जर मेव को अदालत के आदेश पर किशनगढ़ बास थाना पुलिस दौसा जेल से किशनगढ़ बास थाना लेकर आई जहां उसे न्यायालय अतिरिक्त वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 01 की अदालत में बापर्दा पेश किया गया। न्यायालय नें आरोपी फज्जर मेव को पांच दिवस का पुलिस रिमाण्ड व न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

थानाधिकारी अमित चौधरी नें बताया कि, लगभग सवा चार साल पूर्व 21 जून 2019 को हमले के मुख्य आरोपी फज्जर मेव सहित पांच जनों नें पत्रकार दौलत भारती पर खैरथल रोड़ स्थित उनके कार्यालय से सांय करीब सात बजे अपनें घर लौटते समय जान लेवा हमला किया था। जानलेवा हमले में दौलत भारती गम्भीर रुप से घायल हो गये थे, जिसमें किशनगढ़ बास थाना पुलिस के अलावा पुलिस के उच्च अधिकारियों के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह नें प्रकरण की जांच की थी।

जांच के दौरान उक्त पांच आरोपियों के अलावा इस घटना को अन्जाम दिलानें व सुपारी देनें वाले कस्बा किशनगढ़ बास निवासी भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विश्वास यादव उर्फ (डब्बू) व नगर पालिका खैरथल अध्यक्ष हरीश रोघा व नगर पालिका किशनगढ़ बास की पार्षद पति भाजपा नेता मनोज मित्तल सहित आठ जनों को आरोपी मानते हुए उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया था। घटना के बाद से ही मुख्य आरोपी फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस नें एक हजार रुपये का ईनाम भी रखा था।

मामले के मुख्य आरोपी फज्जर मेव को लक्ष्मण गढ़ पुलिस नें 04 सितम्बर 2023 को गिरफ्तार किया था जहां उसे अलवर जेल भेजा गया। अलवर जेल कोर्ट वारन्ट के जरिये उसे दौसा पुलिस लेकर गई जहां से कोर्ट आदेशानुसार थाना पुलिस किशनगढ़ बास 14 सितम्बर को लेकर आई जहां उसे शुक्रवार को बापर्दा न्यायालय में पेश किया। न्यायालय नें फज्जर मेव को को पांच दिन के पुलिस रिमाण्ड व न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

# जेलाना नाके पर तैनात टेरीटोरियल आर्मी ने सूचना मिलने पर की कार्रवाई




**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीरः** किश्तवाड़ जेलाना नाका के पास रविवार को एक वाहन से 70 किलो जिलेटिन (विस्फोटक सामग्री) बरामद की गई। चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पहचान तारक हुसैन निवासी बोंजवा के रूप में हुई है।

उससे पूछताछ जारी है। जानकारी के अनुसार, किश्तवाड़-पाडर मार्ग पर जेलाना नाके पर टेरीटोरियल आर्मी 159 वाहिनी के जवानों ने सूचना पर मारुति कार (जेके 17ए 3377) का पीछा कर चालक को पकड़ा। कार माडर मार्ग पर डूल की तरफ जा रही थी। वाहन को तारक हुसैन चला रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से दो डिब्बों में 70 किलो (300 से 400 पैकेट जिलेटिन) बरामद किए गए। वाहन चालक को हिरासत में लेकर विस्फोटक सामग्री जब्त कर ली गई। चालक से पूछताछ जारी है। आशंका जताई जा रही है कि वह गैरकानूनी तरीके से एक निजी वाहन में किसी पावर प्रोजेक्ट या फिर सड़क बनाने के काम के लिए लिया जा रहा था। इस संबंध में थाना प्रभारी ने कहा कि पूछताछ के बाद ही कुछ कहा जा सकता है परंतु यह विस्फोटक सामग्री जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

# क्या चेहरे का नूर छीन रहे है चिंता और जंक फूड?

**कृतिकाः** एक सामान्य सी धारणा है कि केवल लड़कियां और महिलाएं ही अपने रंग, रूप या चेहरे की सुंदरता को लेकर चिंतित रहते है। जिसके लिए उन्हें कई तरह-तरह के तरीके अपनाते हुए देखा जाता है, वे कई तरह के परहेज करते भी है (जिनमे कि डायटिंग या ब्यूटी पार्लर के माध्यम से उनके चेहरे की सुंदरता बढ़ाना काफी प्रसिद्ध है)।




किन्तु अब इस बदलते दौर में न केवल लड़किया बल्कि लड़के भी अपने चेहरे की सुंदरता को लेकर काफी गंभीर रहने लगे हैं और इसके कारणो को भी जानने का प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं उसके उपाय भी कर रहे हैं। यह बात एक काउंसिलिंग के जरिये सामने आई जो कि सिविल अस्पताल के मित्रता क्लीनिक में हर महीने की जाती है।

यहां हर महीने लगभग 220 से ज्यादा युवक युवतियां काउंसिलिंग के लिए आ रहे है।

इस क्लीनिक में हर महीने 19 साल तक के तकरीबन 400 किशोर-किशोरी अलग- अलग समस्याओं को लेकर काउंसिलिंग के लिए आते हैं। यहां आने वालो में से 50 प्रतिशत ऐसे बच्चे हैं, जो अपनी त्वचा को लेकर परेशान हैं,और साथ ही वे इन सभी समस्याओं के कारण, उपचार व उसके बुरे प्रभावों को जानने के लिए मित्रता क्लीनिक में अपनी काउंसिलिंग के लिए जा रहे हैं। ऐसे बहुत ही कम मामले देखने को मिल रहे है, जिनमें वह अपने अभिभावको के साथ जाते हैं। ज्यादातर बच्चे दोस्तों के साथ आ रहे हैं। यहां काउंसलर की सहायता से उनका इलाज कराया जा रहा है।

काउंसलर के अनुसार बाहर का भोजन अधिक खाने की वजह से किशोरों के चेहरे पर सफेद दाग की समस्या हो रही है। ऐसे ही 17 वर्षीय एक किशोरी मित्रता क्लीनिक गयी। जिसे चेहरे पर सफेद दाग की समस्या थी। किन्तु उसे खुद इस बात की जानकारी नहीं थी। हालाँकि शरीर भी उसका काफी कमजोर था। काउंसलर ने उसे सफेद दाग होने के कारण बताए कि वह सही तरीके का खानपान नहीं कर रही है, और बाहर की चीजे ज्यादा खाने की वजह से उसे ये समस्या हो रही है।

चेहरे पर सुंदरता लाने के लिए एक युवक डायटिंग करते हुए एक युवक मित्रता क्लीनिक आया। जिसकी वजह से उसके पुरे चेहरे पर दाने निकल गए थे, पीलापन और सफेद दाग तक हो गए थे। काउंसिलिंग के माध्यम से उसे बताया गया कि डायटिंग सही नहीं है। तीनों समय पौष्टिक खाना खाना जरुरी है। जंक फूड खाने से शरीर में खून की कमी होती है।

**बचाव उपाय**

जंक फूड न के बराबर खाये, पानी की मात्रा ज्यादा रखे, पौष्टिक खाना ही खाएं, हरी सब्जियों व फलों का ज्यादा प्रयोग करें, रोज दूध पिए।

## एक नजर

### बांसवाड़ा में भारी बारिश की वजह से नाले में बही सरपंच की बाइक



**मानसिंह पंवार**

**राजस्थानः** बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ में भारी बारिश होने की वजह से कल रात डूंगरी पाड़ा वर्तमान सरपंच दिनेश चंद्र गरासिया बाइक सहित नाले में बह गया, जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई। रविवार को उसके शव को नदी में करीब 10 किलोमीटर दूर वाघोल गांव की नदी में पाया गया। शनिवार शाम को करीब 6 बजे के आसपास घर से नदी देखने जाने को कह करके बाइक लेकर निकले थे फिर वापस घर नहीं लौटे। घर वालों ने तलाश करी कहीं पता नहीं लगा। रात भर इधर-उधर संपर्क किया कहीं रिश्तेदारों के यहां बैठे होंगे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली कई बार सुबह को तलाश की गई। चारों तरफ तो लगभग 10:00 बजे के आसपास उसकी बाइक डूंगरी पाड़ा पुलीया से करीब दो-तीन किलोमीटर नाले में पड़ी हुई मिली फिर तलाश करते-करते करीब डूंगरी पाड़ा गांव से 5 किलोमीटर की दूरी पर वाघोल गांव में उनकी बॉडी मिली, रविवार शाम तक अंतिम संस्कार किया जाएगा। यह जानकारी लाल सिंह मईडा रेसला ब्लॉक अध्यक्ष कुशलगढ़ ने दी।

### चाणकय एकेडमी स्कूल भुज में महिला जागरूकता के लिए आयोजित किया गया कार्यक्रम



**अमित रघूवंशी, गुजरातः** सी टीम भुज सिटी ने चाणकय एकेडमी स्कूल भुज में महिला जागरूकता के लिए सी टीम कार्यक्रम साइबर अपराधों और उन्हें नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रचलन के बारे में जागरूक रहने की सलाह दी। इसके साथ ही उनसे पूछा कि क्या उनके कोई प्रश्न हैं। उन्हें पुलिस 100 नंबर, 181 महिला अभयम, पुलिस नियंत्रण कक्ष भुज और सी टीम भुज सिटी जैसी हेल्पलाइनों के बारे में बताया गया कि आवश्यक हो तो उन्हें इस्तेमाल जरूर करें।

### अजमेर में दहकते हुए अंगारों पर चलकर इमाम हसन की याद में हुआ मातम



**हाजी नवाज़ खान,** राजस्थानः अजमेर ऐतिहासिक तारागढ़ की पहाड़ी पर दरगाह मीरां सैयद हुसैन के इमाम बारगाह में शिया समुदाय के लोगों ने पैगम्बर मोहम्मद साहब के बड़े नवासे हजरत इमाम हसन की यौम ए शहादत पर उन्हें किया याद। इस मौके पर सभी नौजवान, बुजुर्ग व महिलाएं काले लिबास में नजर आए। हजरत इमाम हसन की शहादत के मौके पर इमाम बारगाह में मजलिस हुई और देर रात्रि में दहकते हुए अंगारों पर चलकर किया मातम।इस के बाद नोहा ख्वानी हुई। कई लोगों ने इस कार्यक्रम में लिया भाग।

# छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने की विधायक के लिए टिकट देने की मांग

**श्रीनिवास पॉल**

छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने आज जगदलपुर सर्किट हाउस में, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता आप पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ नेता मुन्ना बिसेन को छत्तीसगढ़ बंगाली समाज की ओर से छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने आम आदमी पार्टी से जगदलपुर विधानसभा चुनाव के लिए टिकट के लिए दावेदारी की मांग किया है। मांग पत्र दिए जाने के समय प्रदेश के वरिष्ठ महिला आप पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। मुन्ना बिसेन भैया ने श्रीनिवास पाल को आश्वासन दिया है कि, वहां पार्टी हाई कमान छत्तीसगढ़ आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल उपेन्डी जी को अवगत कराएंगे। छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने समाज की ओर से आभार व्यक्त किया है।



# हथीन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**हेमन्द्र**

**हरियाणाः** हथीन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिनांक 15 सितंबर 2023 शुक्रवार को ई० अधिगम कार्यक्रम में ई० अधिगम छात्राओं और ई० अधिगम शिक्षकों को सम्मानित किया गया।



ई० अधिगम से जुड़े अधिकारी (आश्रय सिंघल) ने स्कूल में प्रवेश करते हुए (शहीद बिजेंन्द्र रावत) को फूल माला पहनाई और उन्हें नमन किया, फिर वहीं विद्यालय में बनी (मां सरस्वती) की प्रतिमा पर भी जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया फिर स्कूल का निरीक्षण किया उसके बाद में कार्यक्रम मंच स्थान पर पहुंचे फिर उनका भव्य स्वागत किया और (मां सरस्वती की प्रतिमा भेंट की) आश्रय सिंघल बहीन स्कूल को (जिला स्तर पर प्रथम) आने पर अध्यापकों और छात्राओं को सम्मानित किया जिले में प्रथम आने पर मास्टर जगतराज को सम्मानित किया। सवरजीत को दूसरे स्थान पर आने पर सम्मानित किया। आश्रय साहब ने स्कूल की (पूरी पूरी प्रशंसा) की स्कूल के शिवकुमार गुप्ता प्रिंसिपल ने स्कूल की प्रगति रिपोर्ट पेश की इस कार्यक्रम में 30 अध्यापकों और 125 छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# झालावाड़ भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन संकल्प यात्रा 19 सितम्बर को मनोहर थाना विधानसभा में करेगी प्रवेश



**कमलेश कुमार**

**राजस्थानः** झालावाड़ यात्रा को लेकर बैठकों का दौर शुरू अकलेरा में पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा के कार्यालय पर बैठक हुई। पूर्व विधायक ने बताया कि, बैठक में जिला मंत्री अनूप गौतम यसवंत प्रजापति, कर्मवीर सिंह बना, यसवंत गुज्जर, अत्रि चौहान, कैलाश शर्मा, मधुसूदन शर्मा, सुरेश प्रजापति, लक्की लक्षकार, शिव मेरौठा, रामचंद्र एजेंट, ब्रजमोहन कहती, रमेश बिरम, विधानसभा के सभी बीजेपी कार्यकर्ता को परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिये जिम्मेदारी दी। यात्रा छबड़ा विधानसभा से कलमोदिया चोराहे से मनोहरथाना विधानसभा में प्रवेश करेगी। जहाँ यात्रा का सभी जगह अकलेरा में व आसपास क्षेत्र जहां से यात्रा गुजरेगी वहाँ हर जगह पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा व कार्यकताओं द्वारा 30 से 35 स्थानों पर स्वागत होगा। इसको लेकर अकलेरा व आसपास क्षेत्र को बैनरो होडिंग द्वारा पूरे नगर को सजाया जा रहा है। परिवर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन नगर मंडल पोरसा ने मनाया, गरीब बस्ती में बांटे फल



**अजय सिंह तोमर**

**मध्य प्रदेशः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में भारत ने जो विकास किया। वह विकास आज तक किसी भी प्रधानमंत्री के कार्यकाल में नहीं हुआ। भारत का मान व सम्मान विदेश में बढ़ाने वाली पहले प्रधानमंत्री हैं। नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा के द्वारा आज पोरसा रेस्ट हाउस हनुमान जी मंदिर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 73वां जन्म दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सभी कार्यकताओं के द्वारा हनुमान जी मंदिर पर पूजा अर्चना के साथ जन्मदिन आज दिवस मनाया और उनकी दीघार्यु कि ईश्वर से कामना की गई।

उसकी प्रसाद किसी उपज मंडी में पहुंचकर गरीब एवं जो की झोपड़ी के लोगों को फल आज वितरण किए गए। सभी भक्तों ने मोदी जी के जन्म दिवस पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मोर सिंह तोमर, जिला महामंत्री राम रूप सिंह तोमर, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश, अखबार भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, विस्तारक भान सिंह। नरवरिया कमल. जाटव जसराम गुप्ता चरण दास व्यास राधा मोहन शर्मा बृजेश शिवहरे पुजारी राघवेंद्र कटारे पवन शर्मा राजेश वर्मा निखिल तोमर वीरू तोमर शिवकांत गुप्ता सतपाल तोमर सुरेश जाटव रमाकांत शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सरकारी विद्यालय में आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता, विद्यार्थियों को दिए गए इनाम



**त्रिलोकी राज**

**बिहार:** नौतन प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवराजपुर के प्रांगण में खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उस खेल प्रतियोगिता में मेडक दौड़ सुई डोरा दौड़ आदि खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। खेल प्रतियोगिता रेस दौड़ में मिथुन कुमार प्रथम अंक प्राप्त कर इनाम को पाए द्वितीय स्थान प्राप्त कर चंदन कुमार इनाम उपाय सिद्धांत कुमार तृतीय स्थान पाकर इनाम को प्राप्त किया।

शिक्षक बच्चों को सम्मानित किए अजय सर शमीम दिलनवाज उपेंद्र कमलेश्वर नाथू सर वीरेंद्र सर मनोज सर प्रिय रंजन सर प्रधानाचार्य रामायण सर और दसवा वर्ग के छात्र दिलीप कुमार ने भी छात्रों को सम्मानित किए। विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### 17 शाहिद जन्नती अम्मा के उर्स मुबारक में, हिंदू-मुस्लिम बड़ी संख्या में शामिल हुए

**अकील मो. बिस्मिल्ला खान**

**गुजरात:** बनासकांठा जिला तालुका दिशा का सबसे बड़ा और शिक्षित गांव जूना दिशा हिंदू-मुस्लिम एकता की पहचान 17 शाहिद जन्नती अम्मा का उर्स मुबारक आज था। बारिश में भी काफी तादाद में हिंदू-मुस्लिम और सर्वनति के लोगों ने काफी तादाद में बड़ी हाजिरी दी। यह दरगाह 500 से 600 साल पुरानी दरगाह है। जहां 16 भाइयों को शहीद किया गया था और ईश्वर अल्लाह में अटूट श्रद्धा रखने वाली सबसे बड़ी बहन अकेली बची थी। उन्होंने ईश्वर अल्लाह के पास प्रार्थना की के ईश्वर अल्लाह मुझे यह जमीन में जगह दे, मैं इसमें समाधि ले लूं ईश्वर अल्लाह ने तुरंत जमीन में जगह की और बहन ने उसमें समाधि ले ली। उनके साथ में उनके पालतू तोते ने भी उनके चरणों में समाधि ले ली। आज भी हर गुरुवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है। तब से यह 17 शाहिद के नाम से प्रचलित है यह जगह।

### आमफला चौक में ट्रैफिक की उल्लंगना करने पर काटे गए चालान



**राजेश कुमार**

**जम्मू:** आमफला चौक में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा नाका लगाया गया। मौके पर फार्स्ट क्लास मजिस्टर भी मौजूद थे। इस दौरान कई कमर्शियल गाड़ियों के चालान काटे। कईओ ने ड्राइविंग यूनिफॉर्म नहीं पहनी हुई थी। किसी के पास पेपर पूरे नहीं थे और कई कमर्शियल गाड़ियों में गैरकानूनी स्टूडियो लगे हुए थे। उनको मौके पर गाड़ियों से हटाया गया और सभी को ट्रैफिक रूल के बारे में जानकारी दी गई और आगे से ट्रैफिक नियमों की उल्लंगना ना करें।

### गांधीनगर में भारतीय जनता पार्टी ने सीधा जनता से जुड़ने के लिए खोला अपना कार्यालय



**राजेश कुमार**

**जम्मू:** भारतीय जनता पार्टी ने जनता से सीधा जोड़ने के लिए हर वार्ड में अपना कार्यालय खोलने आज से शुरू कर दिया है। पहले कार्यालय आज गांधीनगर वार्ड में खोला गया, जिसका उद्घाटन जम्मू कश्मीर भारतीय जनता पार्टी के महा सचिव अशोक कोल ने किया। उनके साथ जम्मू कश्मीर पूर्व डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता जी कई अध्यक्ष और युवा नेता और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। उनका कहना है कि, भाजपा सबका साथ सबका विकास और आज देश के प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सभी ने एक दूसरे को बधाइयां दी और मिठाइयां मिठाइयां बटाकर खुशियां मनाई।

### विश्वकर्मा पूजा पर मशीनों को आराम, कारखानों से लेकर गाड़ियों की हो रही पूजा



**राकेश**

**मध्य प्रदेश:** आज विश्वकर्मा पूजा है। आज मशीनों के आराम का दिन है। आज धूम-धाम से विश्वकर्मा पूजा मनाया जा रहा है। हर साल 17 सितंबर को कल कारखानों में पूजा के साथ-साथ मशीनों को आराम देने की परंपरा है। रविवार को विश्वकर्मा पूजा पड़ना काफी खास माना जा रहा है। ज्योतिष विद्वानों का मत है कि रविवार सूर्य का दिन है, इसके कारण विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है। इस तिथि पर कल-कारखानों के साथ-साथ गाड़ियों की पूजन का विशेष फल प्राप्त होता है। महेंद्रगढ़ में पूजा के समय बिहार के रहने वाले गजेंद्र मंडल, संतोष मंडल, राजेश कुमार ने बताया है यह उत्सव हर साल बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।

### मार्निंग वॉक के दौरान बीएचयू के कॉमर्स फैकल्टी के डीन पर छात्र ने बोला हमला, अस्पताल में भर्ती



**अमन पांडे**

**उत्तर प्रदेश:** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) परिसर में रविवार को मार्निंग वॉक के दौरान कॉमर्स फैकल्टी के डीन प्रोफेसर जीसीआर जायसवाल पर एक छात्र ने हमला बोल दिया। एक के बाद एक कई थप्पड़े जड़ने के बाद लात-जूतों से जमकर पिटाई की। चीख पुकार सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंचते तब तक आरोपी छात्र फरार हो गया। हमले में प्रोफेसर को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

# ऐली -परसोली में सरयू तट पर उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब





**दीपक कौशल**

**उत्तर प्रदेश:** गोंडा जिले में लोकआस्था के महापर्व कजरीतीज पर जलाभिषेक के लिए रविवार को ऐली परसोली माझा के गुड़ हरण के सरयू तट पर श्रद्धा-आस्था का सैलाब उमड़ा। उम्मीदों और पूर्व अनुमानों से कहीं अधिक कांवड़िए सरयू नदी का जल भरने के लिए पहुंचे। लाखों कांवड़ियों की मौजूदगी में सरयू तट से लेकर गोण्डा-तरबगंज व उमरी - गोण्डा हाईवे पूरी तरह भगवामय रहा।सरयू तट पर प्रशासन की सभी तैयारियां कांवडियों की आस्था-श्रद्धा के आगे कम ही नजर आईं। तहसील तरबगंज के उमरी थाने के निकट ऐली से सरयू तट के बीच तीन किलोमीटर का क्षेत्र जलाभिषेक के लिए जल भरने पहुंचे शिव उपासकों की कांवड यात्रा के अद्भुद नजारे का साक्षी बना। भारी भीड़ और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कांवडियों ने मां सरयू में स्नान किया,पूजन अर्चन किया और जल भरा।

इस बीच बोल बम और हर हर महादेव के गगन भेदी जयकारे सरयू गूंजते रहे। जैसे जैसे शाम ढलती गयी वैसे वैसे कांवड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी भी होती गई। यह सिलसिला पूरी रात व सोमवार को पूरे दिन चलता रहने का अनुमान है। सरयू घाट पर कांवड़ियों की भीड़ के आगे तिल डालने तक की जगह नहीं दिखायी दे रही थी। यही आलम नगर से लेकर गांव, गली, मोहल्ले तक हर जगह दिखाई दिया। चारों तरफ बस बम बोल की ही गूंज सुनाई दी। आस्था से सराबोर इन शिवभक्तों का सरयू घाट पर आने व स्नान कर पूजापाठ करने के लिये तांता लगा रहा।

कांवड़ियों की भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन को पसीना छूट गए। कांवरिए अपनी श्रद्धा के अनुसार नंगे पांव व वाहन की मदद से घाट पर पहुंचते हैं। शनिवार से ही पहुंचने लगे कांवडिये बोलबम के जयघोष के साथ शनिवार से ही पूरे जिले सहित आसपास के जनपदों से कांवड़ियों के रेले तरबगंज कस्बे से 11 किलोमीटर व उमरी कस्बे से 3 किलोमीटर दूर ऐली के सरयू नदी पर पहुंचना शुरू हो गये। जहां से जल भरने के बाद यह नंगे पांव 43 किलोमीटर दूर मुख्यालय स्थित दुखहरणनाथ मंदिर व 75 किलोमीटर दूर खरगूपुर स्थित पौराणिक पृथ्वीनाथ मंदिर के लिए रवाना होते रहे। शनिवार शाम से ही यह सिलसिला शुरू हुआ जो रविवार को पूरे दिन चलता रहा। घाट पर जल भरने वाले कांवड़ियों के गगनभेदी जयघोष की गूंज दूर-दूर तक सुनाई दी।

इस बार जलाभिषेक के लिये यहां पहुंचने वालों में महिलाओं की भागीदारी अच्छीखासी दिखायी दी। तो वहीं युवा वर्ग के साथ बच्चों का जज्बा भी कम नहीं दिखा। 10 लाख कांवड़ियों के जल भरने का अनुमान शनिवार से ही सरयू नदी तट पर पहुंच रहे कावंड़ियों की भीड़ को देखकर पुलिस-प्रशासन का अनुमान है कि सोमवार की शाम शाम सात बजे तक करीब 10 लाख श्रद्धालु यहां से जल लेकर अलग-अलग कूच करेंगे। करीब एक लाख से ज्यादा कांवड़ियों की भीड़ घाट पर लगातार जमा थी।

सड़कों पर महज अधिकारियों के वाहन ही दौड़ते दिखाई दिए। कांवड़ियों को जलाभिषेक में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए जगह-जगह बैरियर बनाए गए। सरयू नदी के तट पर उमड़ी कांवड़ियों की अपार भीड़ को निय्त्रिरत करने में पुलिस प्रशासन को पसीने आ गये। लोग गहरे पानी में न जायें इसके लिये पुलिस के जवान मोटरबोट पर सवार होकर बार बार कांवड़ियों से सुरक्षा रस्से की भीतर रहकर मनुहार करते नजर आये।

## अपने सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव मना रहा बनारस

**अमन पांडे**

**उत्तर प्रदेश:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 73वां जन्मदिन मनाया जा रहा है। वहीं उनके लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में 73 वैदिक बटुकों ने गंगा में दुग्धाभिषेक किया। इसके अलावा 73 मंदिरों में पूजा-पाठ का आयोजन है। पूरा बनारस मोदीमय है। बनारस की जनता आज अपने सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन धूमधाम से मना रही है। मां गंगा का दुग्धाभिषेक किया गया। शहर के 73 मंदिरों में पूजा-पाठ का आयोजन है।



शाम में दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती की जाएगी। शनिवार शाम भी अस्सी घाट पर गंगा आरती करके पीएम मोदी के दीघार्यु होने की कामना की गई। शहर भर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से अनेक कार्यक्रम आयोजित हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की तरफ से काशी विश्वनाथ मंदिर में हवन-पूजन करके मोदी की लंबी उम्र की कामना की जाएगी।

## चंदेरी में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 का ट्रायल किया गया

**अशोक कुमार ललमानी**

**मध्य प्रदेश:** खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसर जिला अशोकनगर के विकासखंड चंदेरी में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 की ट्रायल 15 और 16 सितंबर 2023 को ब्लॉक मुख्यालय पर कराया गया, जिसमें कबड्डी, खो -खो, एथलेटिक्स, टेबल -टेनिस, बेडमिंटन, शतरंज, कुश्ती, जूड़ो, वॉलीबॉल खेलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।



इन खेलों के चयनित खिलाड़ी जिला स्तर पर भाग लेंगे' इस अवसर पर संचिता राठौर खेल अधिकारी माधव कॉलेज, अनिल शर्मा पी.टी.आई, सौरभ त्रिवेदी प्रभारी ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी, अरुण सिंह राठौर पी.टी.आई., सोम बहादुर थापा,साकू लाल रैकवार, शुभम तिवारी,अमित जैन, संतोष सोनी,अनस उर्र रहमान, राजेश कुशवाह ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे' सभी ने चयनित खिलाड़ीयों को शुभकामनायें दीं।

## गोंडा में ऑपरेशन के बाद प्रसूता की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा



**दीपक कौशल**

**उत्तर प्रदेश:** गोण्डा नगर कोतवाली के इमरती विसेन निवासी नानबाबू ने शहर के एक अस्पताल के डाक्टरों की लापरवाही से पत्नी की मौत हो जाने का आरोप लगाया है। उसने नगर कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। वहीं अस्पताल प्रशासन ने अस्पताल के बाहर मौत होने का दावा करते हुए अस्पताल में हंगामा करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आरोप लगाया है कि, उसने अपनी पत्नी रुबी को 15 सितम्बर को सहारा हास्पिटल में भर्ती कराया था।

डाक्टरों ने पहले नार्मल डिलीवरी की बात की थी और बाद में आपरेशन कर दिया। 16 सितम्बर को अचानक रुबी की तबीयत बिगड़ गई। डाक्टरों ने पांच लाख की मांग की, जब तक वह रुपयों की व्यवस्था करता तब तक पत्नी की मौत हो गई। वहीं अस्पताल प्रशासन ने बाहर मौत होने का दावा किया है।

अस्पताल की डॉ. माधुरी व डॉ. अमित त्रिपाठी ने बताया कि, प्रसूता की हालत खराब होने पर उसे एक दूसरे नर्सिंगहोम में हृदय के इलाज के लिए ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई और परिजन प्रसूता का शव यहां लाकर हंगामा करने लगे। डॉ. ने आरोप लगाया कि परिजनों ने ईंट पत्थर लेकर स्टाफ को मारने के लिए भी दौड़ाया।

## जम्मू में एलजी मनोज सिन्हा गो बैक गो बैक के लगे नारे

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** जम्मू के सोशल वर्कर अमित कपूर की अध्यक्षता में आज एलजी मनोज सिन्हा प्रशासन के विरुद्ध में रोष रैली और प्रदर्शन हुआ और लोगों ने एलजी मनोज सिन्हा गो बैक के नारे लगाए यह प्रदर्शन स्मार्ट मीटर को लेकर हुआ। अमित कपूर जी का कहना है कि, पहले भी जम्मू में लोगों के घरों में मीटर लगे हुए थे जो ठीक चल रहे थे और उनका बिल बिल्कुल ठीक आ रहा है, फिर यह मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर क्यों लग रहे हैं, लेकिन जो अभी यह प्रशासन स्मार्ट मीटर की पॉलिसी लेकर आया है। इससे लोगों के बिल बहुत ही ज्यादा आ रहे हैं। किसी का 40 हजार किसी का 50 हजार किसी का बिल लाख आ रहा है। अमित कपूर का कहना है कि जिनके घर बंद है जिनकी दुकाने बंद है, जिनके घर भी बंद पड़े हैं।



उनका बिल भी 20 30 हजार रुपया आ रहा है। बिना बिजली इस्तेमाल किया अमित कपूर का कहना है कि, यह जम्मू के डोगरा पर अत्याचार है। उन्होंने यह भी कहा कि, कोई ड्राइवर है कोई ईरिक्शा चलाता है। कोई देहारी लगता है कोई मजदूरी करता है वह इतने इतने बड़े बिल कहां से देंगे। उनके पास तो खाने के लिए भी पैसे नहीं होते हैं। अमित कपूर जी ने कहा जम्मू के डोगरों पर जुर्म हो रहा है। इसलिए जम्मू के लोग अब सड़कों पर उतर आए हैं और जम्मू की नारी शक्ति भी जम्मू की सड़कों पर आ चुकी हैं। स्मार्ट मीटर को बंद करने के लिए उग्र प्रदर्शन किया जा रहे हैं।

जगह-जगह प्रदर्शन के दौरान लोग जम्मू कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा गो बैक गो बैक के नारे लगाते सुनाई देते हैं। अमित कपूर का कहना है कि, कश्मीर के लोगों और जम्मू के डोगरों लोगों में भेदभाव क्यों किया जाता है। अमित कपूर ने एलजी प्रशासन से मांग की जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर बंद करिए जो पहले मीटर लगे हुए थे वही रहने दीजिए। अमित कपूर ने भारतीया जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि, अब भाजपा के 25 एम एल ए कहां गए हुए हैं, जो वोट मांगने के लिए लोगों के घरों में आ जाते हैं, फिर 5 साल अपना चेहरा नहीं दिखाते और वह एमपी कहां गए, जिनको जम्मू के डोगरों ने जीतया कर लोकसभा में भेजा हुआ है। अमित कपूर का कहना है कि, अब वह सभी भाजपा के बड़े नेता चेहरा छुपा कर बैठे हुए हैं।

## जम्मू कश्मीर राजपूत सभा के युवा चेयरमैन ने विवाद की वजह से दिया इस्तीफा

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीर:** जम्मू के पूर्व रह चुके डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता और युवा राजपूत सभा की एक बैठक हुई है जिसमें कविंद्र गुप्ता ने कहा कि, मैंने कोई ऐसी गलत बयान बाजी नहीं की, लेकिन मेरे बयान को तोड़ मरोड़ कर और एडिटिंग कर पेश किया गया है। मैं पहले भी युवा राजपूत सभा के समर्थन में था और अपने जम्मू वासियो के समर्थन में था। पूरे समाज के समर्थन में था जो भी युवा राजपूत सभा ने टोल प्लाजा का मुद्दा उठाया है। मैं इससे पहले कई बार बयान दे चुका हूं कि, जिस सड़क पर हम 1 घंटे में पहुंच जाते थे अब उसमें 4 घंटे लगते हैं। जब तक रोड आप ठीक और बिल्कुल साफ नहीं देते तब तक टोल प्लाजा को बंद कर दिया जाए।



कविंद्र गुप्ता ने यह कहा कि, युवा राजपूत सभा ने जो टूल प्लाजा का मुद्दा उठाया है। वह बिल्कुल जायज है मैं और पूरी भाजपा इसको समर्थन करती है कविंद्र गुप्ता का कहना है कि, युवा राजपूत सभा के सभी मेरे भाई और बेटे लगते हैं हम सारा डोगरा समाज एक ही है, लेकिन किसी शरारती तत्व ने हमारे बीच में झगड़ा डालने की कोशिश की है, लेकिन वह नाकाम रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम रह चुके कविंद्र गुप्ता ने कहा यदि किसी को मेरे बात से दिल को ठेस पहुंची है, तो मैं खेद बोलता हूं और उन्होंने युवा राजपूत सभा के पद अधिकारियों को अपने गले से लगाए युवा राजपूत सभा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री उनकी सारी वर्किंग कमेटी और जो अन्य सदस्य वहां पर मौजूद थे उनका कहना है कि कविंद्र गुप्ता ने खेद बोल दिया है खेद और माफी एक ही बात होती है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस बात से हमारी युवा राजपूत सभा डोगरा समाज जम्मू वासियो संतुष्ट और उनमें खुशी की लहर आ जाएगी युवा राजपूत सभा के अध्यक्ष का कहना है कि, मंगलवार या बुधवार को सरोर टोल प्लाजा में फिर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें उन्होंने पूर्व रह चुके डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता जी को निमंत्रण दिया और पूरी बीजेपी पार्टी को निमंत्रण दिया उनका कहना है कि, सारे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें युवा राजपूत सभा का कहना है कि, सरोर टोल प्लाजा का मुद्दा हमारा निजी मुद्दा नहीं है। यह पूरा जम्मू वासियो और पूरा समाज का मुद्दा है और हमारा एक ही नारा है नो रोड नो टूल इस पर अशासन देते हुए पूर्व रह चुके डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता ने कहा हम वहां पर जरूर आएंगे और हम आपके साथ हैं युवा राजपूत सभा के प्रधान के इस फैसले से चेयरमैन रघुवीर सिंह और कई युवा नेता अन्य सदस्य नाखुश दिखाई दिए।

इसके चलते मीटिंगो का दौड़ चालू हो गया लेकिन जब यह बयान युवा राजपूत सभा के चेयरमैन के सामने आया चेयरमैन रघुवीर सिंह ने मीडिया के माध्यम से तुरंत अपनी बात रखी उन्होंने कहा कि, मैं रघुवीर सिंह युवा राजपूत सभा के चेयरमैन पद से तुरंत इस्तीफा देता हूं रघुवीर सिंह ने कहा कि, जो बयान कविंद्र गुप्ता ने पहले तीन-चार दिन दिया था कि, मेरे बयान को तोड़ मरोड़ का एडिटिंग कर कर पेश किया गया है उसके लिए मैं खेद मांगता हूं। वही बात उन्होंने इस मीटिंग में कही है, लेकिन उन्होंने माफी नहीं मांगी है। उनका यह भी कहना था कि, खेद का मतलब होता है कि, दुख प्रकट करता हूं इसका मतलब यह नहीं होता की माफी मांगी है।

खेद और माफी में आसमान जमीन का अंतर है रघुवीर सिंह का कहना है कि, जो जम्मू वासियो और डोगरा समाज और सारी संस्थाओं ने हम पर जो भरोसा रखा हुआ है। उसको मैं ठेस नहीं पहचाना चाहता ना ही उनको मैं कोई धोखा देना चाहता हूं। जब तक पूर्व रह चुके डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता जी युवा राजपूत सभा से माफी नहीं मांगेंगे मैं अपनी बात में स्थिर हूं युवा राजपूत सभा के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे चुके रघुवीर सिंह का कहना है कि, हमें प्रशासन ने अशासन दिया था कि, कुछ ही दिनों में सरोर टोल टैक्स बंद कर दिया जाएगा, लेकिन सरोर टोल प्लाजा वैसे ही चल रहा है, जैसे पहले चल रहा था।

रघुवीर सिंह ने कहा कि, सुरूर तो प्लाजा को लेकर मैं विरुद्ध करता रहूंगा कि, जब तक आप हमें ठीक रोड और साफ रोड नहीं देते तब तक इसको बंद किया जाए। उसके लिए मैं प्रदर्शन और प्रशासन से मांग करता रहूंगा। क्या भाजपा ने युवा राजपूत सभा के साथ राजनीति खेली है, जिससे युवा राजपूत सभा में फूट डालने का प्रयास किया जा रहा है? क्या भाजपा युवा राजपूत सभा को मुद्दों से ध्यान भटकना चाहती है? क्या पूर्व रह चुके जम्मू कश्मीर के डिप्टी सीएम कविंद्र गुप्ता जी माफी मांगेंगे ? क्या जब तक रोड ठीक नहीं होती सरोर टोल प्लाजा को प्रशासन बंद करेगा? आगे चलकर देखते हैं कि भाजपा एवं युवा राजपूत सभा में चल रहे विवाद की क्या सच्चाई सामने आती है।

## संपादकीय

# जी-20 और भारत का विपक्ष

जी-20 की अध्यक्षता भारत को एक साल पहले मिली थी और सितम्बर 2023 को उसका समापन कार्यक्रम दिल्ली में तय हो चुका था जिसमें सभी देशों के राज्याध्यक्षों को आना था। जिस तरह से देश में वर्ष भर जी-20 की उपयोगिता, उसकी महत्ता और पूरे विश्व के एकात्म भविष्य का रास्ता खोजने के लिए चिन्तन होता रहा, उससे यह स्पष्ट होने लगा था कि भारत एक बार फिर से विश्व में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए तैयार हो रहा है। जी-20 के लोगो 'वसुधैव कुटुम्बकम' से ही संकेत मिलने लगे थे कि अब भारत अपनी संस्कृति, धरोहर व दर्शन को लेकर एपोलोजेटिक नहीं है, बल्कि उस पर गर्व कर रहा है। जिस प्रकार भारत मंडपम् का निर्माण कार्य चल रहा था और वह भारत की सनातन धरोहर के रूप में उभर रहा था, उससे भारत के 'राज परिवार' को यह संकेत तो मिलने शुरू हो ही गए थे कि भविष्य का भारत अपने सनातन धरातल पर खड़ा होने जा रहा है। पिछले हजार साल से अरबों, तुर्कों, मुगलों (यानी एटीएम), पुर्तगालियों, डचों, फ्रांसीसियों व अंग्रेजों यानी एंग्लो सैक्सनों ने (यह संयोग है कि इसमें इटली शामिल नहीं था) इसी सनातन भारत को नष्ट करने का प्रयास किया था। भारत फिर से उठ रहा था। जी-20 में उसे पूरा विश्व देखने वाला था। लेकिन भारत के विपक्ष को भी भारत के इस अभ्युदय को रोकने का हर प्रयास करना था। विपक्ष अभी भी उसी इंडिया से चिपका रहना चाहता है जो एटीएम और पुर्तगाल, इंग्लैंड और फ्रांस (यानी पीईएफ) छोड़ कर गए थे। एटीएम और पीईएफ का दुर्भाग्य है कि किसी देश पर कब्जा करने के पुराने तौर तरीके खत्म हो गए हैं। आज का युग हाईब्रिड वार का है। इसमें सेनाएं भेजने की जरूरत नहीं होती, बल्कि नैरेटिव गढ़े जाते हैं। वे नैरेटिव इंडिया में स्थापित किए जाते हैं। इंडिया के ही कुछ लोग उसे अपने चिन्तन का आधार बना लेते हैं और इन विदेशी नैरेटिवों या आख्यानों से सनातन भारत के नैरेटिव को ध्वस्त करने का प्रयास करते हैं। यह भारत में एटीएम और पीईएफ के अधूरे एजेंडे को इंडिया द्वारा ही पूरा करने की हाईब्रिड रणनीति कही जा सकती है। कांग्रेस के राजपरिवार के लिए लाजिमी था कि इस रणनीति पर जी-20 के समापन से पहले ही अमल करना शुरू कर दिया जाए, ताकि जब देश जी-20 के महासम्मेलन के अवसर पर दुनिया की राजनीति में भारत का नव उदय देख रहा हो तो इंडिया के आवरण तले सनातन भारत को चुनौती दी जा सके। समय व दिन तय थे। जी-20 का महासम्मेलन सितम्बर 2023 में होने वाला था। नया महाभारत होने वाला था। हजारों हजारों साल पहले धृतराष्ट्र ने संजय से पूछा था, 'मेरे और पांडु पुत्रों ने क्या किया? भारत के पांडुपुत्र तो महासम्मेलन की तैयारी कर रहे थे। उधर पटना, बेंगलुरू में इंडिया भी तैयारी में जुट गया था। पटना व बेंगलुरू में स्वयं को भारत की सत्ता का वंशों के आधार पर दावेदार मानने वाले राजपरिवार तो जुलाई 2023 को जुटने शुरू हुए थे, लेकिन अपने एजेंडे पर इस 'इंडिया' के अलग-अलग घटकों ने अपने एजेंडे पर काम इससे भी कई महीने पहले ही काम शुरू कर दिया था।

# घोर संक्रमणकाल से गुजरता भारतीय मीडिया

> देश में यह पहली बार हुआ है जबकि 28 दलों के विपक्षी गठबंधन ने पत्रकारिता की आड़ में देश में साम्प्रदायिकता फैलाने वालों से तंग आ कर इतने राजनैतिक दलों ने एक साथ अनेक चैनल्स व ऐंकर्स के साम्प्रदायिकता फैलाने के उनके रवैय्ये के प्रति अपनी नाराजगी जताते हुये टी वी एंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार की घोषणा की है। गठबंधन की तरफ से साफ शब्दों में यह कहा गया है कि उसने 'नफरत भरे' न्यूज डिबेट चलाने वाले इन टीवी ऐंकर्स के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

-तनवीर जाफरी-

विपक्षी गठबंधन '"इंडिया" ने आखिरकार सत्ता के साम्प्रदायिक एजेंडे को हर समय अपने चैनल्स पर चलाने वाले उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी कर ही डाली। अब इनके विद्वेषपूर्ण कार्यक्रमों में 'इंडिया' का कोई नुमाइंदा शामिल नहीं होगा। कई चैनल्स का बहिष्कार करने की बात भी कहीं गयी है। देश में यह पहली बार हुआ है जबकि 28 दलों के विपक्षी गठबंधन ने पत्रकारिता की आड़ में देश में साम्प्रदायिकता फैलाने वालों से तंग आ कर इतने राजनैतिक दलों ने एक साथ अनेक चैनल्स व ऐंकर्स के साम्प्रदायिकता फैलाने के उनके रवैय्ये के प्रति अपनी नाराजगी जताते हुये टी वी एंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार की घोषणा की है। गठबंधन की तरफ से साफ शब्दों में यह कहा गया है कि उसने 'नफरत भरे' न्यूज डिबेट चलाने वाले इन टीवी ऐंकर्स के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का फैसला किया है। इंडिया गठबंधन का आरोप है कि पिछल नौ साल से रोज शाम पाँच बचे कई चैनल्स पर नफरत का बाजार सज जाता है।और हम सब वहां उस नफरत के बाजार में ग्राहक के तौर पर जाते हैं." परन्तु नफरत भरे नैरेटिव को मंजूरी नहीं दी जा सकती। क्योंकि यह नैरेटिव देश व समाज को कमजोर कर रहा है।

जिन 14 कथित पत्रकारों की सूची जारी की गयी है उनमें दो पत्रकार तो ऐसे भी हैं जो गंभीर अपराधों के आरोप में जेल भी जा चुके हैं। हालांकि इंडिया गठबंधन ने अभी केवल 14 टीवी ऐंकर्स की सूची ही जारी की है परन्तु दरअसल सत्ता की दलाली करने वाले चाटुकार ऐंकर्स व सम्पादकों की संख्या इससे ज्यादा है। यह चाटुकार पत्रकार झूठी खबरें फैला कर, निराधार विमर्श गढ़कर केवल देश का साम्प्रदायिक सौहार्द्र ही नहीं बिगाड़ रहे बल्कि यह पत्रकारिता जैसे जिम्मेदाराना व नैतिकतपूर्ण पेशे को भी कलंकित कर रहे हैं। इनमें 'तिहाड़ी' के नाम से प्रसिद्ध हो चुका एक पत्रकार पिछले ही दिनों केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा एक लाईव शो में सिर्फ इसलिये



जलील किया गया क्योंकि उसने दस वर्षों में शायद पहली बार मंत्री महोदया से टमाटर की बढ़ती क ीमतों के बारे में एक मामूली सा सवाल कर लिया था। मंत्री महोदया ने उसे उसकी तिहाड़ यात्रा याद दिला दी। गोया दस साल तक चरणों में पड़े रहने व दलाली करने का भी यही सिला मिला 'तिहाड़ी' को?

बहरहाल, यह वही ऐंकर्स व मीडिया है जो गत दस वर्षों से देश में ढूंढ ढूंढ कर ऐसे विषय छेड़ता है या उकसाता है जिससे देश का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़े। याद कीजिये कोरोना काल में दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित मरकज में मिले जमाअत के लोगों को इन्होंने 'कोरोना जिहाद' फैलाने वालों के नाम से प्रचारित किया था। मुंबई में कोरोना के समय जब भीड़ रेलवे स्टेशन पर इकठ्ठा हुई तो इन्हीं में से एक ऐंकर की नजर उस वीजुअल पर पड़ी जिसमें भीड़ के पीछे एक मस्जिद नजर आई। बस, फिर क्या था। ऐंकर गला फाड़ कर चीखने लगा कि इस भीड़ का मस्जिद से क्या कनेक्शन है? अभी गत 2 जून को उड़ीसा में बालासोर जिले में बहनगा बाजार रेलवे स्टेशन के निकट तीन ट्रेन्स एक साथ हादसे का शिकार हो गई। वहां भी इन्हीं दलाल व नफरतबाज टी वी ऐंकर्स ने बोलना शुरू किया कि दुर्घटनास्थल के पास एक मस्जिद है। परन्तु बाद में पता चला की वह मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर था। इसी तरह अभी कर्नाटक में 'तिहाड़ी' ने साम्प्रदायिक नफरत के एजेंडे से लबरेज एक भ्रामक खबर चला दी। परन्तु इसबार उसे अपना यह साम्प्रदायिक पूर्वाग्रह भारी पड़ा। उसके विरुद्ध कर्नाटक में प्राथमिकी दर्ज हो गयी है। मामला इस समय कर्नाटक उच्च न्यायलय पहुँच चूका है। उसे जल्द ही गिरफ़्तार भी किया जा सकता है।

न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन (एनबीडीए) जिसमें अधिकांश गोदी मीडिया से जुड़े संपादक स्तर के लोग ही शामिल हैं, कुछ टी वी न्यूज ऐंकर्स तथा भारतीय जनता पार्टी ने 14 टीवी ऐंकर्स के बहिष्कार के 'इंडिया' गठबंधन के फैसले की आलोचना की है। एनबीडीए के अध्यक्ष अविनाश पांडेय ने तो इस फैसले को मीडिया का गला घोंटने जैसा बताया है। उन्होंने कहा कि जो गठबंधन (इंडिया) लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करता है वो इसे खत्म करता नजर आ रहा है। एनबीडीए ने कहा है कि संगठन को इंडिया गठबंधन के इस फैसले से काफी पीड़ा हुई है और वो इसे लेकर चिंतित है। उसने कहा है कि इस फैसले ने एक खतरनाक मिसाल पेश की है। हालांकि चुनिंदा पत्रकारों का बहिष्कार खुद भारतीय जनता पार्टी भी करती रही है। कई वर्षों तक भाजपा ने रवीश कुमार के रहते एन डी टी वी में अपना प्रवक्ता नहीं भेजा। अब खबर है कि ए बी पी न्यूज में संदीप चौधरी के तीखे सवालों से घबराकर भाजपा ने उनके शो में भी अपना प्रवक्ता भेजना बंद कर दिया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गाठ दस वर्षों में एक भी संवाददाता सम्मलेन नहीं बुलाया। जहां तक विपक्षी गठबंधन इंडिया द्वारा सत्ता के चाटुकार ऐंकर्स व चैनल्स के बहिष्कार का सवाल है तो यह पूरा देश व दुनिया के सामने है कि किस तरह मुख्यधारा के तमाम मीडिया चैनल 2013 से ही अपना पत्रकारिता धर्म भूलकर भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे हैं। वे भाजपा के गुप्त सांप्रदायिक एजेंडे को बेरोकटोक प्रचारित प्रसारित करते हैं।

2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद तो इन गोदी मीडिया चैनल्स ने बेशर्मी व बेहयाई की सभी हदें पार कर दी हैं। यह गत दस सालों से सरकार से मंहगाई, बेरोजगारी, तेल गैस के बढ़ते मूल्य, डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा का लगातार गिरते जाना, मणिपुर, मानवाधिकार, चीनी घुसपैठ, भ्रष्टाचार जैसे अनेक सवाल सत्ता व सरकार से पूछने के बजाए कभी कांग्रेस कभी राहुल गाँधी तो कभी विपक्ष से ही सवाल पूछते रहते हैं। पूरा विश्व सत्ता की की जा रही इनकी दलाली व चाटुकारिता को देख कर सतब्ध है। भारतीय मीडिया का इतना अपमान देश के इतिहास में इसके पहले कभी नहीं हुआ। ऐसे ही जमीर फरोश स्वयंभू पत्रकारों की वजह से मुख्य धारा के भारतीय मीडिया को गोदी मीडिया,दलाल मीडिया,चाटुकार मीडिया,चरण चुम्बक,बिकाऊ मीडिया,भांड मीडिया और न जाने कैसे कैसे नामों से नवाजा जा चुका है। आज हालत यह है कि यह सत्ता परस्त व समाज विभाजक बदनाम शुदा टी वी ऐंकर्स जनता के मध्य रिपोर्टिंग करने के लिये नहीं जा सकते। अगर कहीं गये भी हैं तो इन्हें जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ा है। इनमें से कई तो सरकारी सुरक्षा के कवच में रहा करते हैं।

# अगले चुनाव में संस्कृतियों का संघर्ष भी !

-अजीत द्विवेदी-

सबसे पहले यह साफ कर देना जरूरी है कि संस्कृतियों का संघर्ष और सभ्यताओं का संघर्ष बिल्कुल अलग अलग चीजें हैं। ढेर सारी संस्कृतियों को मिला कर एक सभ्यता या एक देश का निर्माण होता है। भारत इसकी मिसाल है। यह अनेक संस्कृतियों का समुच्चय है और सामाजिक स्तर पर इन संस्कृतियों के बीच सतत टकराव चलता रहता है, जिससे सामाजिक सुधारों का रास्ता बनता है। लेकिन शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि संस्कृतियों का सवाल राजनीति और चुनाव का मुद्दा बना हो। यह संभवतः पहली बार है, जब संस्कृति के सवाल राजनीति के केंद्र में हैं और बहुत संभव है कि अगले चुनाव में सांस्कृतिक मुद्दे प्रमुखता से उठाए जाएं। 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक मुद्दों से इतर संस्कृति, भाषा, परंपरा, खान-पान और मान्यताओं से जुड़े मुद्दे भी मुख्य भूमिका में होंगे।सतह के नीचे ये मुद्दे बहुत दिन से मौजूद थे और खदबदा रहे थे लेकिन हाल की कुछ घटनाओं ने इसे सतह के ऊपर ला दिया और लोकप्रिय राजनीतिक विमर्श का मुद्दा बना दिया है। पहली घटना विपक्षी पार्टियों के गठबंधन द्वारा अपना नाम इंडिया रखने की है। इसके बाद इंडिया बनाम भारत की बहस छिड़ी, जो जी-20 शिखर सम्मेलन में चारों तरफ दिखाई दी। ध्यान रहे यह कोर राजनीतिक सवाल नहीं है। यह सभ्यता और भाषा दोनों का सवाल है। जिस दिन से यह विवाद सार्वजनिक स्पेस में पहुंचा है उस दिन से व्हाट्सऐप पोस्ट शेयर हो रहे हैं कि जब दुनिया के किसी देश का नाम अंग्रेजी और हिंदी में अलग अलग नहीं है तो भारत का भी नहीं होना चाहिए। इससे अपने आप अंग्रेजी और हिंदी की बहस छिड़ी है, जिसमें दक्षिण भारत के राज्य स्वाभाविक रूप से शामिल होंगे। जिस तरह जी-20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की कुर्सी के आगे भारत लिखा गया था या प्रधानमंत्री ने जिस तरह से अपने संबोधन में हर बार सिर्फ भारत का इस्तेमाल किया या जिस तरह आयोजन स्थल यानी भारत मंडपम से लेकर पूरे कार्यक्रम में हर तरफ सिर्फ भारत लिखा दिखा उससे यह बहस आगे बढ़ेगी। अगला चुनाव आते आते यह भाषा का बड़ा सवाल बनेगा। इस तरह इस एक मुद्दे में दो मुद्दे हो गए। पहला मुद्दा इंडिया बनाम भारत का है और दूसरा भाषा का है। इंडिया बनाम भारत में आधे-अधूरे या झूठे-सच्चे तथ्यों और तर्कों के आधार पर यह साबित किया जा रहा है कि इंडिया नाम अंग्रेजों या यूरोपीय लोगों का दिया हुआ है और गुलामी का प्रतीक है, जबकि भारत स्वदेशी नाम है, जिसकी जड़ें धार्मिक मान्यताओं में निहित हैं और सदियों से यह नाम प्रचलित है। यह अलग बात है कि इंडिया और भारत दोनों नाम जब चलन में आए तो विंध्य पार का हिस्सा इनमें शामिल नहीं था। हकीकत यह है कि दोनों की उत्पति उत्तर भारत में है। इंडिया नाम की उत्पति सिंधु से हुई है। वह लंबी कहानी है कि कैसे सिंधु से हिंदू हुआ और फिर उसे इंडस, इंडिका या इंडिया हुआ। इसी तरह भारत को लेकर धार्मिक मान्यता है कि दुष्यंत व शकुंतला के पुत्र भरत के नाम पर यह नाम पड़ा या अयोध्या के राजा दशरथ के दूसरे पुत्र भरत के नाम से पड़ा। लेकिन ऐतिहासिक तथ्य मौजूदा समय की रावी नदी के तट पर 10 राजाओं को पराजित करने वाले राजा के नाम से देश का नाम भरत होने का संकेत देते हैं। सो, इंडिया और भारत दोनों नामों की उत्पत्ति उत्तर भारत से है। अगर मोटा-मोटी कहें तो यह विवाद इस बात का है कि भारत सनातन का प्रतीक है और इंडिया सनातन का कंट्रास्ट या उसका विरोधी है।तभी यह अनायास नहीं है कि तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर बेहद तीखा बयान दिया। उदयनिधि के साथ साथ उनकी पार्टी के सांसद ए राजा ने भी सनातन पर बेहद अपनाजनक बयान दिया। लेकिन दिलचस्प बात है कि भाजपा और कुछ हिंदू संगठनों को छोड़ कर किसी ने उनके बयानों की तीखी आलोचना नहीं की। दक्षिण में तो कहीं आलोचना सुनने को नहीं मिली। उलटे इस आधार पर उदयनिधि के बयान को न्यायसंगत ठहराया गया कि उन्होंने सनातन का विरोध यह कहते हुए किया कि वह दलितों, पिछड़ों, वंचितों, आदिवासियों, महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह और भेदभाव वाला है। उन्होंने जातिप्रथा और पितृसत्तात्मक मान्यताओं के उन्मूलन की बात कही, जो सनातन की पहचान है। तमिलनाडु में उदयनिधि ने जो किया वह काम बिहार में शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर और उत्तर प्रदेश में स्वामी प्रसाद मौर्य पहले शुरू कर चुके हैं। सनातन के केंद्र में ब्राह्मण और अन्य अगड़ी जातियां हैं तो उसके कंट्रास्ट में पिछड़े, दलित, आदिवासी हैं। सो, यह संस्कृतियों के संघर्ष का तीसरा मुद्दा है। पहला, इंडिया बनाम भारत, दूसरा, हिंदी बनाम अंग्रेजी और तीसरा, सनातन बनाम पिछड़ा-दलित-आदिवासी-महिला आदि।इसी से जुड़ी चौथा मामला है शाकाहार और मांसाहार का। खान-पान का मामला बेहद निजी होता है लेकिन यह प्रत्यक्ष रूप से संस्कृतियों से जुड़ा है।

# सड़क दुर्घटनाओं से जूझता पहाड़

-गिरीश बिष्ट-

भारत में प्रति वर्ष जितने लोग विभिन्न बिमारियों के कारण मौत के मुंह में समा जाते हैं, तकरीबन उतनी ही संख्या में अकेले सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी जान गंवा देते हैं. मैदानी इलाकों के साथ साथ पहाड़ी राज्यों में भी प्रति वर्ष अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है. पहाड़ी राज्य उत्तराखंड इसका उदाहरण है. जहां वर्ष 2021 में 1405 सड़क हादसे (820 मृत्यु व 1613 घायल), 2022 में 1674 सड़क हादसे (1042 मृत्यु व 1613 घायल) 05 जून, 2022 को यमुनोत्री हाईवे पर डामटा के पास बस हादसे में 26 यात्रियों की मौत, 04 अक्टूबर, 2022 को पौड़ी के सिमड़ी में बस हादसा हुआ जिसमें 33 लोगों की मौत हुई, 18 नवम्बर, 2022 को चमोली के जोशीमठ में सूमों हादसा और 12 यात्रियों की मौत.

इस प्रकार के कई हादसे हैं, जिनके बारे में सोचकर ही रूह कांपने लगती है. 2023 में भी सड़क हादसों का क्रम जारी है. पहाड़ों पर अधिकांश दुर्घटनाओं का कारण ओवरस्पीड, नशा करके गाड़ी चलाना, यायातायात के नियमों का पालन न करना, आदि पाया गया है. सरकार द्वारा इस पर लगाम हेतु पहल भी की गयी है. परिवहन विभाग द्वारा भी निगरानी बढ़ाई गई है, लेकिन इसके बावजूद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं. ऐसे में यह परिवहन विभाग व राज्य सरकार के सामने चुनौती बनी हुई है कि आखिर साल दर साल बढ़ रहे सड़क हादसों पर कैसे लगाम कसी जाए? राज्य में हर दिन सड़कें खून से लाल हो रही हैं. इसके लिए ओवरस्पीड व गलत दिशा में वाहनों का चलना व यातायात के नियमों का पालन करना ही शामिल नहीं है. बल्कि कई जगह सड़कों की खराब हालत भी जिम्मेदार है. जर्जर हो चुकी सड़कों के चलते सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित खबरों का न्यूजपेपर में आना आम सी बात हो गई है. दरअसल सड़कें बनाते समय सही मानकों का पालन नहीं किया जाता है. जिसके कारण सड़कों की हालत खराब रहती है. यदि सही मात्रा में मटेरियल को मिलाकर कार्य किया जायेगा तो इसके जल्द खराब होने की संभावना नहीं होती है. वर्तमान समय में बनने वाली सड़कें बारिश की पहली बूंद में ही दम तोड़ देती हैं. अलबत्ता कागजों में संबंधित कार्यों की वाहवाही जरूर होती है. वही दूसरी ओर पहाड़ों पर सिंगल लेन का होना व रोडों पर गाड़ियों का जमावड़ा एवं अतिक्रमण भी इन दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार साबित हो रहे हैं. पहाड़ों में हर ग्राम तक सड़क पहुंचाने के चक्कर में मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए हजारों लिंक रोड बनायी जा रही हैं. जिसके लिए पहाड़ों पर ब्लास्टिंग व मशीनों से पहाड़ों का कटान किया जाता है. इससे पर्वत कमजोर हो रहे हैं. साथ ही बदलते मौसम की मार भी सड़कों पर सफर को जोखिम भरा बना रही है.

इस संबंध में नैनीताल स्थित धारी ब्लॉक के सेलालेख गांव के बुजुर्ग खजान चन्द्र मेलकानी बताते हैं कि 'पहाड़ों के लिए सड़कों का महत्व केवल यात्राओं के लिए ही नहीं, वरन् आजीविका के लिहाज से भी अत्यन्त आवश्यक है. पहाड़ों में उत्पादित सभी वस्तुएं चाहे वह साग-सब्जी, फल, मसाले या औषधी पौध ही क्यों न हो, इनका उपयोग पूर्ण रूप से पहाड़ों पर इनके स्थानों तक पहुंचना होता है, जहां इनकी मांगें होती हैं. इसके लिए परिवहन सबसे सशक्त माध्यम होता है. लेकिन अक्सर अधिक वर्षा के चलते सड़कें ध्वस्त हो जाती हैं जिसको बनने में काफी समय लगता है. इस दौरान पर्वतीय समुदाय को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. चाहे वह इन उत्पादों को उन स्थानों पर भेजने में हो या फिर मैदानी क्षेत्रों से पर्वतीय क्षेत्रों को भेजी जाने वाली दैनिक आवश्यकता की सामग्री क्यों न हो. काश्तकार काफी मेहनत से अपने खेतों में उत्पादन करते हैं और यदि वह समय से बाजार में न जाए तो उनकी मेहनत व्यर्थ सी हो जाती है. इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति बिगड़ जाती है.

वास्तव में, किसी भी देश के आर्थिक विकास में यातायात एवं संचार के साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. देश का कृषि, व्यापार व औद्योगिक विकास परिवहन के साधनों पर निर्भर करता है. जबकि उत्तराखंड में मानसून की दस्तक और आए दिन भूस्खलन के कारण सड़कों के बन्द होने का सिलसला आम सी बात है. पर्वतीय राज्यों में उत्तराखंड तीसरे नंबर पर आता है जहां सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं.

# सनातन धर्म का कोढ़ है जाति प्रथा

-राम पुनियानी-

हिन्दू धर्म का कोई पैगम्बर नहीं है और ना ही उसकी कोई एक किताब है। यहां तक कि 'हिन्दू' शब्द का इस्तेमाल हिन्दू धर्मग्रंथों में कहीं नहीं किया गया है। यही कारण है कि विभिन्न टीकाकारों और सुधारकों ने हिन्दू धर्म और उसके सिद्धांतों की अपने-अपने ढंग से व्याख्या की है। यहां तक कि कुछ लोग इसे धर्म न बताते हुए जीवन पद्धति की संज्ञा देते हैं। सच यह है कि हिन्दू धर्म कई विविध और कुछ मामलों में विरोधाभासी सिद्धांतों का मिश्रण है, जिन्हें मोटे तौर पर दो भागों में बांटा जा सकता है - ब्राम्हणवादी (जिसका आधार हैं वेद, मनुस्मृति और जातिगत व लैंगिक पदक्रम) और श्रमण (नाथ, तंत्र, भक्ति, शैव व सिद्धांत परंपराएं)।

सनातन धर्म से आशय है कोई ऐसा धर्म जो शाश्वत है अर्थात जो हमेशा से था। 'धर्म' शब्द को भी परिभाषित करना सहज नहीं है। इस शब्द के कई अर्थ हो सकते हैं, जैसे धर्म द्वारा निर्धारित कर्तव्य या आध्यात्मिक व्यवस्था अथवा पवित्र आचार-विचार या फिर सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संकलन। शशि थरूर अपनी पुस्तक 'वाय आई एम ए हिन्दू' में लिखते हैं कि 'धर्म वह है जिसका हम पालन करते हैं। इन जटिलताओं को परे रख कर हम इतना तो कह ही सकते हैं कि सनातन धर्म शब्द का प्रयोग हिन्दू धर्म, विशेषकर लैंगिक व जातिगत ऊंच-नीच पर आधारित उसके ब्राम्हणवादी संस्करण, के लिए किया जाता रहा है। यही कारण है कि अंबेडकर का मानना था कि हिन्दू धर्म दरअसल ब्राम्हणवादी धर्मशास्त्र है। हिन्दू धर्म हिन्दुत्व या हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति, जो मनुस्मृति और तदानुसार जातिगत ऊँच-नीच को मान्यता देती है, का मूलाधार है। एक तरह से आज सनातन धर्म को जातिगत ऊँच-नीच का पर्याय मान लिया गया है।

हमें उदयनिधि स्टालिन (स्टालिन जूनियर या एसजे) के सनातन धर्म के उन्मूलन के आव्हान को इस पृष्ठभूमि में समझना होगा। एसजे, पेरियार की परंपरा में रचे-बसे हैं। पेरियार ने आत्मसम्मान आंदोलन शुरू किया था जो जातिगत समानता और पितृसत्तात्मकता के उन्मूलन पर केन्द्रित था। पेरियार ब्राम्हणवादी नियमों और प्रथाओं, जिनका समाज में जबरदस्त बोलबाला था, के कटु आलोचक थे। पेरियार के पहले अंबेडकर की मौजूदगी में उनके साथी सहस्त्रबुद्धे ने मनुस्मृति का दहन किया था। अंबेडकर का मानना था कि मनुस्मृति जातिगत असमानता को वैधता प्रदान करती है। ब्राम्हणवाद, जिसे सनातन धार्मिक मूल्यों का संकलन बताया जाता है, की प्रभुता से उद्वेलित हो अंबेडकर ने घोषणा की थी कि, मैं एक हिन्दू के रूप में पैदा हुआ था। यह मेरे हाथ में नहीं था। परंतु मैं एक हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं। एसजे ने कहा कि सनातन धर्म वह सिद्धांत है जो लोगों को जाति और धर्म के नाम पर बांटता है... (द टाईम्स ऑफ इंडिया, 4 सितंबर 2023)।

एसजे ने केवल वही दुहराया है जो पेरियार और अंबेडकर ने अलग शब्दों में कहा था। 'सनातन धर्म' शब्द के इस्तेमाल के चलते एसजे के वक्तव्य को किस तरह तोड़ा-मरोड़ा गया यह भाजपा के प्रवक्ता अमित मालवीय की ट्वीट से जाहिर है। मालवीय ने एक्स पर लिखा, 'तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र और डीएमके सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना मलेरिया और डेंगू से की है.... संक्षेप मे वे यह आव्हान कर रहे हैं कि भारत की 80 प्रतिशत आबादी, जो सनातन धर्म की अनुयायी है, का कत्लेआम कर दिया जाए। यहां मालवीय न केवल एसजे के बयान को तोड़-मरोड़ रहे हैं वरन् वे इस बात की पुष्टि भी कर रहे हैं कि आज सनातन धर्म और हिन्दू धर्म एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं।

एसजे ने जाति के उन्मूलन की बात कही है ना कि लोगों के। जब अंबेडकर जाति के विनाश की बात कहते हैं तो वे यह नहीं कह रहे होते हैं कि हिन्दुओं का नरसंहार होना चाहिए। अंबेडकर का आशय और एसजे का आव्हान एक ही हैं। भाजपा के नेता जानबूझकर एसजे के बयान को तोड़-मरोड़ रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि एसजे का डीएमके, इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। अमित शाह आमसभाओं में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने कभी भारतीय संस्कृति का सम्मान नहीं किया और यह भी कि एसजे का आव्हान 'हेट स्पीच' है। सच यह है कि जाति व्यवस्था के विनाश की कामना करना या असमानता पर आधारित किसी भी व्यवस्था का विरोध करना 'हेट स्पीच' नहीं हो सकता। एसजे ने वही कहा जो अंबेडकर और पेरियार ने कहा था। यहां मुख्य मुद्दा यह है कि ब्राम्हणवादी हिन्दू धर्म ने सनातन धर्म का चोला ओढ़ लिया है।

सच यह भी है कि अलग-अलग दौर में एक ही शब्द के अलग-अलग अर्थ होते हैं। जब गांधीजी देश को एक करने और अछूत प्रथा का निवारण करने का प्रयास कर रहे थे तब उन्होंने स्वयं को सनातन धर्म और हिन्दू धर्म का अनुयायी बताया था। सन् 1932 के बाद कुछ सालों तक गांधीजी का जोर अछूत प्रथा के उन्मूलन और दलितों को मंदिरों में प्रवेश दिलाने पर था। अतीत में बौद्ध और जैन धर्मों को भी सनातन बताया जाता था। आज आरएसएस, जो ब्राम्हणवाद को राष्ट्रवाद से जोड़ता है, हिन्दू धर्म के लिए सनातन शब्द के प्रयोग को बढ़ावा दे रहा है। यही कारण है कि एसजे को सनातन धर्म शब्द का प्रयोग करना पड़ा। जहां तक 'हेट स्पीच' का सवाल है, एसजे ने केवल उन मूल्यों के उन्मूलन की बात कही है जो जातिगत ऊँच-नीच को औचित्यपूर्ण और वैध ठहराते हैं। इसे किसी भी तरह से हेट स्पीच नहीं कहा जा सकता।

भाजपा के नेता और प्रवक्ता उदयनिधि के वक्तव्य के बहाने कांग्रेस और इंडिया पर बिना किसी आधार के हमले कर रहे हैं। इस आरोप में कोई दम नहीं है कि कांग्रेस ने भारतीय संस्कृति का सम्मान नहीं किया।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## एक नजर

### दिल्ली में पैनासोनिक लिविंग स्टोर

**नयी दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन मेटेरियल्स (ईसीएम) के उत्पादक पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसई) ने राजधानी दिल्ली में पैनासोनिक लिविंग स्टोर के अपने नये फ्रैंचाइज स्टोर को लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके साथ वह भारत में अपनी खुदरा मौजूदगी को बढ़ाने के लिये तैयार है। सुल्तानपुर स्थित नया सैकमेह इंटरनेशनल स्टोर में घरों तथा रहन-सहन के लिये जरूरी ब्रांड के मॉड्यूलर किचन्स, वार्डरोब्स, सीटेड शॉवर्स, इलेक्ट्रिक टॉयलेट सीट्स, वुडन फ्लोरिंग और केएमईडब्ल्यू एक्सटर्नल क्लैडिंग जैसी सारी वस्तुएं होंगी। यह स्टोर पैनासोनिक के सबसे नये किचन डिजाइन और दूसरी अभिनव पेशकशें दिखाएगा। पैनासोनिक लाइफ सोल्यूशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले एंकर इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) जापान की पैनासोनिक होल्डिंग कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। यह इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन मटीरियल की प्रमुख कंपनी है, जिसकी पूरे भारत में मौजूदगी है। कंपनी के उत्पादों में वायरिंग डिवाइसेज (स्विच, सॉकेट और ऐक्सेसरीज), वायर, केबल, स्विचगियर, कॉन्ड्यूटपाइप, बॉक्स, सोलर मॉड्यूल, इनवर्टर्स एंड सोलर ईपीसी सोल्यूशंस, आवासीय और वाणिज्यिक प्रकाश व्यवस्था, आईओटी और होम ऑटोमेशन, आईएक्यू (इनडोर एयर क्वॉलिटी/ पंखे) वॉटर हीटर, ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर/ चार्जर्स और मॉड्यूलर किचन, वार्डरोब जैसे कि हाउसिंग सोल्यूशंस, इलेक्ट्रॉनिक टॉयलेट सीट (ईटीएस), क्लोड्स ड्राइंग सिस्टम, केएमईडब्ल्यू बोर्ड, आदि शामिल हैं।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नयी दिल्ली । वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 0.32 प्रतिशत उबलकर 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 93.94 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### मर्सिडीज नयी इलेक्ट्रिक कार

नयी दिल्ली। लक्जरी यात्री वाहन बनाने वाली जर्मन कंपनी मर्सिडीज बेंज की भारतीय इकाई ने आज अपने वैश्विक पोर्टफोलियो से टॉप इंड लक्जरी ईलेक्ट्रिक वाहन ईक्यूएस 500 4मैटिक एसयूवी लॉन्च की जिसकी अखिल भारतीय एक्स शोरूम कीमत 1.39 करोड़ रुपये है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ईक्यूई एसयूवी मर्सिडीज-बेंज के लक्जरी बीईवी पोर्टफोलियो को और मजबूत करेगी, जो भारत के लिए योजनाबद्ध बीईवी रोडमैप को रेखांकित करेगी। अपने एसयूवी अवतार में नया ईक्यूएस 500 अपनी श्रेणी का अत्याधुनिक तकनीक के साथ एक विद्युतीकरण डिजाइन के संयोजन से लक्जरी स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन अनुभव को फिर से परिभाषित करता है। उसने कहा कि फुल चार्ज पर 550 किलोमीटर चलने वाली बैटरी से यह लैस है। फ्रंट और रियर एक्सल दोनों पर इलेक्ट्रिक पावरट्रेन 300 किलोवाट की पावर और 858 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। यह केवल 4.9 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। इसमें 90.56 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक है।

### योगा बार ने पेश किया नया योगा बेबी उत्पाद

नयी दिल्ली। हेल्थ फूड ब्रांड योगा बार ने योगा बेबी झ एक नई प्रोडक्ट रेंज पेश की है जो परिवार के सबसे छोटे सदस्यों की पोषण जरूरतों के लिए तैयार किया गया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस नई रेंज में दलिया मिक्स के पांच वेरिएंट होंगे झ स्प्राउटेड रागी एंड मैंगो, स्प्राउटेड रागी स्ट्रॉबेरी, स्प्राउटेड रागी, सैफरन, ओट्स एवं ओट्स, डेट्स एंड मिलेट्स शामिल है। योगा बेबी, माताओं और दादी मांओं की पारंपरिक विधियों से प्रेरित होकर तैयार किया गया है। इस रेंज में मिलेट्स यानि बाजरा को शामिल किया गया है, पौष्टिक खूबियों से भरपूर इन सामग्रियों में मिलेट्स, ओट्स और रागी जैसे साबुत अनाजों के मिश्रण के साथ योगा बेबी ने बाजार में कदम रखा है। ब्रांड का उद्देश्य माताओं एवं अभिभावकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से दोबारा जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि अपने बच्चों को भरपूर पोषण प्रदान कर सकें। योगा बेबी मिक्स का प्रत्येक वेरिएंट बच्चों की बढ़ती उम्र की पोषण जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। यह प्रोडक्ट योगा बार के ऑनलाइन स्टोर एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है और जल्द ही रीटेल दुकानों पर भी मिलने लगेगा।

### शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन- दाल मजबूत, चावल यथावत

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली सुधार लिए बताई गई। खाद्य तेलों में मूंगफली तेल तेजी लिए रहा। तिलहनों में खरीदी बताई गई। मंडी बंद रही। दाल तथा चावल में कामकाज सामान्य बताया गया। शक्कर में उठाव बढ़ा बताया गया।आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा तिलवाली से मजबूत बना बताया गया। साबूदाना में लिवाली सुस्त बताई गई। मांग सुधार से खाद्य तेल तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल आज भी महंगा बिका। तिलहनों में उठाव से तेजी मंदी का अभाव रहा। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी बंद रही। दालों में उठाव बना बताया गया।तुअर दाल तथा चना दाल मजबूती लिए रहीं। चावल में खरीदी रही इससे तेजी मंदी का अभाव रहा।

# निपाह वायरस के प्रकोप से पर्यटन को नुकसान की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल में निपाह वायरस का प्रकोप फैलने के बाद पीक सीजन से ऐन पहले पर्यटन को काफी नुकसान पहुंचने की आशंका है। लोग प्रभावित इलाकों में आने से कतरा रहे हैं और आखिरी वक्त में अपनी योजनाएं रद्द कर रहे हैं और यात्रा रोकने का सिलसिला करीब 30 फीसदी तक पहुंच गया है। अगर स्थिति और अधिक खराब हुई और दूसरे देशों ने यात्रा पर प्रतिबंध लगाए या वीजा नियमों में सख्ती की तो राज्य पर ज्यादा असर पड़ेगा क्योंकि केरल के करीब 40 लाख भारत के बाहर रहते हैं।

पर्यटन उद्योग को उम्मीद है कि इसका प्रभाव थोड़े वक्त के लिए ही होगा क्योंकि इस तरह की संकटपूर्ण स्थितियों से निपटने में सरकार पहले भी अपना प्रबंधन और महारत दिखा चुकी है। हालांकि, निपाह वायरस से केरल के कोझिकोड जिले में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है और दो लोग इससे संक्रमित भी हैं।

कई अन्य लोगों में इस वायरस के लक्षण दिख रहे हैं जबकि बड़ी तादाद में लोग इसकी निगरानी में हैं। प्रदेश सरकार की चिंताओं को बढ़ाते हुए मंगलवार को एक डेंटल कॉलेज के छात्र को तिरुवनंतपुरम के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। छात्र में निपाह वायरस के लक्षण दिख रहे थे।

यह राज्य के फलते-फूलते पर्यटन क्षेत्र के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है, जो इस साल धीरे धीरे सुधार के रास्ते पर बढ़ रहा था। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक कैलेंडर वर्ष 2023 की पहली छमाही में प्रदेश में करीब 1,06,83,643 घरेलू पर्यटक आए। यह पिछले साल की इसी अवधि के दौरान आए 88,95,593 पर्यटकों से 20 फीसदी ज्यादा है।

इस विदेश से आने वाले पर्यटकों की संख्या भी 172 फीसदी बढ़कर



2,87,730 हो गई है। साल 2022 में प्रदेश के पर्यटन राजस्व में 186 फीसदी का इजाफा हुआ था। यह एक साल पहले के 12,286 करोड़ रुपये से बढ़कर 35,168 करोड़ रुपये हो गया।

केरल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (केएचआरए) के जिला सचिव संतोष कुमार यूएस ने कहा, कोझिकोड जिले में होटलों की बुकिंग रद्द होने की घटना में 30 फीसदी का इजाफा हुआ है। हालांकि, साल 2018 में जब निपाह का प्रकोप फैला था उस वक्त 80 से 90 फीसदी बुकिंग रद्द हो गई थीं। उस लिहाज से यह कम ही है। उस दौरान निपाह वायरस ने उद्योग को महीने भर तक प्रभावित किया था। ऐसे संकटों के प्रबंधन में सरकार के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की दक्षता और वैश्विक महामारी कोविड के दौरान वैश्विक और घरेलू जागरूकता को देखते हुए हमको पक्का यकीन है कि इस बार भी हम ऐसी चुनौतीपूर्ण अवधि से निपट लेंगे। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार साल 2022 में केरल में महज 3.50 लाख विदेशी पर्यटक गए जो भारत आने वाले कुल विदेशी पर्यटकों का सिर्फ 4 फीसदी है जबकि गुजरात के मामले में यह आंकड़ा 21 फीसदी और महाराष्ट्र के मामले में 18 फीसदी और पश्चिम बंगाल के मामले में 12 फीसदी था। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और राजस्थान अन्य राज्य हैं जो विदेशी पर्यटकों की संख्या के मामले में केरल से बेहतर हैं। केरल आने वाले पर्यटकों का एक बड़ा हिस्सा घरेलू पर्यटकों का है और आने वाले त्योहारी सीजन में इस क्षेत्र को बढ़ावा मिलने की उम्मीद थी।

एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) की केरल राज्य विकास परिषद के चेयरमैन राजा सेतुनाथ ने कहा, झहमें नहीं लगता कि प्रदेश के उद्योग और विनिर्माण क्षेत्र पर किसी तरह का प्रभाव पड़ेगा। यह सिर्फ कोझिकोड तक सीमित रह सकता है बशर्ते तिरुवनंतपुरम में भी निपाह मामले की पुष्टि न हो जाए। सरकार ने पहले ही कोझिकोड जिले की सात ग्राम पंचायतों- अतनचेरी, मारुतोंकारा, तिरुवल्लूर, कुट्टियाडी, कयाक्कोडी, विल्यापल्ली और कविलुम्परा को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। अब तक करीब 130 लोगों की जांच की गई है और संदिग्ध मरीजों के संपर्क में आए करीब 200 से अधिक लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

टूर ऑपरेटर एसोसिएशन इन केरल के अब्दुल नजीर एमएम का कहना है, हम आखिरी वक्त में यात्राएं रद्द होने की उम्मीद कर रहे हैं।

हालांकि, अभी तक यात्रियों में किसी तरह की दहशत देखने को नहीं मिल रही है। राज्य सरकार सभी जरूरी सावधानियां बरत रही है और हम उसका पालन कर रहे हैं।

## सोना 1880-1830 डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान: एम के वेल्थ

मुंबई, एजेंसी। सम्पत्ति बाजार में जोखिमों का विश्लेषण एवं निवेश समाधान सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की एक ताजा रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया कि अभी आने वाले कुछ समय तक वैश्विक बाजार में सोने का भाव 1880-1830 डॉलर प्रति औंस के एक लंबे दायरे में नीचे-ऊपर जा सकता है। वर्तमान में सोने के भाव 1960 डॉलर के दायरे में हैं। नेविगेटर शीर्षक से इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने का बाजार पिछले एक महीने से 1880-1960 डॉलर के बीच है जबकि पिछले दो महीनों के दौरान गोल्ड ईटीएफ से निवेश की निकासी देखी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीएफ में हाल के हफ्तों के दौरान पुनः कुछ पूंजी प्रवाह तेज हुआ है। इससे इस महंगी धातु में मजबूती आ सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि बाजार में सोने में उतार-चढ़ाव मूलतः दो



कारकों, अमेरिकी ब्याज दरों की दिशा और अमेरिकी डॉलर की दिशा से जुड़ा होता है। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की संभावनाओं से डालर की विनिमय दर में भी मजबूती आने की संभावनाएं बनी हुई हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ने अपने पिछले सम्बोधन में साफ किया था कि देश में मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए अभी ब्याज दर और बढ़ने की जरूरत पड़ सकती है। पहले अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को लेकर चिंता और अनिश्चितताएं व्यक्त की जा रही थीं, जिससे निवेश के विकल्प के रूप में सोने में चमक आ गयी थी, पर वे अनिश्चितताएं सही साबित नहीं हुई और अमेरिका में बेरोजगारी कम हुई है जो अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय व्यापारियों को कुछ विकसित देशों में आर्थिक नरमी है और उसकी गहनता को लेकर चिंता है। इससे सोने की मांग तेज होने की संभावना कम है। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि मुद्रास्फीति और अनिश्चितताओं का वातावरण सोने को बढ़त दे सकता था, अगस्त की जैक्सन होल बैठक में फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरॉम पावेल के संबोधन केबाद मुद्रास्फीति के खिलाफ अमेरिकी फेड की लड़ाई का महत्व अधिक हो गया है। रिपोर्ट अनुसार ऐसे वातावरण में निकट अवधि में सोने का बाजार सीमित दायरे में दिखेगा।

## वाणिज्यक वस्तुओं का निर्यात अगस्त में 7 प्रतिशत घटा, व्यापार घाटा 24.16 अरब डॉलर



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विश्व के प्रमुख बाजारों में कमजोर मांग के बीच, भारत से व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात में अगस्त 2023 में वार्षिक आधार पर 6.86 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गयी । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में वाणिज्यिक निर्यात 34.48 अरब डॉलर रहा।अगस्त 2022 में व्यापारिक वस्तुओं का निर्यात 37.02 अरब डॉलर रहा था। अगस्त माह में वाणिज्यक आयात में भी डॉलर के हिसाब से सालाना आधार पर 5.23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अगस्त, 23 में आयात घट कर 58.64 अरब डालर रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने में आयात 61.88 अरब के बराबर था। इस साल अगस्त में व्यापार घाटा 24.16 अरब डॉलर रहा। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-अगस्त 2023 की अवधि के लिए वाणिज्यिक निर्यात 172.95 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-अगस्त 2022 के दौरान देश से 196.33 अरब डालर के सामान का निर्यात हुआ था। ताजा आंकड़ों अनुसार अप्रैल-अगस्त 2023 में भारत का कुल निर्यात (वस्तु और सेवाओं को मिला कर) अप्रैल-अगस्त 2022 की तुलना में 5.22 प्रतिशत गिरा। इसी तरह इस चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल आयात एक साल पहले की इसी अवधि से 10.35 प्रतिशत कम रहा।

## दूरसंचार, ऑटो, आईटी और टेक समूहों में लिवाली से बाजार गुलजार

मुंबई, एजेंसी। दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक के दरों में वृद्धि के लंबे चक्र को समाप्त करने के करीब पहुंचने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर सीडी, वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत दस समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में आज ग्यारहवें दिन भी तेजी रही।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.63 अंक की छलांग लगाकर 67838.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.25 अंक की तेजी लेकर 20192.35 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत की बढ़त लेकर 32,505.37 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 37,828.56 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3786 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1932 में लिवाली जबकि 1701 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 32 कंपनियां हरे जबकि 18 लाल निशान पर रही।

बीएसई के दस समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान दूरसंचार 1.67, ऑटो 1.48, सीडी 0.61, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.37, इंडस्ट्रियल्स 0.12, आईटी 0.76, बैंकिंग 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41 और टेक समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत मजबूत रहे।

विदेशी बाजारों का रुख सकारात्मक रहा।

इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, जर्मनी का डैक्स 0.97, जापान का निक्केई 1.10 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.75 प्रतिशत की मजबूती रही जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत उतर गया।

## टाटा स्टील ब्रिटेन में करेगी 1.25 अरब यूरो का निवेश

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा स्टील और ब्रिटेन सरकार ने पोर्ट टैलबोट साइट पर 1.25 अरब यूरो की लागत से अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्टीलमेकिंग का करार किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस प्लांट के लिय ब्रिटेन सरकार 50 करोड़ यूरो का अनुदान देगी।

उसने कहा कि टाटा स्टील और ब्रिटेन सरकार संयुक्त रूप से स्टील उद्योग में दशकों के सबसे बड़े निवेश के प्रस्ताव पर सहमत हैं।

टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने कहा झ ब्रिटेन सरकार के साथ समझौता इस्पात उद्योग और वास्तव में औद्योगिक मूल्य श्रृंखला के भविष्य के लिए एक निर्णायक क्षण है। प्रस्तावित निवेश महत्वपूर्ण रोजगार को संरक्षित करेगा और दक्षिण वेल्स में हरित प्रौद्योगिकी-आधारित औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के विकास के लिए एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करेगा।




टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने कहा झटाटा स्टील यूके को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दशकों में ब्रिटेन स्टील उद्योग में सबसे बड़े निवेशों में से एक प्रस्तावित परियोजना, सभी हितधारकों के लिए बेहतर परिणाम का अवसर प्रदान करती है। हम टाटा स्टील यूके के लिए भविष्य के जोखिम और अवसरों के संदर्भ में प्रस्तावित परिवर्तन मार्ग पर यूनियनों के साथ सार्थक परामर्श करेंगे।

सरकार के समर्थन और सभी हितधारकों के साथ टाटा स्टील यूके के कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों से, हम टाटा स्टील यूके को एक हरित, आधुनिक भविष्य के लिए तैयार व्यवसाय में बदलने के लिए काम करेंगे।"

यह परियोजना ब्रिटेन की इस्पात सुरक्षा को मजबूत करेगी और स्थानीय इस्पात उद्योग के डीकार्बोनाईजेशन की दिशा में पहला बड़ा कदम होगा, जिससे एक दशक में प्रत्यक्ष उत्सर्जन में पांच करोड़ टन की कमी आएगी।

इसके साथ ही मैटीरियल विज्ञान में वैश्विक अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने की टाटा स्टील की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, कंपनी ने आज दो अतिरिक्त नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए 4 वर्षों में लगभग दो करोड़ यूरो का निवेश करने की भी घोषणा की।

## सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल सस्ता

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के दाम 1000 रुपये से अधिक गिर गये।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 30 रिंगिट बढ़कर 3690 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 सेंट की बढ़त के साथ 61.76 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सोया रिफाइंड 220 रुपये और वनस्पति तेल 1081 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

## भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय करने को प्रतिबद्ध: गोयल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रस्तावित भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना के संदर्भ में शुक्रवार को कहा कि जी20 की इस पहल पर सहमति में भारत की भूमिका अग्रणी रही और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ समन्वय के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि भारत इस दिशा में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने को प्रतिबद्ध है। वह यहां नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित स्वच्छ ऊर्जा पर चौथे




अंतराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी' के उत्सव में एक परिचर्चा में मुख्य वक्ता थे। इसका विषय था- 'वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला को दृढ़ता प्राप्त करने में भारत को भागीदार के रूप में स्थापित किया जाना । झ उन्होंने कहा कि नयी दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में हाल में सम्पन्न जी20 शिखर सम्मेलन में भारत- पश्चिम एशिया- यूरोप आर्थिक गलियारा परियोजना, हरित हाइड्रोजन और सम्पर्क परियोजनाओं के क्षेत्र में समूह के देशों के बीच सहमति इन क्षेत्रों में दुनिया को साथ लाने के लिए कार्य करने की भारत की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

उन्होंने जी20 के नेताओं के नयी दिल्ली घोषणा पत्र दुनिया को स्वच्छ, टिकाऊ और समावेशी ऊर्जा की ओर ले जाने के विषय में उल्लिखित संकल्प को लागू करने पर जोर दिया।

श्री गोयल ने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे, हरित हाइड्रोजन और कनेक्टिविटी परियोजना जैसी पहलों के माध्यम से भारत वैश्विक नेतृत्व, अड़चनों को दूर करने तथा दुनिया को करीब लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास दुनिया भर में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में योगदान करने के लिए इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और क्षमता है। उन्होंने कहा कि जी20 की नयी दिल्ली घोषणा में स्वच्छ, टिकाऊ, न्यायसंगत, किफायती और समावेशी ऊर्जा परिवर्तन की रूपरेखा दी गई है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत न केवल वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भाग लेना चाहता है, बल्कि दुनिया को अधिक टिकाऊ, समावेशी और परस्पर जुड़ा हुआ बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देना चाहता है। इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्धृत करते हुए कहा, आज कंपनियों ने सीमाओं और सीमितता को सफलतापूर्वक पार कर लिया, लेकिन अब कंपनियों को केवल लाभ कमाने की सोच से उबरने का समय आ गया है। यह काम आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती और स्वस्थ तरीके से कार्य करने पर ध्यान केंद्रित करके किया जा सकता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 526.4 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 55.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.4 अरब डॉलर पर आग गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर पर आ गई।

# भारत ने 23 साल बाद लिया श्रीलंका से बदला, सिराज ने किया लंका दहन

मो. हसन रजा

**नई दिल्ली।** मोहम्मद सिराज (21 रन पर छह विकेट) और हार्दिक पंड्या (तीन रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को श्रीलंका को दस विकेट से रौंद कर आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया।

एशिया कप समेत एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इस जीत का सेहरा करिश्मायी गेंदबाज हैदराबाद के मोहम्मद सिराज के सिर पर बंधा जिन्होने अपनी लहराती गेंदों से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया और मेजबान टीम 15.2 ओवर के खेल में महज 50 रन ही बना सकी। इसके साथ ही सिराज सबसे तेज गति से एक दिवसीय 50 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गये हैं।

जवाब में भारत के इशान किशन (23) और शुभमन गिल (27) ने औपचारिकता निभाते हुये 6.1 ओवर में 51 रन बना कर भारत के नाम ऐतिहासिक जीत दर्ज करा दी। एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की लक्ष्य का पीछा करते हुये यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है।



भारत ने सबसे ज्यादा आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। भारत की यह जीत अगले महीने शुरू हो रहे विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिये संजीवनी साबित होगी।

क्रिकेट के दीवानो द्वारा दिये गये उपनाम मियां मैजिक यानी मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन से आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच श्रीलंका की बल्लेबाजी के कब्रगाह बन गयी। हल्की बरसात के कारण करीब 40 मिनट की देरी से शुरू हुये मैच में सिराज ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुये अपने दूसरे ओवर में एक के बाद एक चार विकेट (पथुम निसंका, सदीरा समराविक्रमा, चरिथ असलंका, धनजंय डिसिल्वा) चटका कर श्रीलंका को मुश्किलों के दलदल में धकेल दिया। इस दलदल से फंसी श्रीलंका की पारी ने छटपटाते हुये 15.2 ओवर के खेल में 50 रन पर दम तोड़ दिया। यह स्कोर एक दिवसीय क्रिकेट इतिहास का तीसरा सबसे कम स्कोर है जबकि एशिया कप के इतिहास में यह किसी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर है।

श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 17 रन बनाये जबकि महीश थीक्षणा के स्थान पर टीम में लिये गये दुसान हेमंता 13 रन बनाकर नाबाद लौटे। सिराज को दूसरे छोर पर जसप्रीत बुमराह (23 रन पर एक विकेट) और हार्दिक पंडया का भरपूर साथ मिला। अपने पहले ही ओवर में बुमराह ने कुसल परेरा को शून्य पर आउट कर मेजबान टीम पर दवाब बनाया जबकि बाद में दुनिथ वेल्लालगे (13), प्रमोद मदुशन (1) और मथीसा पथिराना (0) को सस्ते में चलता कर टीम इंडिया को अपना आठंवा एशिया कप खिताब जीतने का जश्न मनाने का मौका दे दिया। श्रीलंका के आठ बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के स्थान पर नहीं ले जा सके जिनमें पांच तो अपना खाता भी नहीं खोल सके।

## एआईटीए ने अपना अंतिम डेविस कप मैच खेलने जा रहे रोहन बोपन्ना को किया सम्मानित




**लखनऊ, एजेंसी।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन (एआईटीए) ने भारत के स्टार खिलाड़ी रोहन बोपन्ना को गुरूवार रात यहां एक समारोह में सम्मानित किया, जो शनिवार और रविवार को यहां विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में मोरक्को के खिलाफ होने वाले विश्व ग्रुप क्क मुकाबले के दौरान अपने अंतिम डेविस कप मैच में हिस्सा लेंगे। सम्मान समारोह में एआईटीए अध्यक्ष अनिल जैन, भारत डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल, जो भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति के सदस्य भी हैं, एआईटीए महासचिव अनिल धूपर और अन्य एआईटीए अधिकारी उपस्थित थे।

43 वर्षीय बोपन्ना, जो वर्तमान में युगल रैंकिंग में दुनिया में सातवें स्थान पर हैं, ने पिछले हफ्ते यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम युगल फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनकर इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज कराया।

बोपन्ना ऐसाम-उल-हक कुरेशी के साथ 2010 यूएस ओपन में अपने पहले बड़े फाइनल में पहुंचे। तब से, उन्होंने तीन अलग-अलग साझेदारों के साथ तीन बार एटीपी फाइनल में प्रतिस्पर्धा की है। भारतीय टेनिस स्टार, जिन्होंने 2006 में ग्रैंड स्लैम में पदार्पण किया था, ने अंततः कनाडाई साथी गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ 2017 फ्रेंच ओपन में अपना पहला मिश्रित युगल खिताब जीता। इस जीत के साथ ही वह लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा जैसी खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए।

बोपन्ना ने क्रमशः टिमिया बाबोस और सानिया मिर्जा के साथ 2018 और 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिश्रित युगल फाइनल में भी जगह बनाई थी।

## भारत की एशियाई खेलों के प्रतिभागियों की सूची में 22 नए एथलीट हुए शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय ने गुरुवार को आगामी एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल की एक संशोधित सूची साझा की, जिसमें 22 नए खिलाड़ियों को शामिल किया गया और 25 प्रतिस्थापनों के नाम शामिल किए गए, जिनमें एथलीट, कोच और सहायक कर्मचारी शामिल हैं।

आधुनिक पेंटाथलॉन को भी सूची में जोड़ा गया है, इस प्रकार शोपीस में कुल 39 खेल विषयों में भारत की भागीदारी हुई है।

23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक हांगझू, चीन में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत में 260 कोचों और सहायक कर्मचारियों के साथ कुल 655 एथलीट होंगे। प्रतियोगिता में देश की तरफ से 921 सदस्यीय दल हिस्सा ले रहा है।

निशानेबाजी में भारत ने मनीषा कीर, प्रीति रजक और अंगद वीर सिंह बाजवा को टीम में शामिल किया है, जबकि एथलेटिक्स में अमलान बोरगोहेन, प्रीति और प्राची को टीम में शामिल किया गया है।

जू-जित्सु खेल में अन्वेषा देब, निकिता चौधरी, उमा महेश्वर, कमल सिंह और तरूण यादव शामिल हुए हैं।

जान्हवी चौधरी को एक्वाटिक्स में, सूरज यादव को वुशु में जोड़ा गया है, जबकि मयंक चाफेकर आधुनिक पेंटाथलॉन में एकमात्र एथलीट होंगे।

विशाल रुहिल, केशव, सुचिका तरियाल और ज्योति टोकस कुराश में चार अतिरिक्त खिलाड़ी हैं, जबकि पुरुषों की टीम परस्यूट साइक्लिंग में वेंकप्पा शिवप्पा केंगलगुट्टी, नीरज कुमार, मंजीत कुमार और दिनेश कुमार के रूप में चार और एथलीट होंगे।

### मुकुंद शशि कुमार और लीनी यसीन के बीच मुकाबले से होगा डेविस कप का आगाज

लखनऊ, एजेंसी। भारत के मुकुंद शशि कुमार और मोरक्को के लीनी यसीन के बीच सिंगल्स मुकाबले से शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप-2 मुकाबले का आगाज होगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में शुक्रवार को यहां ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का ऐलान किया गया। पहला सिंगल मैच मुकुंद शशि कुमार और लीनी यसीन के बीच गोमतीनगर के विजयंत खंड मिनी कोर्ट में खेला जायेगा जबकि दूसरे सिंगल मुकाबले में भारत में शीर्ष वरीय सुमित नागल का मुकाबला मोरक्को के मुंडीर एडम से होगा।

भारत के दिग्गज टेनिस प्लेयर रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की जोड़ी बेंचेट्रिट इलियट और ललामी लारोसी यूनिस से भिड़ेगी।

## नसीम और हारिस के विश्वकप खेलने पर संशय



**कोलंबो, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ के पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले एकदिवसीय (वनडे) विश्व कप में टीम का हिस्सा बने रहने पर संशय बना हुआ है। कप्तान बाबर आजम को हालांकि यह उम्मीद है कि भारत में होने वाले विश्वकप से पहले दोनों गेंदबाज स्वस्थ हो जायेंगे। एशिया कप के सुपर फोर मुकाबलों के दौरान रऊफ और नसीम चोटिल हो गये थे। उनके स्थान जमान खान और शाहनवाज दहानी को टीम में शामिल किया गया था। पाकिस्तान गुरुवार को श्रीलंका से हार कर फाइनल में पहुंचने से वंचित रह गया था। दरअसल, सभी टीमों के पास छह सप्ताह के टूनार्मेंट के लिए आईसीसी को अपनी टीम सौंपने के लिए 28 सितंबर तक का समय है और उस तारीख के बाद वे कार्यक्रम आयोजकों की अनुमति से केवल अपने 15-खिलाड़ियों के समूह में बदलाव कर सकते हैं। कप्तान बाबर आजम को उम्मीद है कि नसीम और रऊफ छह अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के विश्व कप के पहले मैच के लिए उपलब्ध होंगे हालांकि इस जोड़ी के उपलब्ध न रहने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं के बारे में वह कुछ जवाब नहीं दे सके। बाबर ने कहा, मैं आपको बाद में बताऊंगा। अभी आपको अपना प्लान बी नहीं बता रहा हूं। लेकिन हां, हारिस रऊफ की सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है। उन्हें बस थोड़ा सा साइड स्ट्रेन हुआ है, लेकिन वह विश्व कप से पहले ठीक हो जायेंगे। नसीम शाह ने कुछ मैच मिस किए हैं, मुझे नहीं पता उनकी रिकवरी कब तक होगी, लेकिन मुझे भरोसा है कि नसीम शाह भी विश्व कप में दिखेंगे। विश्व कप शुरू होने से पहले पाकिस्तान के पास फिलहाल कोई आधिकारिक 50 ओवर का मैच नहीं है। उन्हें न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (03 अक्टूबर) के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलने हैं लेकिन दोनों मैच आधिकारिक वनडे दर्जा नहीं रखते हैं।

## प्रदेश के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा डेविस कप का आयोजन : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। एक बयान के मुताबिक यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितंबर को विजयंत खंड गोमती नगर में टेनिस कोर्ट में संपन्न होंगे।

इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से और मोरक्को से आए हुए खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश के अंदर इस आयोजन के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी और आपके खेलों के माध्यम से देश और प्रदेश के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने और इसके माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप विश्व ग्रुप दो में भारत और मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ कार्यक्रम के अवसर पर कहीं।




इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने ड्रॉ खोलकर मैचों के कार्यक्रम का भी ऐलान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस दिग्गज विजय अमृतराज भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया आदित्यनाथ ने प्रदेश में खेलों के लिए उपलब्ध आधारभूत ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया खेलो के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम रहा हो या फिर फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम, इन सभी ने पूरे देश के अंदर खेल का एक बेहतरीन माहौल दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ही प्रेरणा से पिछले छह वर्ष में इन सभी कार्यक्रमों को प्रदेश में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश के अंदर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतरीन प्रयास प्रारंभ हुए हैं। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाला एक अग्रणी राज्य है।

उन्होंने कहा कि खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाने, हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को खेल सामग्री उपलब्ध करवाने, सभी जनपदों में खेल के स्टेडियम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम पर कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण के कार्यक्रम को भी युद्धस्तर पर आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

## बुमराह को अगर अपना करियर बढ़ाना है तो उन्हें सभी प्रारूपों में नहीं खेलना चाहिए: वास

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रह चुके महान तेज गेंदबाज चामिंडा वास को लगता है कि जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबबाज को अपना करियर बढ़ाने और चोटों से बचने के लिए क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नहीं खेलना चाहिए। वास ने साथ ही कहा कि भारतीय चयनकताओं और टीम प्रबंधन को बुमराह के कार्यभार प्रबंधन को संभालने के लिए काफी सतर्कता से सही प्रारूप का चयन करना चाहिए और इसी के अनुसार रणनीति तय करनी चाहिए। वास ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा, बुमराह जैसे खिलाड़ी का गेंदबाजी करने का एक्शन अलग ही तरह का है और इस तरह की प्रतिभा




वाले गेंदबाज को हमें संभाल कर रखना चाहिए। ऐसे गेंदबाज सभी प्रारूपों में नहीं खेल सकते। हमें उचित प्रारूप देखकर इसके अनुसार ही उनकी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। वास ने बुमराह जैसी अद्वितीय प्रतिभा को सुरक्षित रखने की बात करते हुए कहा कि ऐसी अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन रखने वाले खिलाड़ी का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है। उन्हें लगता है कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली विश्व कप में भारत के लिए धुआंधार बल्लेबाजी करेंगे।वास ने कहा, हम सभी जानते हैं कि विराट विशेष खिलाड़ी है और पिछले दशक से वह जिस तरह की बल्लेबाजी कर रहा है वह असाधारण है। यहां तक कि रोहित भी, मुझे पूरा भरोसा है कि वे भारत के लिए अपना शत प्रतिशत देंगे। सभी प्रशंसक इन दो खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का इंतजार कर रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि वे भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## फीफा ने 2023 के पुरस्कारों के लिए की नामांकित खिलाड़ियों की घोषणा

**जिनेवा, एजेंसी।** फीफा ने 2023 के सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कारों के लिए नामांकित खिलाड़ियों, कोचों की घोषणा की है। सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित सूची में लियोनेल मेसी और एर्लिंग हालैंड शीर्ष पर हैं। मेस्सी ने अर्जेंटीना के साथ विश्व कप जीता, जबकि एर्लिंग हालैंड ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सीजन में महाद्वीपीय तिहरा खिताब दिलाया। किलियन एम्बाप्पे भी इस सूची में शामिल हैं, लेकिन पुर्तगाली सनसनी क्रिस्टियानो रोनाल्डो बाहर हैं। लियोनेल मेस्सी, किलियन म्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड को फीफा सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए



नामांकित किया गया।

फीफा प्रशंसक सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और फीफा प्रशंसक पुरस्कार के लिए छह अक्टूबर तक अपना वोट दे सकेंगे। सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी के लिए 16 खिलाड़ियों की सूची में विश्व चैंपियन स्पेन और उपविजेता इंग्लैंड के चार-चार खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित 12 खिलाड़ियों में से छह प्रीमियर लीग टीम मैनचेस्टर सिटी से हैं।

## एक नजर

### भारत वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचा, पाकिस्तान नंबर एक से खिसका

**दुबई, एजेंसी।** एशिया कप फाइनल में जगह बना चुकी भारतीय टीम आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है जबकि टूनार्मेंट से बाहर हुए पाकिस्तान ने शीर्ष रैंकिंग गंवा दी है।

बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम सुपर फोर मुकाबले में आखिरी गेंद पर श्रीलंका से हार गई। लगातार दो हार के बाद टूनार्मेंट से बाहर होने के साथ ही वह आईसीसी रैंकिंग में दो पायदान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गई।

भारत (116) से दो अंक ऊपर आस्ट्रेलिया अब शीर्ष पर है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला विश्व कप से पहले 22 सितंबर से शुरू होगी। दोनों की टक्कर विश्व कप में आठ अक्टूबर को चेन्नई में होगी। भारत और श्रीलंका रविवार को एशिया कप फाइनल खेलेंगे।

### आईएसएसएफ रियो विश्व कप: सौरभ चौधरी 30वें, सागर डांगी छठे स्थान पर रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले डेढ़ साल में अपना पहला बड़ा टूनार्मेंट खेल रहे सौरभ चौधरी आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के रियो डे जेनेरियो में खेले जा रहे राइफल/पिस्टल विश्व कप में पुरूषों के 10 मीटर एयर पिस्टल में 30वें स्थान पर रहे। कई बार के विश्व कप विजेता सौरभ ने आईएसएसएफ के आयोजन में अपना पिछला मुकाबला 2022 के फरवरी-मार्च में काहिरा में खेला था। वह गुरुवार को रियो में 60 निशाने के क्वालीफिकेशन में 572 अंक के साथ 30वें स्थान पर रहे।

इस स्पर्धा में भारत के सागर डांगी छठे स्थान पर रहे। वह फाइनल में जगह बनाने वाले इकलौते भारतीय खिलाड़ी थे। उन्होंने फाइनल में 157.4 अंक जुटाये। इक्कीस साल का यह खिलाड़ी इससे पहले क्वालीफिकेशन 581 अंक के साथ 62 खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर रहा था। अन्य भारतीयों में श्रवण कुमार ने 576 का स्कोर किया और 15वें स्थान पर रहे। रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे केदारलिंग उचागांवे ने भी 576 का स्कोर किया। इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता।

### एशिया कप फाइनल से पहले तीक्षणा की चोट ने श्रीलंका की परेशानी बढ़ाई

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के स्पिनर महेश तीक्षाना मांसपेशियों में खिंचाव के कारण भारत के खिलाफ एशिया कप फाइनल में खेलना संदिग्ध है। तीक्षणा की चोट की गंभीरता का पता स्कैन के बाद चलेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को श्रीलंका की दो विकेट की जीत के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय तीक्षणा के दायें हैमस्ट्रिंग (पैर की मांसपेशियों) में खिंचाव आ गया। श्रीलंका क्रिकेट ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया, महेश तीक्षाना की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। खिलाड़ी की स्थिति का पूरी तरह से आकलन करने के लिए उसका स्कैन किया जाएगा।

इस मैच में श्रीलंका की गेंदबाजी के दौरान तीक्षणा को कई बार लंगड़ा कर चलते और मैदान के बाहर जाते देखा गया। उन्होंने चोट के बावजूद 42 ओवर के मैच में अपने नौ ओवर के स्पैल को पूरा किया। वह पाकिस्तान की पारी के दौरान 39वें ओवर में टीम के अन्य सदस्यों की मदद से मैदान के बाहर गये। तीक्षाना की चोट ने श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ा दी हैं क्योंकि पहले से ही वानिंदु हसरंगा, दुश्मंथा चमीरा, लाहिरू मदुशंका और लाहिरू कुमारा जैसे अहम खिलाड़ी चोट के कारण टीम से बाहर हैं। श्रीलंकाई टीम रविवार को फाइनल में भारत से भिड़ेगी।

### एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई क्वालिफिकेशन के लिए प्रिया पीवी ने किया टीम का एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल मुख्य कोच प्रिया पीवी ने इंडोनिशया 2024 के एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) अंडर-17 महिला एशियाई क्वालिफिकेशन राउंड-2 के लिए अपनी 23 सदस्यीय टीम का एलान किया।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को कहा कि यह टूनार्मेंट थाईलैंड के बुरिरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इस साल अप्रैल में भारतीय महिला अंडर-17 टीम ने अपने पहले राउंड ग्रुप में शीर्ष पर रहकर और पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के राउंड-2 में जगह पक्की की थी। भारत को ग्रुप ए में कोरिया गणराज्य, आईआर ईरान और मेजबान थाईलैंड के साथ रखा गया है। शीर्ष दो टीमें अप्रैल 2024 में इंडोनेशिया में होने वाले अंतिम टूनार्मेंट में अपनी जगह पक्की करेंगी। भारतीय महिला टीम के 23 खिलाडियों के नाम अनिशा ओरांव, खुशी कुमारी, खंबी चानू सारंगथेम, हीना खातून, विक्षित बारा, थोइबिसाना चानू तोइजाम, अखिला राजन, आर्या अनिलकुमार, सोनिबिया देवी इरोम, ललिता बोयपाई, मेनका देवी लौरेम्बम, जूही सिंह, बबीता कुमारी, शिलजी शाजी, शिवानी टोप्पो, सिबानी देवी नोंगमेइकापम, सिंडी रेमरूअटपुई कोलनी, रेमी थोकचोम, सुलंजना राउल, अंजू चानू कायेनपाइबम, खुशबू काशीराम सरोज, पूजा और प्रिया छेत्री हैं। मुख्य कोच प्रिया पीवी है। एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर राउंड 2 में भारत का पहला मैच 19 सितंबर को कोरिया गणराज्य से भारतीय समयानुसार तीन बजे होगा। इसके बाद दूसरा मैच 21 सितंबर को थाईलैंड से शाम सात बजे और तीसरा मैच 23 सितंबर को आईआर ईरान से अपराह्न तीन बजे होगा। ये तीनों मैच थाइलैंड के बुरिरम स्टेडियम में खेले जाएंगे।

### विश्व कप के शुरूआती मैचों के लिए नसीम की उपलब्धता पर संदेह

**कोलंबो, एजेंसी।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में आगामी विश्व कप के शुरूआती मैचों के लिए तेज गेंदबाज नसीम शाह के समय पर ठीक होने की संभावना पर संदेह जताया है। कप्तान ने हालांकि कहा कि उनके शीर्ष तेज गेंदबाज हारिस रऊफ मांसपेशियों की खिंचाव से अच्छे से उबर रहे है और वह छह अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ टीम के विश्व कप के शुरूआती मैच के लिए फिट हो जाएंगे। एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान यह दोनों तेज गेंदबाज चोटिल हो गये थे। गुरुवार को टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मैदान में उतरी थी तो ये दोनों खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम में बैठे थे। पाकिस्तान कोलंबो में सुपर फोर चरण के इस मैच में श्रीलंका से हारकर टूनार्मेंट से बाहर हो गया। नसीम को दांये कंधे में चोट लगी है और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके रिहैबिलिटेशन को लेकर कोई आधिकारिक समयसीमा जारी नहीं की है जिसके कारण बाबर ने विश्व कप के शुरूआती मैचों में उनकी फिटनेस को लेकर अनिश्चितता व्यक्त की है। बाबर ने श्रीलंका के खिलाफ मैच के बाद कहा, ह्यह्यइस बारे में मैं आपको बाद में बताउंगा। हारिस रऊफ की स्थिति उतनी बुरी नहीं है। उसके मांसपेशियों में खिंचाव है लेकिन वह विश्व कप से पहले इस चोट से उबर जायेगा। उन्होंने कहा, नसीम शाह भी चोट से उबर रहे है।



# सेहत और सौन्दर्य का रक्षक भुट्टा

**भुट्टा जिसे कॉर्न या मकई सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है. कई खतरनाक रोगों से रक्षा तो करता ही है सौन्दर्य को भी बरकरार रखता है. भुट्टा जिसे कॉर्न और मकई भी कहा जाता है, का प्रयोग तरह-तरह के व्यंजन बनाने में किया जाता है. यह ऐसा अनाज है जो स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है. मकई का आटा कोलोन कैंसर के खतरे को कम करता है.**

### दुरुस्त करता पाचन

कॉर्न में फाइबर यानी भरपूर रेशे होते हैं. ये रेशे भोजन को पचाने के लिए जरूरी हैं. यह कब्ज और पेट में होने वाले कैंसर की आशंका को कम करता है.

### प्रचुर मात्रा में खनिज

कॉर्न के दानों में भरपूर मिनरल्स पाये जाते हैं. इसमें आयरन, मैग्नीशियम और कॉपर के अलावा फॉस्फोरस भी पाया जाता है. ये तत्व हड्डियों के लिए जरूरी है. इन तत्वों से हड्डियां मजबूत होती हैं. इसका सेवन किडनी को भी मजबूत करता है.

### त्वचा को बनाता है चमकदार

कॉर्न लंबे समय तक त्वचा को कांतिमय रखने में मददगार होता है. एंटीऑक्सीडेंट्स की प्रचुरता के अलावा इसके तेल में लिनोलिक एसिड होता है.

### एनीमिया से करता है बचाव

मक्के में आयरन होता है. आयरन की कमी से एनीमिया हो जाता है और इसके कारण लाल रक्त कणों की संख्या घट जाती है. मक्के में विटामिन-बी और फोलिक एसिड मौजूद होते हैं जो एनीमिया होने से बचाव करते हैं.

### कंट्रोल करता है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल ऐसा पदार्थ है, जो बढ़ने पर नुकसाद पहुंचाता है. कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार के होते हैं गुड कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) और बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल).
कोलेस्ट्रॉल में फैटी फूड आते हैं जो हमारे दिल को कमजोर बनाते हैं. स्वीट कॉर्न में विटामिन-सी होते हैं जो हमारे दिल को स्वस्थ रखते और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करते हैं. कॉर्न में प्रचुर मात्रा में फाइटोकेमिकल्स होते हैं जो कैंसर होने के कारणों को रोकते हैं. कॉर्न में विटामिन-बी भी होता है जो तंत्रिका तंत्र को स्वस्थ रखने में मददगार हैं. कॉर्न उन डायबिटीज पीड़ितों के लिए जरूरी है, जो इंसुलिन नहीं लेते. कॉर्न उनके डायबिटीज को कंट्रोल करते हैं. मकई में मौजूद कैरोटेनोइड आंखों की ज्योति बढ़ाने के साथ ही विटामिन ए भी उपलब्ध कराता है. मकई के दानों यानी भुट्टों को पकाकर भी खाया जाता है. इससे जहां दांतों की बेहतर एक्सरसाइज होती है, वहीं यह पेट को ठीक करता है.

### सौंदर्य का साथी

कई तरह के कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स बनाने में कॉर्न स्टार्च का प्रयोग किया जाता है. साथ ही, इसका प्रयोग त्वचा की जलन और रैशेस को कम करने के लिए भी किया जाता है. कैंसरकारी पेट्रोलियम उत्पाद जो कि कई तरह के कॉस्मेटिक्स को बनाने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है अब इनके स्थान पर कॉर्न के उत्पाद का प्रयोग किया जाने लगा है.

# सावधान कैल्शियम की कमी खतरनाक



हड्डियों और दांतों के लिए कैल्शियम जरूरी है. इसकी कमी ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन जाता है. सभी जानते हैं कि मजबूत हड्डियों और दांतों के लिए कैल्शियम जरूरी है. कैल्शियम कोलोन (मलाशय) से विषैली चीजों को बाहर निकालने में मदद करने के साथ ही यह हमारी तंत्रिका तंत्र के लिए भी जरूरी है. अगर किसी कारण में शरीर में कैल्शियम की कमी हो जाती है तो यह ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनता है. एक नये अध्ययन के अनुसार, इस आवश्यक मिनरल की कम मात्रा लेने से आपको हाइपर पैराथायराइडिज्म (पीएचपीटी) जो एक तरह की हार्मोनल कंडीशन है, हो सकती है. अगर समय रहते इसका इलाज न किया गया तो आपकी हड्डियों का कैल्शियम सूख सकता है. हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के इस अध्ययन में पाया गया कि जो महिलाएं फल और सप्लीमेंट्स के जरिये ज्यादा कैल्शियम ग्रहण करती हैं उनमें पीएचपीटी, जो पैराथायराइड हार्मोन के अनियंत्रित रिसाव का कारण होता है, होने का खतरा कम हो जाता है. आप अपने भोजन और दूसरी सामग्री में कैल्शियम की मात्रा को थोड़ी सावधानी से बढ़ा सकते हैं

**सॉफ्ट ड्रिंक कम** - अत्यधिक मात्रा में फास्फोरस के कारण सॉफ्ट ड्रिंक्स शरीर के कैल्शियम ग्रहण करने की क्षमता में बाधा डालता है. साथ ही, पिज्जा, चिप्स या दूसरे सॉल्टी फूड्स के साथ सॉफ्ट ड्रिंक के सेवन से भी कैल्शियम अवशोषण में बाधा पहुंचती है क्योंकि इससे बढ़ा हुआ कैल्शियम यूरिन के जरिये नष्ट हो जाता है. साग-सब्जी का सेवन ब्रोकली, सलाद पत्ता, पत्ता गोभी और दूसरी पत्ते दार सब्जियां कैल्शियम का अच्छा स्रोत हैं लेकिन समस्या यह है कि हरी सब्जियों में पाया जाने वाला कैल्शियम डायट्री उत्पाद की तुलना में शरीर में आसानी से अवशोषित नहीं हो पाता क्योंकि इनमें केमिकल लगा होता है. हालांकि यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है कि आप अपनी डाइट में ज्यादा कैल्शियम नॉन डेयरी प्रोडक्ट्स से पाते हैं. इसके लिए आप कैल्शियम से भरपूर कॉम्बीनेशन जैसे पालक या सलाद पत्ता को तिल या बीन्स (जो कैल्शियम का बेहतर स्रोत है) और चीज के साथ ले सकते हैं. विटामिन-डी भी जरूरी हड्डियों की सेहत के लिए विटामिन-डी बेहद जरूरी है और इसका कैल्शियम के साथ सह-क्रियाशीलता का संबंध है.

**धूप-** विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों के दौरान विटामिन-डी की कमी के कारण हम 2 से 4 प्रतिशत बोन डेन्सिटी खो देते हैं. इस बात का विरोध करते हुए कई एक्सपर्ट्स अब इस बात की सलाह देते हैं कि दिनभर में 15 मिनट धूप में बिताने से हमारे शरीर को विटामिन-डी को प्राकृतिक रूप से बनाने में मदद मिलती है.

**कॉफी कम** - कॉफी का अत्यधिक सेवन करने से कैल्शियम उत्सर्जन की दर बढ़ने के कारण हड्डियां कमजोर हो सकती हैं. इसलिए इस खतरे से बचने के लिए दिनभर में केवल दो कप कॉफी पियें. उच्च प्रोटीन से सावधान- जिनकी डाइट में एनीमल प्रोटीन ज्यादा होता है, वास्तव में उनकी हड्डियों से कैल्शियम का क्षरण होने लगता है. ऐसा इसलिए है, क्योंकि प्रोटीन ऐसे तत्वों को तोड़ता है जो एसिडिक होते हैं और हमारे शरीर में मौजूद कैल्शियम उन्हें जमा करता जाता है. अगर आप अत्यधिक रेड मीट और अंडे का सेवन करते हैं तो आपको ज्यादा मात्रा में कैल्शियम लेने की जरूरत है.

# मधुमेह से बचना है तो जी भर कर सोएं

अगर आप भरपूर नींद लेते हैं तो आप में टाइप-2 मधुमेह होने का जोखिम काफी कम हो जाता है. यह एक नये अध्ययन में दावा किया गया है. लास ऐंजिलिस बायोमेडिकल रिसर्च इस्टीट्यूट के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सप्ताहांत में तीन रात की अच्छी नींद काफी हद तक इंसुलिन की सक्रियता बढा देती जिसके न बनने और शरीर पर उसकी प्रतिक्रिया नहीं होने से यह बीमारी होती. प्रमुख अनुसंधानकर्ता डा. पीटर लिउ ने बताया कि हम सभी जानते हैं कि पर्याप्त नींद जरूरी है लेकिन अधिक काम की वजह से समय नहीं निकाल पाते. हमारे अध्ययन में पाया गया कि नींद के घंटे बढा देने से शरीर के इंसुलिन का इस्तेमाल करने की क्षमता बढती है और प्रौढ व्यक्तियों में टाइप-2 मधुमेह का जोखिम कम हो जाता है. इंसुलिन किसी व्यक्ति के रक्त में शर्करा के स्तर को नियमित करने के लिये जिम्मेदार है. टाइप-2 मधुमेह के मरीज का शरीर उससे निकलने वाले इंसुलिन का कारगर ढंग से इस्तेमाल नहीं करता और इंसुलिन के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता. लिउ ने कहा कि अच्छी खबर है कि प्रौढ व्यक्ति जो अधिक काम की वजह से पर्याप्त नहीं सो पाते हैं वे अगर सोने के घंटे बढा दें तो यह जोखिम कम हो सकता है.



# थायराइड से सबसे ज्यादा पीड़ित महिलाएं



थायराइड की बीमारी तेजी से बढ़ रही है. आंकड़ों की बात करें तो सवा चार करोड़ लोग देश में थायराइड की बीमारी से पीड़ित हैं. इनमें 80 प्रतिशत महिलाएं हैं. आश्चर्य की बात है कि 8-10 प्रतिशत मरीजों की पहचान हो सकी है. थायराइड बीमारी तीन प्रकार की होती है. थायराइड ग्रंथि से हार्मोन बनना बंद या कम हो जाय तो इसे हाइपोथायराइडिज्म कहते हैं जबकि थायराइड हार्मोन की मात्रा अधिक बनने लगती है तो उसे हाइपरथायराइडिज्म कहते हैं. जबकि तीसरी बीमारी घेंघा है. हाइपोथायराइडिज्म के मरीजों की संख्या सबसे अधिक होती है.

### क्या है थायराइड?

थायराइड एक इंडोक्राइन ग्रंथि होती है जो गर्दन के निचले हिस्से में एडमस एप्पल के ठीक नीचे होती है. इसका काम थायरोक्सिन हार्मोन बनाकर खून तक पहुंचाना है जिससे शरीर का मेटाबोलिज्म नियंत्रित रहे. शरीर में थायराइड हार्मोन की मात्रा कम हो जाय तो सुस्ती औरअधिक होने पर शारीरिक क्रियाएं तेज हो जाती हैं. थायराइड ग्रंथि का पिटयूटरी ग्रंथि से नियंत्रण होता है जबकि पिटयूटरी ग्रंथि हाइपोथेलमस से नियंत्रित होती है. हाइपोथायराइडिज्म में टीएसएच का स्तर बढ़ जाता है और टी3 व टी4 की मात्रा कम हो जाती है. हाइपरथायराइडिज्म में टीएसएच का स्तर घट और टी3 व टी4 की मात्रा बढ़ जाती है.

### हाइपोथायराइडिज्म

**लक्षण** - हमेशा थकान महसूस होना. बिना कारण वजन बढ़ना. डिप्रेशन या अवसाद होना. हमेशा ठंड लगना. पेट में कब्ज बना रहना. अजीब तरह का दर्द महसूस होना. मासिक स्राव का अधिक होना. एकाग्रता की कमी होना. त्वचा और बाल रुखे हो जाना.

**कारण** - आयोडिन की कमी (एंडेमिक गोवाएटर) हशीमो टो थायरोडायटिस. सर्जरी या रेडियो आयोडिन थैरेपी के बाद. कुछ प्रकार की दवाइयों का सेवन.

### हाइपरथायराइडिज्म

**लक्षण** - घबराहट या चिड़चिड़ा महसूस करना. अनियमित हृदय का धड़कना. गर्मी सहन न होना. हाथ में कंपन होना. अधिक पसीना आना. बिना कारण वजन कम होना. नींद न आना. थायराइड ग्रंथि का बढ़ना (घेंघा). मासिक स्राव का कम होना. प्रजनन शक्ति क्षीण होना.

**कारण** - ग्रेव डिजीज. टॉक्सिक मल्टी नोडल गोवाएटर. टॉक्सिक एडिनोमा. अधिक मात्रा में हार्मोन की गोली का सेवन.

**इलाज** - थायराइड की बीमारियों का इलाज बीमारी के प्रकार पर निर्भर करता है. हाइपोथायराइडिज्म में मरीज का इलाज सप्लीमेंट्री थैरेपी से किया जाता है. इसमें थायराइड के हार्मोन (थायरोक्सिन हार्मोन) बाहर से दिया जाता है. हाइपरथायराइडिज्म का इलाज तीन विधि से किया जाता है. पहली विधि में एंटी थायराइड ड्रग्स दी जाती है. दूसरी विधि में रेडियो एक्टिव आयोडिन से ग्रंथि को नियंत्रित किया जाता है जिसे रेडियो आयोडिन थैरेपी कहते हैं. तीसरी विधि में सर्जरी करके इलाज किया जाता है. वहीं घेंघा का एक मात्र इलाज ऑपरेशन होता है. बचाव थायराइड की बीमारी से बचाव के लिए अभी तक डॉक्टर आयोडिन युक्त नमक के सेवन की सलाह देते हैं जिससे शरीर में आयोडिन की मात्रा संतुलित रहे, थायराइड की बीमारियां न हो.

### थायराइड ग्रंथि का आकार बढ़ने से होता है घेंघा

थायराइड ग्रंथि का आकार बढ़ने को ही घेंघा कहते हैं. इसमें थायराइड ग्रंथि बढ़कर गले के सामने की ओर गांठ के रूप में दिखाई देने लगती है. इसमें दर्द नहीं होता है. घेंघा के बढ़ने से सांस की नली, खाने की नली और आवाज की नस पर दबाव पड़ता है. घेंघा छाती के अंदर भी जा सकता है. घेंघा के बारे में लोगों की सोच होती है कि इससे शरीर पर कोई नुकसान नहीं होता है लेकिन कई बार देखा गया है घेंघा कैंसर में बदल जाता है. मरीज की जान पर बन आती है. थायराइड ग्रंथि में कई प्रकार के कैंसर होते हैं. इनमें पेपीलेरी थायराइड कैंसर, फोलीक्यू लर थायराइड कैंसर, मे ड्यूले री थायराइड कैंसर और अनॉप्लास्टिक थायराइड कैंसर शामिल है.

### घेंघा में थायराइड कैंसर के लक्षण

अचानक कम उम्र में घेंघा का होना. पुराना घेंघा का अचानक से बढ़ना. घेंघा के साथ खाना निगलने में परेशानी होना. घेंघा होने पर सूखी खांसी के साथ खून आना. घेंघा के साथ गले के बगल में गांठ का बनना. घेंघा के साथ आवाज में परिवर्तन या भारी पड़ना.



# अपने बयान को लेकर ट्रोल हुईं सुहाना खान

## ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर बात करना पड़ा भारी, लोगों ने दिला दी सर्जरी और स्किन व्हाइटनिंग की याद

बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान जहां फिल्म जवान से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रहे हैं। वहीं उनकी लाडली सुहाना खान भी जल्द ही इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाली हैं। सुहाना खान जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। अब हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुहाना खान ने ब्यूटी स्टैंडर्ड्स पर खुलकर बात की। बता दें कि सुहाना खान टीरा ब्यूटी और मेबेलिन जैसे कई ब्यूटी ब्रांड्स की एम्बेसडर बन गई हैं।बीते दिनों टीरा ब्यूटी के लॉन्च इवेंट में शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान शामिल हुई थीं। इस इवेंट को अर्जुन कपूर ने होस्ट किया। हाल ही में एक यूजर ने टीरा ब्यूटी के इवेंट का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सुहाना खान के साथ कियारा आडवाणी और करीना कपूर भी स्टेज पर नजर आ रही थीं। इस वीडियो में सुहाना खान अर्जुन कपूर के साथ ब्यूटी स्टैंटर्ड्स को लेकर बात कर रही हैं।



इस वीडियो में सुहाना खान अनरियलिस्टिक ब्यूटी स्टैंडर्ड्स को लेकर कह रही हैं, हमारी जनरेशन का मानना है कि अब ब्यूटी स्टैंडर्ड्स आपकी आत्म अभिव्यक्ति और पर्सनैलिटी से निर्धारित होते हैं। मुझे लगता है कि अब हम खूबसूरती शब्द को अधिक लेयर्स और डेप्थ के साथ परिभाषित कर रहे हैं और साथ ही उन अनरियलिस्टिक ब्यूटी स्टैंडर्ड्स को तोड़ रहे हैं।हालांकि अनरियलिस्टिक ब्यूटी स्टैंडर्ड्स को लेकर दिए अपने बयान को लेकर सुहाना खान को काफी ट्रोल भी किया गया। एक यूजर ने सुहाना खान को ट्रोल करते हुए लिखा, उसने अपनी नाक बदली, स्किन को व्हाइट किया और अब ये आम लोगों को ज्ञान दे रही है। सही में शाहरुख खान की बेटी है। तो वहीं एक दूसरे यूजर ने लिखा, इस लड़की ने अपनी स्किन को व्हाइट किया और मुझे नहीं पता कि आप क्यों दूसरों को शेड कर रही हैं, जब आपकी फेवरेट बेटी भी वही काम कर रही है। असलियत तो यह है कि यह शाहरुख खान की बेटी है इसलिए यहां है।



# एल्विश यादव ने दुबई में खरीदा शानदार घर

बिग बॉस ओटीटी विनर एल्विश यादव शो के बाहर निकलने के बाद से ही चर्चा का विषय बन गए हैं. कभी अपनी गाड़ी के कलेक्शन को लेकर तो कभी घर को लेकर एल्विश यादव चर्चा में ही आ ही जाते हैं. जाने-माने यूट्यूबर एल्विश यादव, जो इस समय अपने करियर के चरम पर हैं, शो में कदम रखने के समय से ही, उनकी प्रामाणिकता और उनके सच्चे स्वभाव ने उन्हें दर्शकों का प्रिय बना दिया. हाल ही एक व्लॉग में, एल्विश को दुबई में घूमते देखा गया था, और उनके पास अपने फैंस के साथ शेयर करने के लिए रोमांचक खबर थी. बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में अपनी विजयी जीत के बाद, एल्विश यादव ने अपने फैंस के साथ एक खुला संबंध बना रखा है और वह नियमित रूप से अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करते हैं. कुछ ही घंटे पहले, यादव ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉग अपलोड किया, जिसमें उनकी हालिया दुबई यात्रा का प्रदर्शन किया गया. व्लॉग में, उन्होंने उस शानदार 2-मंजिला अपार्टमेंट का प्रदर्शन किया जिसमें वह और उनके दोस्त रह रहे हैं, जिसमें एक सोईघर, एक गेस्ट टॉयलट और पहली मंजिल पर एक बालकनी के साथ एक बड़ा हॉल है. चार लिविंग रूम से लिंक है घर दूसरी मंजिल में चार लिविंग रूम हैं।

# हमेशा से अपनी लाइफ में ईमानदार रही हूंः करीना



बॉलीवुड की बेबो करीना कपूर खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म %जाने जान% को लेकर चर्चा में बनी हुई है. वहीं इस महीने की 21 तारीख को करीना कपूर अपना 43वां जन्मदिन भी मनाएंगी.

इस उम्र में भी बेबो अपनी खूरसूरती और ग्लैमरस लुक से लोगों को दीवाना बना देती हैं.

जहां एक तरफ एक्ट्रेसेस अपनी उम्र छुपाने के लिए कई तरह के नुस्के अपनाती हैं, तो वहीं बेबो इस चीज को काफी कॉन्फिडेंटल एक्सेप्ट करती हैं. करीना अक्सर सोशल मीडिया पर अपना %नो मेकअप% लुक शेयर करती रहती हैं.

हाल ही में हैलो इंडिया को दिए एक इंरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वह बड़े गर्व से अपनी उम्र को एक्सेटप्ट करती हैं. उन्होंने यह भी साफ किया है कि वह 22 साल की दिखने की कोशिश नहीं कर रही हैं।करीना कहती हैं मैं हमेशा से अपनी लाइफ में ईमानदार रही हूं. फिर बात चाहे लव लाइफ की हो या मेरी शादी की.करीना आगे कहती हैं कि %मैं अब लाइफ के इस फेज पर हूं जहां मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मेरा साईज जीरो है या नहीं. मेरा किसी से कोई मुकाबला नहीं करती हूं, मैं बस खुद को हर चीज में बेहतर करने की कोशिश में हूं.एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो जाने जान के जरिए करीना अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए तैयार हैं. फिल्म 21 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी. इस दिन करीना कपूर का बर्थडे भी है(



# ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी शाहरुख खान की 'जवान', जाने कब और कहां पर देख सकेंगे फैंस

**मो. हसन रजा**

**नई दिल्लीः** शरहरख खान, विजय सेतुपति और नयनतारा स्टारर फिल्म 'जवान' सिनेमाघरों में 7 सितंबर को रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। फिल्म रिलीज होने से पहले ही अपने एडवांस बुकिंग के कलेक्शन से सभी को चौंका दिया था। अब बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड को ब्रेक कर रही है। कुछ फैंस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज होने का इंतेजार कर रहे है, ताकि वह घर बैठे ही बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की फिल्म देख सके। इसलिए हम आपको ओटीटी पर रिलीज के विषय में कुछ डिटेल्स ले कर आये है, जिसमें 'जवान' को कब और कहां रिलीज किया जायेगा। इसके बारे में बतायंगे।



इंडिया टुडे की रिपोर्ट्स के अनुसार, नेटफ्लिक्स 'जवान' का ओटीटी राइट्स को खरीद सकती है। कई रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि फिल्म के सेटेलाइट्स राइट्स, म्यूजिक राइट्स और डिजिटल राइट्स को भी शामिल किया गया है। इसके साथ ही फिल्म को 50 से 60 दिनों के बाद ओटीटी पर रिलीज कर दिया जायेगा। आपको बता दे कि इसे ओक्टुबर के अंत तक रिलीज किया जा सकता है। शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी, लेकिन वह फिल्म वाईआरएफ प्रोड्कशन में बनी थी। वहीं 'जवान' फिल्म शाहरुख खान के खुद के प्रोडक्शन में बनी है। बता दे कि इससे पहले शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट में बनी डार्लिंग्स, बेताल और बार्ड ऑफ ब्लड जैसी फिल्में पहले ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। जवान फिल्म के ऑनलाइन मीडिया पार्टनर में नेटफ्लिक्स भी शामिल है, जिसका जिक्र भी मूवी के शुरआत में देखने को मिलता है। इसलिए नेटफ्लिक्स पर फिल्म को रिलीज होने की संभावना अधिक है। आपको बता दे कि जवान फिल्म करीब 300 करोड़ की बजट में बानी है। वहीं फिल्म ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म नॉन हॉलिडे पर रिलीज हुई थी, फिर भी फिल्म ने शानदार ओपनिंग ली थी।

# रिलीज होते ही छा गया सपना का नया गाना

ना सिर्फ हरियाणा, बल्कि पूरे देशभर में सपना चौधरी के फैंस मौजूद हैं. देशभर में उनके करोड़ों चाहने वाले हैं, जो उनके हर गाने और डांस वीडियो पर खूब प्यार बरसाते हैं. अपने गानों को लेकर सपना भी हमेशा चर्चा का विषय बनी रहती हैं. उनकी फैन फॉलोइंग इस कदर तगड़ी है कि लोग उनके आने वाले वीडियोज का बेसब्री से इंतजार करते हैं. गुरुवार के दिन सपना चौधरी का एक नया म्यूजिक वीडियो रिलीज हुआ है, जो अब यूट्यूब पर छा चुका है. उनके इस गाने का टाइटल है 'धोलेरा में प्लॉट.' इस गाने में सपना के साथ विशु पुथी नजर आए हैं और उन्होंने ही इस गाने को आवाज दी है. वीडियो में सपना हरियाणवी लुक में नजर आ रही हैं, जिसमें वो खूब जच रही हैं. विशु के साथ उनकी रोमांटिक जोड़ी दिख रही है, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं.हमेशा की तरह सपना चौधरी के इस वीडियो पर भी उनके चाहने वाले खूब प्यार बरसा रहे हैं. रिलीज होने के एक दिन में ही इसे 1.1 मिलियन यानी 11 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं. उसके साथ ही लोग वीडियो को लाइक भी कर रहे हैं और कमेंट करते हुए इस गाने की खूब तारीफ कर रहे हैं।



# दीपिका ने जवान में फ्री में किया काम



आखिरी बार फिल्म जवान में शाहरुख खान के साथ कैमियो भूमिका में नजर आईं दीपिका पादुकोण ने हाल ही में द वीक के साथ एक साक्षात्कार में अपने रिश्ते पर चर्चा की। उन्होंने शाहरुख खान के साथ अपने संबंधों को काम के दायरे से परे तक फैला हुआ बताया और उन्हें एक-दूसरे का भाग्यशाली आकर्षण बताया। दीपिका ने विश्वास और सम्मान की गहरी भावना का हवाला देते हुए अपने रिश्ते की गहराई पर जोर दिया, जो उन्हें एक-दूसरे के प्रति संवेदनशील होने में सक्षम बनाता है। दीपिका ने शाहरुख के साथ अपने समीकरण पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 卐हम एक-दूसरे के लिए लकी चार्म हैं। लेकिन ईमानदारी से कहूं तो, हम किस्मत से परे हैं। हमारे पास एक-दूसरे पर स्वामित्व की भावना है... मैं उन कुछ लोगों में से एक हूं जो वह हैं।卐 के साथ असुरक्षित। वहाँ बहुत अधिक विश्वास और सम्मान है, और मुझे लगता है कि भाग्य शीर्ष पर है। इस साल की शुरुआत में, दीपिका 卐पठान卐 में शाहरुख खान के साथ दिखाई दीं और अब 卐जवान卐 में अपने कैमियो के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं, जो शाहरुख के साथ उनका पांचवां सहयोग है। दीपिका ने 2007 में शाहरुख के साथ 卐ओम शांति ओम卐 से बॉलीवुड में डेब्यू किया और उन्होंने हैप्पी न्यू ईयर卐 और 卐चेन्नई एक्सप्रेस卐 जैसी सफल फिल्मों में भी साथ काम किया है। अपनी फिल्मों की बॉक्स ऑफिस सफलता के बारे में दीपिका ने कहा, मैं कभी भी संख्याओं से आकर्षित नहीं हुई, चाहे वह स्कूल में गणित हो या पठान की संख्याएँ। मैं बस इस बात से खुश था कि सिनेमाघर फिर से जीवंत हो गए थे।



# मलाइका न्यूड मेकअप के साथ दिखी बेहद हॉट

बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया पर बवाल मचाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही लोगों के बीच छा जाता है। अब हालिया फोटोशूट के दौरान की एक्ट्रेस ने कुछ लेटेस्ट तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल मचल गया है। देखें एक्ट्रेस कातिलाना अवतार... मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर आए दिन अपनी हॉटनेस से इंटरनेट पर फैंस के होश उड़ाती रहती हैं।थाई स्लिट आउटफिट पहन मलाइका ने दिखाई सेंशुअस अदाएं, बोल्डनेस से गर्म किया इंटरनेट का पारा हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही वायरल हो गई हैं। इन तस्वीरों में मलाइका का अंदाज देख हर कोई उनकी तारीफ करते नजर आ रहा है।

# रुद्राक्ष पहनने से आपको मिलेंगे ये अद्भुत फायदे



प्राचीन काल से रुद्राक्ष को अपनी दिव्य चिकित्सा शक्तियों के कारण सबसे कीमती मोतियों में से एक माना जाता है। कहा जाता है कि जिन पर भगवान शिव की कृपा होती है उन्हें ही इसे धारण करने का अवसर प्राप्त होता है। रुद्राक्ष शब्द का अर्थ रुद्र (शिव) की आंखें और उनके आंसू (अक्ष) हैं। इस आध्यात्मिक मोतियों की उत्पत्ति की कहानी बताती है कि क्यों इसे स्वयं शिव का आशीर्वाद माना जाता है।

रुद्राक्ष प्राकृतिक रूप से एक सूखा नट है जो रुद्राक्ष के पेड़ पर उगता है। प्रार्थना और ध्यान के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आध्यात्मिक रुद्र माला में आमतौर पर 108 मनके होते हैं। ये विभिन्न स्वरूपों में पाए जा सकते हैं, अर्थात् एक मुखी से लेकर 27 मुखी तक। माना जाता है जो कोई भी इन मोतियों को पहनता है, उसके पास तीनों दिव्य देवताओं यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश का आशीर्वाद होता है।

ऐसा माना जाता है कि शिव हजारों वर्षों तक आंखें बंद करके ध्यान में बैठे रहे। अपनी आंखें खोलने पर, उन्होंने परमानंद के आंसू बहाए जो पृथ्वी पर गिरे और पवित्र रुद्राक्ष बन गए। ये मोती दुनिया को शिव की देन हैं।

## रुद्राक्ष क्या है?

रुद्राक्ष पेड़ को एलियोकार्पस गनीट्रस के नाम से जाना जाता है। यह एक बड़ा सदाबहार पेड़ है जो आमतौर पर उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में बढ़ता है। यह पेड़ मुख्य रूप से हिमालय की तलहटी में गंगा के मैदानों और इंडोनेशिया और पापुआ न्यू गिनी सहित दक्षिण पूर्व एशिया के क्षेत्रों में पाया जाता है।

रुद्राक्ष के बीज को ब्लूबेरी के बीज के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि पूरी तरह से पकने पर बीज का बाहरी छिलका नीला होता है। भगवान शिव को भी अक्सर नीले रंग में चित्रित किया जाता है जो अनंत का प्रतिनिधित्व करता है। भगवान शिव से संबंधित होने के कारण आध्यात्मिक साधकों के बीच इस बीज का बहुत महत्व है। यह उन आंसुओं की अभिव्यक्ति के रूप में पूजनीय है जो भगवान ने एक बार बहाए थे।

## रुद्राक्ष पहनने के फायदे

- रुद्राक्ष शरीर के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है।
- विशेष ऊर्जा का विकिरण करता है जिसका शरीर, मन और आत्मा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
- इसका उपचारात्मक प्रभाव होता है।
- नकारात्मक एनर्जी को कम करता है।
- एकाग्रता में सुधार करता है।
- मानसिक और शारीरिक संतुलन प्रदान करता है।
- आध्यात्मिक विकास को बढ़ाता है।
- मन को शांत करने में मदद करता है।
- चक्रों को संतुलित करता है और संभावित बीमारियों को दूर करता है।
- ध्यान में सहायक होता है।
- शांति और सद्भाव लाता है।
- हानिकारक ग्रहों के प्रभाव को दूर करता है।
- तनाव और ब्लडप्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

## कौन पहन सकता है?

इसे किसी भी लिंग, संस्कृति, जाति, धर्म के लोग पहन सकते हैं। चाहे वह छात्र, बुजुर्ग, पुरुष, महिलाएं या बच्चे हों। चाहे शारीरिक स्थिति कुछ भी हो, इसे जीवन के किसी भी चरण में पहना जा सकता है।

रुद्राक्ष की माला गतिशील ध्रुवता के गुण के कारण चुंबक की तरह कार्य करती है। यह चुंबकीय प्रभाव के कारण बंद/अवरुद्ध धमनियों और नसों जैसे हमारे शरीर सर्किट के हस्?तक्षेपों को साफ करती है और हमारे शरीर में ब्लड फ्लो को सुचारू बनाती है। यह शरीर से किसी भी प्रकार के अपशिष्ट, दर्द और बीमारी को दूर करती है और इसलिए इसका एंटी-एजिंग प्रभाव होता है।

## रुद्राक्ष का वैज्ञानिक महत्व

रुद्राक्ष को रुद्र आकर्षण शब्द से भी लिया जा सकता है, जहां आकर्षण का अर्थ आकर्षित करना है। रुद्राक्ष वह है जो रुद्र या ब्रह्मांडीय कणों को आकर्षित करता है, उन्हें हमारे पूरे शरीर में एक एंटीना की तरह प्रसारित करता है। रुद्राक्ष द्वारा आकर्षित ये ऊर्जाएं नकारात्मकता को दूर करते हुए, हमारे सिस्टम में अतिरिक्त जीवन शक्ति लाती हैं।

अंत में आप कह सकते हैं कि रुद्राक्ष की माला का प्रयोग प्राचीन काल से होता आ रहा है। रुद्राक्ष का इस्तेमाल विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है और इसका मन और शरीर पर शांत प्रभाव पड़ता है। रुद्राक्ष मानसिक धैर्य को मजबूत करता है। यह अच्छा ऊर्जा प्रवाह उत्पन्न करता है और आपके मन और शरीर पर एक नया और आराम देने वाला प्रभाव डालता है।

यदि आप इ रुद्राक्ष माला के लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, तो कृपया अच्छे रिजल्ट के लिए रुद्राक्ष पहनने से पहले किसी एक्सपर्ट से संपर्क करें।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।